आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 165 • नई दिल्ली, शुक्रवार 22 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 एसडीपीओ द्वारा थाने का किया गया निरक्षण ...

# भारत का बड़ा फैसला: कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने कनाडा के नागरिकों के लिए वीजा सेवा निलंबित कर दी है। अगली सूचना तक सेवा निलंबित रहेगी है। भारत वीजा एप्लिकेशन सेंटर कनाडा का कहना है, परिचालन कारणों से, 21 सितंबर 2023 से, भारतीय वीजा सेवाओं को अगली सूचना तक निलंबित किया गया है। कृपया आगे के अपडेट के लिए बीएलएस वेबसाइट देखते रहें। बता दे कि कनाडा में रह रहे छात्रों के लिए भारत ने एडवाइजरी जारी की थी जिसमे हालात को देखकर हम अपने



नागरिकों को सलाह देते हैं कि वे उन इलाकों में जाने से बचें भारत विरोधी गतिविधियां हुई हैं। हमारा हाईकमीशन और कॉन्स्युलेट्स जनरल कैनेडियन अथॉरिटीज के संपर्क में हैं ताकि भारतीयों की सुरक्षा तय की जाए। कनाडा में बिगड़ते हुए सुरक्षा हालात के मद्देनजर वहां मौजूद भारतीय छात्रों को सबसे ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। इंडियन कम्युनिटी और स्टूडेंट्स हाईकमीशन और कॉन्स्युलेट्स की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध तब सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए जब 18 सितंबर को कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी संसद में आरोप लगाया था कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार के एजेंटों और जून में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तान टाइगर फोर्स प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोपों की जाचं सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही हैं।

## भारत के खिलाफ साजिश रच रहा पन्नू, पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई का मिला साथ

**नई दिल्ली**। कनाडा में भारत के खिलाफ साजिश रची जा रही है। इस लेकर खालिस्तानी आतंकी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से मिले हैं। यह बड़ी खबर खुफिया सूत्रों के हवाले से सामने आई है। बता दें कि भारत और कनाडा के बीच बढ़ती तल्खी के बीच खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडाई हिंदुओं को देश छोड़ देने की धमकी दी है। मामले को लेकर कनाडाई हिंदुओं ने जस्टिन ट्रूडो



सरकार को अवगत कराया है। सूत्रों का कहना है कि आईएसआई के कनाडा में मौजूद एजेंट्स ने कनाडा में खालिस्तानी ग्रुप के लोगों के साथ एक गुप्त बैठक की है। यह मीटिंग वैंकूवर कनाडा में हुई है। पांच दिन पहले हुई मीटिंग में एसएफजे प्रमुख पन्नू सहित खालिस्तानी संगठनों के दूसरे चीफ मौजूद थे। आईएसआई के साथ हुई मीटिंग में एंटी-इंडिया प्रोपेगैंडा को ज्यादा से ज्यादा फैलाने को लेकर प्लान तैयार हुआ। कनाडा में आईएसआई प्लान-के के तहत खालिस्तान गतिविधियों को तेज करने के लिए फंडिंग कर रही है। पिछले कुछ माह में कनाडा में रह रहे खालिस्तानियों के चीफ की बड़ी संख्या में फंडिंग हुई है। फंडिंग के जरिये लोगों को प्रदर्शन की जगह ले जाने, पोस्टर, बैनर और भारत के खिलाफ युवाओं को भड़काने का काम हो रहा हैं। वर्तमान में कनाडा में 20 से ज्यादा खालिस्तानी और गैंगस्टर छिपे हैं। इस लेकर एनआईए और देश की दूसरी एजेंसियों ने कई बार कनाडा को जानकारी दी हैं। लेकिन कनाडा की जांच एजेंसी ने कोई जवाब नहीं दिया और न ही जांच में कोई सहयोग किया। कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने धमकी देकर कहा है कि वे देश छोड़ दें। इस पूरे मामले को लेकर कनाडाई हिंदुओं ने ट्रूडो सरकार से चिट्ठी में मांग करते हुए कहा है कि खालिस्तानी आतंकी पन्नू की स्पीच हेट क्राइम के तौर पर दर्ज की जाए। पन्नू पंजाब के खानकोट का रहने वाला है। पन्नू ने पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई की है। तभी से वह कनाडा और अमेरिका में रह रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### त्योहारों पर नहीं मिल रही कन्फर्म टिकट तो न हों परेशान, रेलवे से जल्द आएगी गुड न्यूज

**नई दिल्ली**। दशहरा, दीपावली और छठ पर घर जाने वालों को किसी भी ट्रेन में कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है। पूर्व दिशा की तरफ जाने वाली ट्रेनों में अधिक भीड़ है। इस दिशा लगभग सभी ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची है। इस स्थिति में विशेष ट्रेनें ही



एकमात्र सहारा है। दशहरा के समय दिल्ली से कोलकाता और रांची जाने वाली अधिकांश ट्रेनों में जगह नहीं है। 14 से 19 अक्टूबर तक रांची राजधानी, रांची सुपरफास्ट व झारखंड एक्सप्रेस वातानुकूलित (एसी) श्रेणी में कुछ सीटें बची हुई हैं, लेकिन 20 अक्टूबर के बाद किसी ट्रेन में जगह नहीं है। स्लीपर क्लास में तो 10 अक्टूबर के बाद ही अधिकांश ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची है। दीपावली व छठ के समय यात्रा करने वाले यात्रियों को ज्यादा परेशानी है। पटना जाने वाली किसी भी ट्रेन में 10 नवंबर से 18 नवंबर तक जगह नहीं है। राजधानी हो या मेल एक्सप्रेस सभी में यात्रियों को प्रतीक्षा सूची का टिकट लेना पड़ रहा है। नवंबर के पहले सप्ताह में अगरतला तेजस राजधानी, मगध एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस में एसी श्रेणी में कुछ सीटें खाली हैं, लेकिन उसके बाद इन ट्रेनों में भी कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है। यही हाल मुजफ्फरपुर, भागलपुर सहित बिहार के अन्य शहरों में जाने वाली ट्रेनों का है। दीपावली के दिन भी इस दिशा की ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची है।

### रिंदा और लंडा सहित बीकेआई के 5 कार्यकर्ताओं पर नकद ईनाम घोषित

**चंडीगढ़**। खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर एनआईए ने हरविंदर सिंह संधू उर्फ 'रिंदा और लखबीर सिंह संधू उर्फ 'लंडा' सहित बब्बर खालसा इंटरनैशनल (बीकेआई) के 5 कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को नकद ईनाम देने की घोषणा की। एनआईए ने रिंदा और लंडा पर 10-10 लाख जबकि परमिंद्र सिंह कैरा उर्फ 'पत्तू', सतनाम सिंह उर्फ सतबीर सिंह उर्फ 'सत्ता' और यादविंद्र सिंह उर्फ 'यद्दा' पर 5-5 लाख रुपए के नकद ईनाम की घोषणा की। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) प्रवक्ता ने कहा कि ये 5 आतंकवादी भारत की शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाडऩे और पंजाब में आतंक फैलाने के उद्देश्य से बी.के.आई. की आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित इस वर्ष की शुरूआत में दर्ज एक मामले में वांछित हैं। वांछित आतंकवादियों पर पंजाब में आतंकवादी हार्डवेयर और नशीले पदार्थों की तस्करी से और व्यापारियों व अन्य प्रमुख व्यक्तियों से बड़े पैमाने पर जबरन वसूली के माध्यम से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बी.के.आई के लिए धन जुटाने के अलावा आतंकवादी कृत्यों और गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप है।

### झूठे मुकदमे में फ़साने के मामले में कोर्ट ने तलबी आदेश को किया निरस्त

**वाराणसी**। परिवाद दाखिल कर झूठे मुकदमे में फ़साने पर सत्र न्यायाधीश द्वारा अवर न्यायालय की तलबी आदेश निरस्त की गई, पुनरीक्षण कर्ता की ओर से अधिवक्ता अनुराग सिंह व अधिवक्ता प्रशांत पांडेय द्वारा बहस की गई। प्रकरण के मुताबिक़ ग्राम अमरा खैरा चक थाना रोहनिय निवासिन मालती देवी ने विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वाराणसी में परिवाद मालती बनाम दिना वगैरह इस आशय का दाखिल किया गया था कि उसके पड़ोसी दीना @ शिवपूजन व 9 व्यक्ति मिलकर गुण्डई के बल पर उसकी जमीन को हड़पना चाहते है जिसके कारण पुरानी



रंजिश चली आ रही है ,इसी रंजिश को लेकर 17 जून 2020 को शाम लगभग 6 बजे विपक्षीगण दीना शिवकरन, मोनू, करन, राहुल, शनि ,सुरेश, पप्पू, नरेश व भोला परिवादिनी मालती देवी के घर मे घुस कर उसके साथ व उसके परिवार वालो के साथ मारपीट कारित किये, परिवादिनी द्वारा दाखिल उपरोक्त परिवाद पत्र पर न्यायालय विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रे की अदालतने 17 मई 2022 को विपक्षीगण को विचरण हेतु तलब किया गया। अवर न्यायलय द्वारा पारित तलबी आदेश के विरुद्ध विपक्षी @ शिवपूजन द्वारा सत्र न्यायालय वाराणसी में आपराधिक पुनरीक्षण दाखिल की गई तथा अवर न्यायलय द्वारा पारित तलबी आदेश को निरस्त किये जाने की याचना की गई, पुनरीक्षण कर्ता दीना @ शिवपूजन की ओर से दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अधिवक्ता अनुराग सिंह व अधिवक्ता प्रशांत पांडेय द्वारा पुनरीक्षण कर्ता का पक्ष रखा गया, उक्त पुनरीक्षण पर सुनवाई के उपरांत न्यायधीश अवधेश कुमार द्वितीय ADJ F T C 2 वाराणसी द्वारा यह पाया गया।

# महिला आरक्षण तुरंत लागू करें : खड़गे

## सरकार नियमों से काम करती है; विपक्ष को शासन करना नहीं आया : नड्डा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के विशेष सत्र के चौथे दिन राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पर चर्चा हो रही है। सबसे पहले कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बिल पेश किया। इसके बाद कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने बिल के नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि महिलाओं को वंदन नहीं, समानता चाहिए। इसके बाद भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है। अगर ये बिल आज पास होता है तो 2029 तक 33% महिलाएं सांसद बनकर आ जाएंगी। वहीं, खड़गे ने कबीर का दोहा 'काल करे सो, आज कर' सुनाया और तुरंत आरक्षण लागू करने की मांग की। जेपी नड्डा ने जवाब दिया कि भाजपा का उद्देश्य राजनीतिक फायदा लेने का नहीं है। सरकार नियमों से काम करती है और पक्का काम करने में विश्वास रखती है। इस पर विपक्षी सांसद 'नो-नो' करने लगे तो नड्डा ने कहा कि कि 'नो-नो' करने वालों को शासन करना नहीं आया। अगर शासन करना आता तो पता होता कि नियम-कानून भी कोई चीज है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो सिल्वर स्पून के साथ पैदा होते हैं, उन्हें गरीबों की





परेशानियां नहीं पता होतीं। एक लीडर को लीडर बनना पड़ता है, सिखाए हुए बयान देने से काम नहीं चलता।

**जया बच्चन स्पीकर से बोलीं- आपकी कुर्सी पर दोबारा बैठना चाहूंगी** - सपा की राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने कहा- आखिरी में बोलने का नुकसान ये है कि बोलने को कुछ बचता ही नहीं। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- इतने हिस्सों में बंट गया मैं, मेरे हिस्से में कुछ बचा ही नहीं। इस पर जया बच्चन ने उनकी कुर्सी की तरीफ करते हुए कहा- आपकी कुर्सी झूले की तरह है, मैं इस पर दोबारा बैठना चाहूंगी।

**राजनाथ बोले- सीना चौड़ा कर चीन पर चर्चा के लिए तैयार** - PM मोदी के संबोधन के बाद लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता पर चर्चा हुई। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से सदन को मिशन के बारे में बताया। इसके बाद राजनाथ सिंह बोलने के लिए खड़े हुए। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने राजनाथ से पूछा कि क्या उनमें चीन मुद्दे पर चर्चा करने की हिम्मत है।

### पीएम ने लोकसभा में कहा- इस बिल के लिए सभी हकदार हैं

लोकसभा में सुबह 11 बजे जब कार्यवाही शुरू हुई तो सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोलने के लिए खड़े हुए। उन्होंने कहा कि कल भारत की संसदीय यात्रा का एक स्वर्णिम पल था। उस पल के हकदार इस सदन के सभी सदस्य हैं। सभी दल के सदस्य हैं। सभी दल के नेता भी हैं। सदन हों या सदन के बाहर हों, वे भी उतने ही हकदार हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आज इस बहुत महत्वपूर्ण निर्णय में और देश की मातृशक्ति में एक नई ऊर्जा भरने में कल का निर्णय और आज राज्यसभा के बाद जब हम अंतिम पड़ाव भी पूरा कर लेंगे। यह पवित्र कार्य को करने के लिए आप सबने जो योगदान दिया है, समर्थन दिया है, सार्थक चर्चा की है। सदन के नेता के रूप में मैं आज आप सबका सच्चे दिल से आदरपूर्वक अभिनंदन करता हूं।

# राहुल गांधी ने जाना कुलियों का हालचाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कुलियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने यात्रियों का सामान भी सिर पर उठाया। मिली जानकारी के अनुसार राहुल गांधी आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां उन्होंने कुलियों से मुलाकात की। इस दौरान राहुल गांधी का सामान उठाते हुए वीडियो भी सामने आया है।

कांग्रेस पार्टी ने एक्स पर राहुल गांधी और कुलियों की मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'जननायक राहुल गांधी आज दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुली साथियों से मिले। पिछले दिनों भी एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें रेलवे स्टेशन के कुली साथियों ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। आज राहुल गांधी उनके बीच पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनी। भारत जोड़ो यात्रा जारी है।' गौरतलब है कि कि राहुल गांधी पिछले कुछ समय से लोगों से लगातार मिल रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने हरियाणा में ट्रैक्टर भी चलाया था और किसानों के साथ खेत में धान को रोपनी भी की थी। वह दिल्ली स्थित करोलबाग में मोटरसाइकिल मैकेनिकों के साथ बातचीत करते हुए नजर आए थे, इस मुलाकात की कई तस्वीरें भी कांग्रेस ने शेयर की थीं। मैकेनिकों के साथ हुई बातचीत में राहुल गांधी ने अपनी बाइक का भी जिक्र किया था।

## मुहर्रम जुलूस में हुए बलवा के मामले में सुन्नी समुदाय के पांच आरोपितों को मिली जमानत

**वाराणसी**। जैतपुरा थाने क्षेत्र के दोसीपुरा स्तिथ मुहर्रम पर ताजिया जुलूस को लेकर मारपीट व बलवा करने के मामले में पांच आरोपितों को कोर्ट से राहत मिल गयी। सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने सुन्नी समुदाय के खुर्शीद अहमद, जावेद, आदील, जहांगीर व अनवर आलम को 50-50 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजेश गुप्ता ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार शिया समुदाय दोसीपुरा के अध्यक्ष रिजवान हैदर व अलीउज्जमा ने जैतपुरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि शिया समुदाय दोसीपुरा के लोगों के साथ 29 जुलाई 2023 को बरोज मुहर्रम को इमामबारगाह लाट सरैया से अपना ताजियां व अलम का जुलूस का कार्यक्रम करीब दोपहर 1 बजे समाप्त कर पुलिस प्रशासन के साथ अपने ताजिया को वापस लाकर दोपहर 2 बजे इमामबारगाह बारादरी दोसीपुरा पर रख दिये। ताजिया रखने के करीबन 20 मिनट के बाद, सुन्नी समुदाय के कुछ लोग जबरन व बिना अनुमति के 8 किता ताजिया लेकर व काफी शोर शराबा करते हुए व झगड़ा करने बलवा करने की नीयत से शिया वक्फ संपत्ति दोसीपूरा के उत्तर जानिब की गली में चढ़ आये, और जबरन अपने उपरोक्त 8 किता ताजिया को सुन्नी समुदाय शिया वक्फ संपत्ति की ओर से ले जाने का प्रयास करने लगे, जिस पर शिया समुदाय दोसीपूरा के लोगों ने इसका पुरजोर विरोध किया और उसे समय पुलिस प्रशासन जैतपुरा मय थानाध्यक्ष मथुरा राय मौजूद थे, इसी दरमियान मामले को देखते हुए वादीगण ने अधिकारगढ़ डीपी काशी को व एडीसीपी काशी को और एसीपी चेतगंज को उपरोक्त स्थिति से अवगत कराया, जिस पर उपरोक्त अधिकारीगण मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और शिया समुदाय दोसीपुरा के लोगों से उपरोक्त 8 किता सुन्नी समुदाय ताजिया के रास्ते के संबंध में बातचीत करने लगे हैं जिस पर



शिया समुदाय के लोगों ने कहा कि हमारी वक्फ संपत्ति 9 प्लांट्स के उत्तर जानिब से होते हुए केवल और केवल सुन्नी समुदाय का एक ताजिया गुजरता है जिसको प्रशासन की अनुमति प्राप्त है जिसका मोतव्वली इब्राहिम नाम का व्यक्ति है जो मोहल्ला नयापुरा, थाना जैतपुर का निवासी है। अधिकारीयों ने शिया समुदाय दोसीपूरा कि उपरोक्त बात की तस्दीक के लिए इब्राहिम नामक व्यक्ति को मौके पर बुलाया और पूछताछ प्रारंभ किया जिस पर वह अधिकारी गढ़ से बोला कि मेरे ताजिया के अलावा सुन्नी समुदाय का कोई अनय ताजिया इस रास्ते से नहीं जाता है, इन्हीं बातों के दरमियान जो सुन्नी समुदाय के लोग अपना आठ किता ताजिया लाए थे, छोड़कर भाग गए और इन्हीं अफरा तफरी में उपरोक्त अधिकारी गढ़ के मौके पर होने के बावजूद बिना किसी डर के कानून व लाइन एण्ड आर्डर का पुरजोर उल्लंघन करते हुए सुन्नी समुदाय दोसीपुरा के 36 व्यक्ति व एक अज्ञात जिसका पूर्ण विवरण प्रथम सूचना रिपोर्ट में अंकित है व लगभग 4000 अज्ञात मुल्जिमान शिया वक्फ संपत्ति व 9 प्लांट्स दोसीपूरा पर चढ़ आए और शिया समुदाय दोसीपूरा के लोगों पर व उपरोक्त पुलिस प्रशासन अधिकारी गण पर पत्थर व ईट से खतरनाक तरीके से मारने लगे जिसमें शिया समुदाय दोसीपूरा के लोग बुरी तरीके से चोटिल हो गए।

## ट्रेन से कटकर एक अज्ञात की दर्दनाक हादसे से मौत हो गई

**मानवेंद्र जायसवाल ब्यूरो चीफ**। सैयद राजा चंदौली क्षेत्र नौबतपुर परेवा के पास दर्दनाक हादसा हो गया जिसमें हीरा साहब 45 वर्ष की मृत्यु हो गई घटना आज सुबह की है बिहार राज्य दुर्गावती थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव के निवासी थे पता चला कि परेवा मैं अपने किसी रिश्तेदार के यहां आए हुए थे रात्रि विश्राम के बाद सुबह अपने घर गंगा पूजा रहे थे कि परेवा छौरा हाईवे पर साधन का इंतजार कर रहे थे तभी एक माल वाहक गाड़ी डी एल आई एम ए 5483 ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे कि वह गाड़ी के नीचे गिर गए रागिरो ने शोर मचाया फिर चालक अपना वाहन लेकर बिहार भागने लगा वहीं ग्रामीण की मदद से वहां से पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया वही ग्रामीणों के द्वारा एन एच ए आई एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाते समय ही रास्ते में दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा कर सबको परिजनों को साफ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई

## संविदा कर्मचारी संघ का धरना प्रदर्शन जारी

**सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर**। महाराणा भूपाल चिकित्सालय मुख्यमंत्री निशुल्क दवा वितरण योजना के डीडीसी सहायकों का सार्वजनिक क्षेत्र ठेका संविदा कर्मचारी संघ इंटक के बैनर तले आज चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा तीन दिन तक इन कर्मचारियों द्वारा दो घंटे कार्यबहिस्कार कर सरकार और प्रशासन को चेतावनी दी किंतु सरकार द्वारा और प्रशासन द्वारा कोई उचित कदम न उठाने पर इन कर्मचारियों द्वारा आज से सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार के साथ प्रातः 8से 2 बजे तक इमरजेंसी के सामने धरने पर बैठ कर अपना विरोध प्रारम्भ कर दिया और कर्मचारियों ने चेतावनी दी है सरकार द्वारा उचित कदम न उठाने पर इन कर्मचारियों द्वारा पूर्ण दिवस धरना और भूख हड़ताल जैसे कदम भी उठाए जा सकते है इनकी प्रमुख मांग लैब सहायकों की तरह डीडीसी सहायकों को भी समायोजित किया जाए, 2.राजयसरकार द्वारा जारी न्यूनतम मजदूरी की एरियर राशि और पीएफ ईएसआई में की गई गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच की मांग है



**प्रतियोगिता** कबड्डी प्रतियोगिता में गौराकला और मठना की टीम फाइनल में पहुंची

## वाराणसी की गौरा कला टीम कबड्डी प्रतियोगिता का चैम्पियन शीप का जीता खिताब

**सकलडीहा**। मनिहरा स्थित अवधूत भगवान राम कीर्ति स्थल पर गुरूवार को अन्तर जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान चंदौली सहित वाराणसी, मिर्जापुर की विभिन्न जनपदों की कुल बीस टीम ने प्रतिभाग किया। अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह और ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर कबड्डी प्रतियोगिता का शुरूआत किया। इस मौके पर कई गांव के प्रधान सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे। कबड्डी की उन्नीस टीम को पछाड़कर वाराणसी की गौरा कला टीम 31 अंक पाकर चैम्पियनशीप



का खिताब जीता। मठना की टीम उपविजेता रहा। लम्बे समय से भगवान अवधूत राम कीर्ति स्थल मनिहरा पर सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस पर कबड्डी प्रतियोगता का आयोजन किया जाता है। सुबह से ही कीर्ति स्थल पर उकनीबीरम राय, बछौली, अम्बाचक, रमौली, खड़ेहरा, प्रभुपुर, मड़हौरा, खरियारीपुर, मनिहरा, गौरा कला, रामपुर, मठना, चहनिया, सारनाथ, अहरौरा सहित कुल विभिन्न जनपद बीस टीम क्रमशः कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान खिलाड़ियों ने जमकर अपने खेल कला का प्रदर्शन किया। अंत में गौरा कला और मठना की टीम फाइनल में पहुंची। अंत में वाराणसी के गौराकला और मिर्जापुर की मठना टीम के बीच रोमांचक कबड्डी प्रतियोगिता हुआ। जिसमें गौरा कला की टीम ने 31 अंक बनाकर चैम्पियनशीप का खिताब जीता। वही मठना की टीम 19 अंक पाकर उपविजेता रहा। इस मौके अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह,डीपीआरओ ब्रम्हचारी दूबे,बीडीओ केके सिंह,एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय,बीएन सिंह, सुभाष सिंह, मंटू सिंह, एसके सिंह, अमित सिंह, दीनबंधु राजभर सहित अन्य मौजूद रहे।

दैनिक शुभ भास्कर



नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 सितम्बर 2023
shubhbhaskar@gmail.com



## ख़ास ख़बर

### जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र अररिया के प्रांगण में एक दिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन आज

**अररिया**। जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र अररिया के प्रांगण में दिनांक 22 सितंबर (शुक्रवार) को एक दिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें एल आई सी ऑफ इंडिया के फील्ड जॉब के कार्य हेतु आवेदन लिया जायेगा। इस जॉब कैम्प में एल आई सी ऑफ इंडिया अररिया के प्रतिनिधि के द्वारा नीचे उल्लेखित रिक्तियों पर नियुक्ति होगी। निर्धारित योग्यता रखने वाले बिहार के कोई भी बेरोजगार युवक इस जॉब कैम्प में भाग ले सकते हैं। जॉब कैम्प में भाग लेने वाले उम्मीदवार अपना आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटो, निबंधन फार्म एवं सभी मूल प्रमाण-पत्रों की छाया प्रति अवश्य लायें। नियोजक निजी क्षेत्र के है। अतएव नियोजन की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार है। इस जॉब कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नही देना होगा। परंतु ट्रेनिंग एवं परीक्षा हेतु एल आई सी कुछ शुल्क निधारित कर सकती है। जिला नियोजनालय, अररिया मात्र सुविधा प्रदाता की भूमिका में है एवं इसके लिए किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं है। यह सूचना मो० आकिफ वक्कास, जिला नियोजन पदाधिकारी, अररिया के द्वारा दिया गया ।

### चौसा के कलासन स्थित सरकारी जमीन 146 एकड़ भूमि बियाडा को हस्तांतरित



**मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा**। मंत्रिपरिषद ने चौसा के कलासन स्थित सरकारी जमीन बियाडा को हस्तांतरित करने की स्वीकृति दे दी है। शीघ्र ही यहां कोई बड़ी औद्योगिक इकाई की स्थापना संभव है। इस बाबत 146 एकड़ जमीन की राशि 28 करोड़ 46 लाख 10 हजार बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) उद्योग विभाग बिहार को अंतर विभागीय भूमि हस्तांतरण में भुगतान कर दिया। इस बाबत आलमनगर विधानसभा के विधायक जिले लोकप्रिय पूर्व मंत्री जन सुलभ, आदरणीय नरेंद्र नारायण यादव जी ने बताया कि इसके लिए वे माननीय मुख्यमंत्री एवं बिहार के विश्वकर्मा नीतीश कुमार जी को बधाई देना चाहेंगे जिन्होंने इस काम को अंजाम दिया । श्री यादव ने बताया कि इसमें मेगा फूड पार्क सहित अन्य उद्योग लगाने का हमने आग्रह माननीय मुख्यमंत्री जी से किया ।मुख्यमंत्री जी ने हमें आश्वस्त किया कि वहां उद्योग का जाल बिछाया जाएगा इसलिए हम आलमनगर सहित मधेपुरा जिला की जनता की तरफ से माननीय मुख्यमंत्री जी का एवं मंत्री परिषद का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं साथ हीं मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री एवं मंत्री परिषद सहित नरेंद्र नारायण जी को यहां के आम जनों ने भी बधाई दी है । बधाई देने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष विजेंद्र यादव, सत्यजीत यादव बीवी प्रभाकर, इंटक जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, सहकारिता एवं किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह, राजद के प्रदेश सचिव देवेश कुमार सिंह, डॉ प्रो पूजा भारती,डॉ डीके सिंह ,डॉ एस के संत, डॉ मिथिलेश कुमार ,डॉ ए के मिश्रा, डॉ संतोष कुमार यादव, डॉ बिबेक भारती, बबलू कुमार,विजय जैन अमिताभ कुमार सिंह,पुरुषोत्तम अग्रवाल, मिथिलेश कुमार धक्का, अनुरंजन झा, चितरंजन कुमार सिंह, आदित्य नारायण यादव आदि शामिल हैं।

### कामरेड नागेंद्र झा को श्रद्धांजलि देने कर्णपुर पहुंचे आनंद मोहन



**कर्णपुर से लौट कर डा. रूद्र किंकर**। बिहार के चर्चित कर्मचारी नेता कामरेड नागेंद्र नाथ झा के निधनोपरांत पूर्व सांसद आनंद मोहन संपिण्डन की शाम कर्णपुर जिला सुपौल पहुंचे। बता दें कि चर्चित कर्मचारी नेता व भाकपा माले के वरीय नेता कामरेड नागेंद नाथ झा का निधन इस बीच में जिला मुख्यालय स्थित उनके कनिष्ठ पुत्र सह वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण गोविन्द के सुपौल स्थित निवास पर हो गया था। यहां यह भी बता दें कि कामरेड झा के कनिष्ठ पुत्र प्रवीण गोविन्द फ्रेंड्स ऑफ आनंद इंटेलेक्चुअल काउंसिल के केंद्रीय अध्यक्ष के साथ ही श्री मोहन के खांटी शिष्य माने जाते हैं। बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ पहुंचे श्री मोहन ने कहा कि कामरेड झा मृत्यु पर्यंत गरीबों के हितों के लिए संघर्षशील रहे। वे बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोपगुट के प्रांतीय संघर्ष अध्यक्ष, सिंचाई विभाग कर्मचारी यूनियन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके थे। वे भाकपा माले (लिबरेशन) के वरिष्ठ नेता हुआ करते थे। गहरी शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए श्री मोहन ने कहा कि नागेंद बाबू का निधन अपूरणीय क्षति है। मौके पर बाहुबली आनंद मोहन ने श्री गोविंद के पुत्र क्रमशः ओम गोविंद व आकाश गोविंद को आशीर्वाद भी दिया। इस अवसर पर जैसे ही श्री मोहन के समर्थकों ने शेरे बिहार का नारा लगाना शुरू किया, उन्होंने यह कहते हुए रोक दिया कि यह समय शोक का है। मौके पर बड़ी संख्या में श्री मोहन के समर्थक मौजूद रहे। श्री मोहन तकरीबन एक घण्टे तक श्री गोविंद के आवास पर रुके।

कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने की अध्यक्षता में केंद्रीय पुस्तकालय सभागार बैठक आयोजित

# सभी अपने-अपने दायित्वों का करें निर्वहनः कुलपति



**मधेपुरा**। विश्वविद्यालय का सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित है। सभी अपने-अपने दायित्वों का सम्यक् रूप से निर्वहन करेंगे, तो विश्वविद्यालय का विकास होगा। यह बात कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने कही। वे गुरुवार को केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्षों एवं सभी विभागाध्यक्षों के बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि वे स्वयं नियमित रूप से सभी विभागों एवं महाविद्यालयों का निरिक्षण करेंगे। विश्वविद्यालय के सभी पक्षों के साथ नियमित रूप से सभी विभागों एवं प्रधानाचार्यों संवाद करेंगे। सभी पक्षों की आपसी सहमति से सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। आवश्यकतानुसार राजभवन एवं राज्य सरकार के स्तर से मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का सभी कार्य नियम-परिनियम के अनुरूप हो और प्रशासन में पारदर्शिता रखी जाए। विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, शिक्षक एवं कर्मी समर्पित भाव से कार्य करें। कुलपति ने सभी संकायाध्यक्षों को निदेश दिया कि वे अपने-अपने संकायान्तर्गत आने वाले विभागों में नियमित रूप से निरीक्षण करें और सभी विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों की पूरे समय तक उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और इस हेतु हरसंभव प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी है। इसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। आवश्यकतानुसार अतिथि शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों, विजिटिंग प्रोफेसरों से भी सेवाएं ली जाएंगी। कुलपति ने कहा कि दुख की बात है कि महाविद्यालयों एवं विभागों में योग्य शिक्षक रहने के बावजूद विद्यार्थी कक्षा में नहीं आ रहे हैं। लेकिन निजी कोचिंगों में भीड़ लगी रहती है। सरकार ने सुबह में कोचिंग को बंद कर काफी सराहनीय कार्य किया है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की पढ़ाई-लिखाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। एक भी विद्यार्थी कक्षा में आएं, तो भी कक्षा हो। इससे विद्यार्थियों के बीच एवं समाज में भी सही मैसेज जाएगा। कुलपति ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को कक्षाओं में लाने के लिए प्रेरित करें। उन्हें यह बताएं कि प्रतिभा धन की मोहताज नहीं है। यदि ईमानदारीपूर्वक कठिन परिश्रम किया जाए, तो सफलता मिलनी तय है कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय समाज एवं राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुरूप है। इसके अंतर्गत स्नातक स्तर पर सीबीसीएस कोर्स लागू किया गया है। इसके तहत हमें राजभवन द्वारा दिए गए गाइड लाइन का पालन करना है। राजभवन द्वारा निर्धारित समय सीमा अंतर्गत कक्षा शुरू हो और आंतरिक एवं बाह्य परीक्षा आयोजित किया जाए। कुलपति ने सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और विश्वविद्यालय के हित में समर्पित भाव से कार्य करें। सभी पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि वर्तमान कुलपति के कार्यालय में विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर वित्तीय परामर्शी नरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, डीएसडब्ल्यू प्रो. राजकुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार चौधरी, उपकुलकचिव (अकादमिक) डॉ. दीपक कुमार गुप्ता, उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, उपकुलकचिव (परीक्षा) डॉ. अशोक कुमार सिंह एवं डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव, कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव सहित कई पदाधिकारी, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### नवनियुक्त कुलपति ने किया प्रभार ग्रहण



**मधेपुरा**। पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के कुलपति प्रोफेसर राजनाथ यादव ने गुरुवार को पूर्वाह्न बीएनएमयू के कुलपति का प्रभार ग्रहण किया। तदुपरांत उन्होंने सर्वप्रथम सुप्रसिद्ध समाजवादी नेता महामना भूपेंद्र नारायण मंडल, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व सांसद एवं पूर्व कुलपति डॉ. महावीर प्रसाद यादव एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कुलपति ने कहा कि उन्होंने सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् हरिसिंह गौर द्वारा स्थापित हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश) से शिक्षा ग्रहण किया है और वहीं के शिक्षक भी हैं। उनका सौभाग्य है कि उन्हें सुप्रसिद्ध समाजवादी विचारक एवं जननेता भूपेंद्र नारायण मंडल के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय की सेवा का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि वे समर्पित भाव से विश्विविद्यालय की सेवा करेंगे और इसके सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव प्रयास करेंगे। कुलपति ने कहा कि उन्होंने इसी विश्वविद्यालय से अलग हुए पूर्णिया विश्वविद्यालय में प्रति कुलपति एवं प्रभारी कुलपति के रूप में कार्य किया है और संप्रति कुलपति की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्हें बीएनएमयू की बहुत अधिकांश समस्याओं की जानकारी है। शेष बातों की भी जानकारी प्राप्त की जाएगी। सभी समस्याओं का नियमानुकूल समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) आर. के. पी. रमण, पूर्णिया विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) चंद्रकांत यादव, प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) अनंत गुप्ता, डॉ. डी. एन. यादव, डॉ. रामदयाल पासवान, पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) जगदेव प्रसाद यादव, विद्वत परिषद् सदस्या प्रज्ञा प्रसाद, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, कुलपति के निजी सचिव शंभू नारायण यादव, सहायक (प्रशासन) अमित कुमार, विनय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### फर्जी दवा कंपनी के 04 अन्तरराज्यीय ठग गिरफ्तार





**अररिया/प्रदीप कुमार झा**। अररिया महिला कालेज के पास वादी नीतीश कुमार के पिता देवनारायण प्रसाद परवल नालंदा निवासी ने के आर एस मल्टीप्रो प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्जी दवा कंपनी के खिलाफ अररिया पुलिस को शिकायत की । इस कंपनी ने विभिन्न प्रकार के फर्जी दवा उत्पाद बनाने का आरोप लगाया गया है, और इसके साथ ही नौकरी के नाम पर वादी सहित कई अन्य लोगों से ठगी की जा रही थी। अररिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और कंपनी के कार्यालय पर छापामारी की। इस कार्रवाई के दौरान, 04 लोगों को गिरफ्तार किया गया, और बड़ी मात्रा में फर्जी दवा उत्पाद , लैपटॉप, स्कैनर प्रिंटर फर्जी तरीके से नौकरी देने हेतु 19 फॉर्म चार मोबाइल सील मोहर सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। गिरोह में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कार्रवाई जारी है। इस मामले में अररिया थाना कांड संख्या -939/23, धारा 419/406/420467/468/471/34 भा० द० वि० अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 01अभिषेक कुमार, पिता - दीनानाथ सिंह,02 दीपक कुमार, पिता- रंजित प्रसाद,03 बबलू कुमार, पिता रामप्रवेश प्रसाद,04 रोहित कुमार, पिता राकेश कुमार सभी जिला नालंदा के हैं। इस मामले में जांच जारी है और अधिक अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## प्रो.भीम कुमार बने मधेपुरा कालेज मधेपुरा शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ ईकाई के अध्यक्ष



**मधेपुरा**। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री कॉलेज शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ अंतर्गत मधेपुरा कालेज मधेपुरा की ईकाई का गठन आज दिनांक 20 सितम्बर को किया गया।मधेपुरा कालेज मधेपुरा के परिसर में शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की उपस्थिति में कमिटी गठित की गयी।बैठक की अध्यक्षता कालेज के सहायक प्राचार्य डा. कामेश्वर प्रसाद यादव ने की।बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में महासंघ के बीएन मंडल विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष प्रो.अरविन्द कुमार यादव एवं महासंघ के मधेपुरा जिला सचिव डा. शंकर आर्या मौजूद रहे। बैठक में गठित कमिटी में सर्वसम्मति से मैथिली विभाग के शिक्षक प्रो.भीम कुमार अध्यक्ष पद के लिए चयनित किये गये।जबकि रसायन शास्त्र के शिक्षक डा. विवेकानंद विवेक,गणित विभाग के शिक्षक प्रो.ब्रह्मदेव प्रसाद यादव एवं मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक प्रो. मनोज कुमार उपाध्यक्ष पद के लिए चयनित किये गये।वहीं गणित विभाग के शिक्षक प्रो बिजेन्द्र यादव महासचिव पद के लिए चयनित किये गये।कमिटी में हिन्दी विभाग की शिक्षिका प्रो लीला कुमारी एवं तृतीय वर्गीय कर्मचारी श्री पंकज कुमार को सचिव पद के लिए चयनित किया गया।जबकि श्री शिव शंकर कुमार उर्फ मंटू को कार्यालय सचिव सह मीडिया प्रभारी के लिए चयनित किया गया।वहीं संस्कृत विभाग के शिक्षक डा. श्रीदेव झा को कोषाध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया। गठित कमिटी के लिए सर्वसम्मति से कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया है।कार्यकारिणी समिति के लिए प्रो. अरविन्द कुमार यादव, प्रो. विनय कुमार झा, प्रो. मनोज कुमार झा, डा. कामेश्वर प्रसाद यादव,प्रो. मनोज कुमार,प्रो. विवेका नंद कुमार, प्रो. शंभू शरण यादव, प्रो. भारती कुमारी (इंगलिश), प्रो. भारती कुमारी(ग्रामीण अर्थशास्त्र).प्रो. बिजेन्द्र मेहता, तृतीय वर्गीय कर्मचारी श्री आशीष कुमार,श्री ललित नाथ झा, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी श्री मुरली कुमार एवं श्री राज किशोर यादव चयनित किये गये।

### यूभीके कॉलेज कड़ामा का बिहार सरकार की द्वारा गठित टीम ने किया ऑडिट



**पुरैनी**। गुरुवार को बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा चिन्हित किए गए दो सदस्यीय ऑडिट टीम कड़ामा स्थित उदयनाचार्य विद्याकर कवि महाविद्यालय यानि यूभीके कॉलेज पहुंची। ऑडिट के क्रम में दो सदस्यीय टीम में मौजूद सत्यम सिंह एवं आदित्य कुमार के द्वारा सर्वप्रथम सभी विभागों के कैश बुक का संबंधित बैंक स्टेटमेंट से काफी बारीकी से मिलान किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग, क्रीडा विभाग, सामान्य शाखा, व्यवसायिक कोर्स इत्यादि विभागों के अध्यक्ष से काफी विस्तार पूर्वक आय और व्यय का ब्योरा लिया गया। जिसमें ऑडिट टीम काफी संतुष्ट दिखी। इस कार्य में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा एवं लेखपाल अजय कुमार ठाकुर, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर चंद्रशेखर मिश्रा, कम्युनिटी कॉलेज के निदेशक डॉक्टर सिप्पू कुमार ने सहयोग किया। ऑडिट टीम ने कहा कि जिस प्रकाश सुदूर ग्रामीण देहाती क्षेत्र में यह महाविद्यालय अवस्थित है ऐसे में सभी विभागों के आय और व्यय का ब्योरा महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा काफी बेहतर तरीके से सुसज्जित किया गया था, ऐसे में अंकेक्षण कार्य करते हुए किसी भी प्रकार की दिक्कतदारी नहीं हुई। अंकेक्षण उपरांत टीम ने महाविद्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण किया जिसमें वर्ग कक्ष प्रयोगशाला पुस्तकालय सामान्य विभाग रीडिंग हॉल, स्मार्ट क्लास, शौचालय, अतिथि शाला, बहुउद्देशीय भवन, इंडोर स्टेडियम की स्थिति देख खुशी व्यक्त की।

### पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 प्रतियोगिता हेतु ड्रॉ के माध्यम से विभिन्न खेलों का टाईसीट बनाने की प्रक्रिया आज






PANORAMA GROUP

**पूर्णिया**। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 की शुरुआत 29 सितम्बर से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है।बिहार अंडर 16 आयु वर्ग चयन समिति पूर्व सदस्य व ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने बताया कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 से जुड़े पदाधिकारी गण , विभिन्न खेलों के वरिष्ठ खिलाड़ी गण एवं पनोरमा स्पोर्ट्स के विभिन्न खेलों के विद्यालय प्राचार्य महोदय/महोदया, टीम मैनेजर एवं कप्तान के समक्ष खेलों का ड्रॉ के माध्यम से आमंत्रित क्रिकेट टीम, फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता के टाईसीट भी बनाई जाएगी। उपरोक्त सभी खेलों के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों की बैठक बुलाई गई है।जिसके लिए विभिन्न खेलों का टाईसीट ड्रॉ के माध्यम से बनाने की प्रक्रिया दिनांक :- 22/09/2023 को समय :- संध्या 4:00 बजे स्थान :- पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में होगा इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।हरिओम झा आयोजन समिति सदस्य पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 ने बताया कि रिकार्ड बनाने के लिए पनोरमा ग्रुप के एमडी श्री संजीव मिश्रा "सर" को विद्यालयों एवं क्लब के कप्तानों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा ।पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 2000 से अधिक खिलाड़ी पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 में भाग ले रहे हैं ।29 सितम्बर से प्रारंभ हो रहे पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता विद्यालयों एवं क्लबों जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

रू ब रू | अररिया में महिला राजद के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित

## महिला की पार्टी संगठन में भागीदारी जरूरीः रितु जायसवाल



**अररिया** । बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितू जायसवाल गुरुवार को अररिया पहुंची .यहां उन्होंने राजद जिला कार्यालय में महिला राजद की पदाधिकारी और नेताओं से रू ब रू होकर पार्टी संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की. राजद महिला सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आरसी परवीन उर्फ लवली नवाब ने किया. इस मौके पर सभी नौ प्रखंड से नव मनोनित महिला प्रखंड का बारी बारी से प्रदेश अध्यक्ष से परिचय कराया .मौके पर पार्टी में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विचार विमर्श किया .इस मौके पर मुख्य अतिथि राजद की प्रदेश महिला अध्यक्ष रीतू जायसवाल ने कहा की आधी आबादी महिलाओं की है ऐसे में उनकी भागीदारी राजनीति में जरूरी है उन्होंने अपने संबोधन में कहा की पार्टी संगठन को मजबूती को लेकर बिहार का दौड़ा कर रही है.उन्होंने कहा महिला को सम्मान मिले उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो इस दिशा में राजद काम कर रही है उन्होंने कहा की केंद्र सरकार ने हमेशा महिला के साथ छलावा किया है ,उन्होंने कहा की महिला आरक्षण बिल पास कर केंद्र सरकार ने महिलाओं को लोलीपॉप देने का काम किया है .हालांकि उन्होंने महिला आरक्षण बिल पास होने पर खुशी जाहिर की ,चलो इसी बहाने महिलाओं का कुछ तो भला हो जाएगा लेकिन उन्होंने केंद्र सरकार की नियत पर शक जाहिर किया.रीतू जायसवाल ने कहा अगले वर्ष होने वाले लोक सभा चुनाव में केंद्र की मोदी सरकार की विदाई तय है.इस मौके पर राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव , प्रधान महासचिव मनोज विश्वास,उपाध्यक्ष हाजी सरवर आलम मंचासीन थे।कार्यक्रम को संबोधित करने वाले में महिला प्रकोष्ठ की प्रधान महासचिव सुमित्रा किसकु, फूलो दास ,गुड़िया यादव ,अंजू देवी, पिंकी जयसवाल, सोनी खातून, विमला देवी, राजकुमारी देवी, अजमेरी खातून, संजय देवी,फूल कुमारी देवी ,पूनम देवी फूलकुमारी देवी फूलों दास ,सोनी खातून ,पिंकी जायसवाल ,मंजू देवी ,अजमेरी खातून ,संजय देवी ,राजकुमारी देवी ,विमला देवी शामिल थी वहीं इस अवसर पर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शत्रुघ्न मंडल , ई.आयुष अग्रवाल राजद उपाध्यक्ष जनाब सरवर आलम साहब नगर अध्यक्ष सुशील कुमार विश्वास अररिया प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नसीम नरपतगंज प्रखंड अध्यक्ष धनंजय यादव सिकटी प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव पलासी प्रखंड अध्यक्ष हेमनारायण यादव श्रमिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद ताजुद्दीन, बाबुल इनायत, जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू, रामनारायण विश्वास सहित सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# अल्ट्रासाउंड सेंटर से गलत जांच रिपोर्ट देने पर गुस्साए ग्रामीणों ने का प्रदर्शन





**सिकटी**। सिकटी प्रखंड क्षेत्र के बरदाहा गांधी चौक के पास बुधवार को अल्ट्रासाउंड सेंटर से गलत जांच रिपोर्ट देने पर गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन कर अल्ट्रासाउंड में ताला जड़ दिया। ग्रामीणों ने सीएस को आवेदन देकर अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर व नर्सिंग होम पर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। बता दें कि इशिका अल्ट्रासाउंड को पूर्व में ही अवैध होने पर सील किया गया था। इसके बावजूद विभागीय लापरवाही से उक्त सेंटर फिर से चालू हो गया। जहां मरीजों को गलत जांच रिपोर्ट देकर उसकी जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है, कि जिस सेंटर को सील किया गया है, उसका संचालन कैसे हो रहा है। बरदाहा वार्ड नंबर सात निवासी मो. जमील ने बताया कि रविवार को बरामद गांधी चौक के पास स्थित इशिका अल्ट्रासाउंड सेंटर में मैं अपनी सात वर्षीय पुत्री अलीशा का अल्ट्रासाउंड करवाया। जांच रिपोर्ट में बताया कि उसकी किडनी में पानी और सूजन है। जिससे घबराकर मैं अपने बेटी की जांच पूर्णिया के निजी चिकित्सक करवाया, साथ ही अल्ट्रासाउंड भी करवाया। लेकिन वहां जांच में कुछ नहीं निकला। गलत रिपोर्ट की बात जब मैं मुखिया व ग्रामीणों को बताया तो ग्रामीणों ने बताया कि इसके अल्ट्रासाउंड में पूर्व में भी गलत जांच रिपोर्ट दिया था। जिसके कारण रोगियों को गलत इलाज से जूझना पड़ता है। गलत रिपोर्ट देने के कारण ग्रामीण उग्र हो गये और जमकर हंगामा मचाते हुए अल्ट्रासाउंड रूम में ताला जड़ दिया।

# शांति के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं

**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले के त्रिबेनीगंज अनुमंडल के अनूपलाल यादव महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के अवसर पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर अरुण कुमार( अर्थशास्त्र विभाग )और एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. विद्यानंद यादव द्वारा किया गया।अध्यक्ष ने बताए की शांति के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है।शांति मधुरता एवं भाईचारे की अवस्था है, जिसमें वैर भावना की कोई स्थान नहीं है।शांति के बिना कोई भी कार्य सुचारू रूप से संभव नहीं।मानव को रहने के लिए चाहे उन्नत किस्म का असन हो या वसन हो,परंतु शांति के बिना संपूर्ण जीवन हाहाकार है।एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. विद्यानंद यादव ने बताया कि हमारा समाज सदियों से रंगभेद, जाति, संप्रदाय, भाषा, धर्म, धर्म भेद, क्षेत्र भेद से जकड़े हुए हैं, जिस कारण से परिवार, राज्य, देश और विदेश स्तर पर मतभेद एवं विविधता पैदा होकर वैमनस्यता उत्पन्न होता है, जिस कारण से अशांति



फैलती है। सबों का विकास अवरुद्ध होता है। प्रायः सभी देश के विद्वत जन अथवा संपूर्ण संसार के व्यक्ति सुख और शांति के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। संपूर्ण संसार के सामने कई ऐसे समस्याएं हैं जिसे शांति से ही हल किया जा सकता है।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण प्रो.सुरेंद्र प्रसाद यादव, प्रो.कमला कांत यादव, तृतीय इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. शंभू यादव, द्वितीय इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कुमारी पूनम, राम सुंदर यादव,कम्युनिटी कॉलेज के सोनू स्नेहिल तथा अन्य एवं शिक्षकेतर कर्मचारीगण सुरेंद्र कुमार,भूषण कुमार,गगन कुमार,दिग्दर्शन, दिलीप दिवाकर, मनोज कुमार,ललिता कुमारी तथा अन्य एवं एनएसएस के स्वयंसेवक मनीषा कुमारी,शिल्पी ज्योति, प्रियंका कुमारी, रिया भारद्वाज,प्रिया राज,लवली कुमारी,रितु कुमारी,शुभम कुमार, निकेत कुमार,रोशन राज,आयुष शर्मा,विकास कुमार,निशांत कुमार,इंद्रजीत कुमार,रंजीत सिंह अजय कुमार,आकांक्षा कुमारी, नंदनी गौर,संध्या कुमारी,कोमल सोनी तथा अन्य उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस द्वारा शराबी के साथ मिला तीन बोतल नेपाली शराब, भेजा जेल



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाई बाजार में बुधवार को करजाईन थाना पुलिस ने एक शराब के नशे में बाईक सवार के तलाशी लेने के दौरान 3बोतल नेपाली दिलवाले सोफिया शराब बरामद किया गया। इस बारे में करजाईन थाना अध्यक्ष लाल जी प्रसाद ने बताया कि उत्पादन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत थाने कांड अंकित कर आरोपी चंदन यादव साकिन बौराहा वार्ड-3 निवासी को बाईक तीन बोतल शराब के साथ नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया।जिन्हें गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन, लोगो से कचड़ा उठाव में सहयोग करने का किया अपील



**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।** जिले में बीरपुर अनुमण्डल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर पंचायत के वार्ड नंबर-10 में लोहिया स्वच्छता अभियान फेज टू के तहत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन एसडीओ वीरपुर नीरज कुमार, बीडीओ कुमार मनीष भारद्वाज, स्थानीय मुखिया देवेंद्र दास, जिप सदस्य अर्चना मेहता उर्फ किरण कुशवाहा, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रभाकर, कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश रमण, सरपंच वीरेन पासवान, पंसस जयप्रकाश पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान सभी अतिथियों को पाग, शॉल, माला व बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एसडीओ ने कचड़ा अपशिष्ट प्रबंधन की इकाई के शुभारंभ के साथ ही लोगों से कहा कि अब स्वच्छताकर्मी पंचायत में डोर टू डोर कचरा का उठाव करेंगे। उन्होंने पंचायत के लोगों से अपील की कि घरों से निकलने वाले कचरों को दिए गए कूड़ेदान बाल्टी में ही डाले, ताकि उसे उक्त स्थान पर डंप कर कचरे का सही तरीके से निष्पादन किया जा सके। वहीं बीडीओ ने कहा कि बीमारियों से दूर रहने के लिए स्वच्छता को अपनाना होगा। इसके लिए जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम के उपरांत कचरा संग्रहण के लिए नीला व हरा रंग के कूड़ादान युक्त ठेला को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर उपमुखिया अनिता देवी, पंचायत सचिव अभिशंकर कुमार सिंह, पीआरएस आमोद कुमार, कार्यपालक सहायक रामलखन कुमार, स्वच्छता प्रेरक देवराज दास, सुशील मेहता, रामलखन भारती, बबन कुमार मेहता, देव नारायण मेहता, धीरेंद्र मेहता, बिजेंद्र यादव, भोला सादा, सुधीर सादा, सकलदेव पौद्दार, संजय मेहता, जितेंद्र मंडल, पिंटू शर्मा, अर्जुन दास, बालकृष्ण मेहता, रामदेव मंडल समेत अन्य स्वच्छता ग्राही समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### आजीविका में वृद्धि के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में स्वयंसेवी संस्था हेल्पेज इंडिया के अस्तित्व परियोजना के अंतर्गत आजीविका में वृद्धि के लिए बुजुर्ग संसाधन केंद्र संस्कृत निर्मली के प्रांगण में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सुपौल जिला के बसंतपुर, राघोपुर और प्रतापगंज प्रखंड के 40 बुजुर्ग प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार के द्वारा मुख्य रूप से खेती में कम से कम रसायनिक खाद का उपयोग करके अच्छी उपज, बीज का चयन और मिट्टी की जांच करके ही फसल लगाने के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पारंपरिक कृषि को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की। प्रशिक्षक राजकुमार ने फसल में लगने वाली बीमारी से बचाव के बारे में भी जानकारी प्रदान की एवं फसल में कब कौन सा पौषक तत्व जरूरी है उसके बारे में बताया। इस मौके पर हेल्पेज इंडिया के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक कुमार, हेल्पेज इंडिया के परियोजना पदाधिकारी ज्योतिष कुमार, सीताराम मंडल, दिनेश ठाकुर, रामशरण मेहता, बेचू शर्मा, जगदीश मेहता, विशम्भर लाल दास, सदानंद मंडल, पारस देव आदि उपस्थित थे।

## प्राथमिक विद्यालय चिल्हबा के छात्र को नहर में डूबने से हुई मौत



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के अंदर सुखासन पंचायत के वार्ड नम्बर एक स्थित चिल्हवा गांव के बड़ी नहर की कछेर पर प्राथमिक विद्यालय चिल्हबा के एक छः वर्षीय छात्र रौशन कुमार गुरुवार को नहर में डूब गया। मिली जानकारी अनुसार शिक्षकों की अनदेखी व लापरवाही का कारण नहर में बना बांस के चचरी को पार करते समय प्राथमिक विद्यालय चिल्हवा में पढ रहे दूसरी कक्षा के छात्र छः वर्षीय रौशन कुमार सहित अन्य छात्र हर रोज चचरी पार कर स्कूल पढ़ने जाता है। जहां गुरुवार के दोपहर चचरी पार करते वक्त नहर में गिरकर डूब गया। जहां ग्रामीणों द्वारा बच्चों की तलाश में नहर की पानी में छलांग लगाने के बावजूद भी बच्चा का कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है। बताया जा रहा है कि सुखासन पंचायत के चिल्हबा गांव वार्ड नंबर 1 का अधिकांश भाग नहर से पश्चिम गांव बसा हुआ है जो नहर से पश्चिम के अधिकांश छात्र एवं छात्रा नहर से पूरब विद्यालय में पढ़ने के लिए जाता है। आज भी नहर से पश्चिम निवासी प्रमोद यादव का पुत्र दूसरी कक्षा के छात्र रोशन कुमार अन्य बच्चों के साथ होकर उस स्कूल में पढ़ने के लिए प्रतिदिन जाते थे । ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि नहर का पुल काफी दूर है । इसलिए ग्रामीणों द्वारा नहर में जाने आने के लिए चचरी का व्यवस्था किया है । पुल होकर विद्यालय तक जाने में लगभग दो किलोमीटर की दूरी बच्चों को तय करना पड़ता है। बच्चों की सुविधा देखते हुए एवं ग्रामीण के द्वारा चचरी दी गई है। वहीं परिजन ने बताया की बच्चा एक बजे डूबा है जब बच्चा डूब गया तो शिक्षक तभी मोबाइल से वीडियो बना रहा था इस स्कूल के शिक्षक लापरवाह रहते है विद्यार्थी पर कोई ध्यान नहीं देते हैं।

## शिक्षा विभाग लाख प्रयास क्यों न कर ले लेकिन आंख मिचोनी खेलेंगे स्कूल प्रधान

**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किशनपुर प्रखंड क्षेत्र में ऐसा भी विद्यालय जिसमे स्कूल प्रधान अपने मनमानी से कार्य करते है ऐसा ही मामला उत्क्रमित मध्य विद्यालय नरही का है जिसमे स्कूल के विधि व्यवस्था को देखते हुए स्कूल के सचिव बेलही निवासी रूबी देवी ने जिला कार्यक्रम पोषण पदाधिकारी और अपर मुख्य सचिव बिहार को आवेदन देते हुए बताई है की मैं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलही में सचिव के पद पर कार्यरत हूं। जबसे प्रधानाध्यापिका के रूप में प्रेमलता कुमारी योगदान लिया है तब से विद्यालय का स्थिति दयनीय हो गया है। विद्यार्थी को मेनू के हिसाब से खाना नही दिया जाता है, न ही खाना बनने के बाद किसी भी शिक्षक द्वारा खाना को चखा जाता है। मध्यान भोजन योजना राशि का पेशा लेन - देन में मेरा हस्ताक्षर किसी चेक या एडवांस पर नहीं कराया जाता है। किसी दूसरे स्कूल प्रधान से हमको जानकारी मिली है की सचिव का भी वो फार्मेट पेपर पर हस्ताक्षर अनिवार्य है। इससे हमको साफ प्रतीत होता है की मेरा कहीं न कहीं फर्जी हस्ताक्षर बनाकर रुपया निकासी कर लिया जाता है। जो जांच के बाद सही या गलत का पता चलेगा। मेरे लाख कहने के बाद भी आज तक ना तो शिक्षा समिति ना ही पोषक क्षेत्र के अभिभावक के साथ कभी भी कोई बैठक आयोजित नही किया है।विद्यालय में पठन पाठन का भी व्यवस्था सही नही है। विद्यालय विकास मद में 2022-23 का 75000 हजार रुपया आया था उसमे भी मेरे साथ धोखा देकर हस्ताक्षर करा लिया गया प्रधानाध्यापिका बोली आप अगर हस्ताक्षर कर देते है तो विद्यालय विकास मद में पैसा आएगा। जिससे विद्यालय में आवश्यक चीज की पूर्ति कर लिया जाएगा। जो की मेरे द्वारा बार बार पूछा गया पैसा आया की नही लेकिन जवाब में कुछ नही आया। इससे स्पष्ट होता है की यहां मेरे साथ धोखा धरी हो रहा है।

## जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया झंडातोलन

**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर,राघोपुर, सुपौल।** जीके के छातापुर प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को विभागीय निर्देशानुसार पोषण माह के आलोक में क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा झंडा तोलन किया गया है। साथ ही इस दौरान पोषण माह अंतर्गत पोषक क्षेत्र में जागरूकता का संदेश भी दिया गया। इस बीच क्षेत्र के लक्ष्मीनियां में स्थित वार्ड 11 में केंद्र संख्या 225 पर उप मुखिया बीरेंद्र यादव, केंद्र संख्या 12 पर वार्ड सदस्य विनय झा, केंद्र संख्या 13 पर वार्ड सदस्य गिरानंद पासवान, केंद्र संख्या 223 पर वार्ड सदस्य मो जिब्रान, बरमोत्रा केंद्र संख्या 10 समेत बलुआ एवं



ठूठी समेत अन्य पंचायतों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर जनप्रतिनिधियों के द्वारा झंडा तोलन किया गया। गौरतलब हो कि आइसीडियस निदेशालय के निर्देश पर जिले में 1 सितंबर से शुरु होकर 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। जहां पोषण माह को लेकर जिले समेत सभी बाल विकास परियोजना अंतर्गत सभी केंद्रों पर उत्सवी माहौल है। राष्ट्रीय पोषण माह को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम भी किये जा रहे हैं। मौके पर महिला पर्यवेक्षक जूही कुमारी ने बताया कि 1 सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित होने वाले पोषण माह में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से आयोजित होने वाले विभिन्न गतिविधियों में सही पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान संचालित किया जा रहा है। पोषण माह के अंतर्गत बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं किशोरों व महिलाओं को एनीमिया से बचाने के लिए हरी साग सब्जी, पालक, बथुआ, गाजर, मेथी, चना, सोयाबीन सहित अन्य प्रोटीन युक्त खाद पदार्थ के सेवन की सलाह दी जाती है। मौके पर सेविका नीतू कुमारी, रेणु देवी, सुनीता देवी, आसमां खातून, बबिता झा, खदीजा प्रवीण, प्रीति कुमारी, इंदु देवी, खुश्बू कुमारी, सोनी कुमारी चौहान, सहायिका कविता देवी समेत अन्य सेविका व सहायिका मौजूद थी।

### एसडीपीओ द्वारा थाने का किया गया निरक्षण



**डॉक्टर विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली नगर के एसडीपीओ राजू रंजन कुमार ने शुक्रवार को निर्मली थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अभिलेख एवं कांडो के सबंधित कागजातों की बारीकी पूर्वक जांच कर लंबित कांडो के त्वरित गति से निष्पादन के लिए थानाध्यक्ष पंकज कुमार को निर्देश दिया। साथ ही रूटीन पंजी , ओडी ड्यूटी, गुंडा पंजी सहित केसों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केस के आइओ से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की सभी आईयू फेस्टिवल से पूर्व लंबित केश का निष्पादन करना सुनिश्चित करे। एसडीपीओ ने कहा कि लंबित कांडो का निष्पादन में तेजी लाया जाय। इस कांड में फरार अभियुक्तों को अभिलंब गिरफ्तारी करते हुए जल्द निष्पादन करना सुनिश्चित करें। लंबित कांडों का समय पर निपटारा करने के लिए कहा। कई मामलों में फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी की बात कही। एसडीपीओ ने कहा कि थाना के सभी अभिलेखों को निरीक्षण के उपरांत रख - रखाव से संतोष व्यक्त किया। इसके बाद थाना के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। अपराध पर शिकंजा कसने के लिए सख्त हिदायत थानाध्यक्ष को दिया। उन्होंने नियमित रूप से वाहनों के कागजात जांच करने, हेलमेट के प्रति बाइक चालकों में जागरूकता पैदा करने एवं थाना में फरियाद लेकर आई महिलाओं और वृद्धजनों पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। थाना क्षेत्र में शराब माफिया व शराब हॉकर पर विशेष अभियान चलाकर सधन छापेमारी किया जाय। उन्होंने कहा कि लापरवाह पुलिस पदाधिकारियों को अपनी आदत में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। कहा कि कार्यों के प्रति उदासीनता और लापरवाही बतरने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद थाना परिसर का उन्होंने जायजा लिया। थाना में मौजूद सभी पुलिस पदाधिकारियों से पूछताछ की। मौके पर एसआई वशिष्ठ मुनि राय, मुकेश कुमार, राजीव सहनी, अनिल कुमार, उमेश पासवान प्रीति कुमारी सहित कई पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद थे।

### नल योजना के 16 योजना का नही हुआ एमबी



**डॉक्टर विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड कार्यालय स्थित टीसीपी भवन में पंचायती राज पदाधिकारी कालीचरण प्रसाद की अध्यक्षता में कर्मियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक एवं कार्यपालक सहायक मौजूद थे। इस दौरान नल - जल योजना के तहत 16 योजनाओं का एमबी अभी तक अपलोड नहीं किया गया है। जिसका नोटिस पंचायत सचिव से मांगी गई है। ताकि जेई से स्थल निरक्षण कर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं बैठक में बीपीआरओ ने सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया है की अपने - अपने पंचायतों में निर्माणाधीन स्कूल भवन का कार्य इस माह में पूरा कर ले। इसके अलावे प्रखंड के हरियाही एवं कमलपुर पंचायत में बन रहे डब्लूपीयू के तहत पानी टंकी का निर्माण कार्य 2 अक्तूबर से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करे एवं सभी पंचायतों में डब्लूपीयू के चहरदीवारी कार्य भी पूर्ण का निर्देश दिया गया है।

### एमएसयू कार्यकर्ताओं की हुई अहम बैठक



**डॉक्टर विनीत शेखर /दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली नगर में एचपीएस कालेज परिसर में गुरुवार को एमएसयू की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव प्रियरंजन पांडे एवं राष्ट्रीय सचिव विनीत शेखर उपस्थित हुए। राष्ट्रीय सचिव श्री शेखर ने कहा की एक समय था कि निर्मली उद्योग क्षेत्र में बिहार के दूसरा स्थान पर आता था। यहां पर राइस मिल का बहुत बड़ा फैक्ट्री था। निर्मली के अलावा भी मिथिला में बहुत सारे जूट मिल, चावल मिल, पेपर मिल इत्यादि फैक्ट्री था लेकिन इन निकम्मी सरकारों ने हम मिथिला वासी को मजदूर जॉन में रखने के लिए सभी उद्योग बंद कर दिया। वही डॉक्टर शेखर ने शशि यादव को कोशी प्रभारी का भार सौंपते हुए बोले की मिथिला स्टूडेंट यूनियन एक संगठन नहीं बल्कि एक विचारधारा है। यह सरकार से प्रश्न पूछने का, अपना अधिकार मांगने का हिम्मत देती है। कहा की सरकार हमेशा हमें आपस में जातिवाद, धर्म, क्षेत्र में बांट कर लड़ाने का काम किया है। जिससे हम मिथिलावासी एकजुट होकर अपना अधिकार ना मांग सके। कॉलेज एवं अस्पताल में विधि व्यवस्था बहुत खराब है। इसके लिए सभी जल्द से जल्द आंदोलन करेंगे। कहा कि मरौना की विधि व्यवस्था बहुत ही खराब है। स्कूल तो है लेकिन शिक्षक नहीं है हॉस्पिटल तो है लेकिन डॉक्टर नहीं है। नगर में सफाई के नाम पर सिर्फ मोटा बिल बनाया जाता है। जबकि हर एक जगह कूड़ा कचरा वैसे ही फेंका रहता है। जातिवाद बांटने वाले नेता का जोरदार विरोध होगा। मौके पर सुपौल जिला अध्यक्ष अभिराम, मरौना प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत, संतोष मंडल, राजेश कुमार, मुन्ना बंधु ,जितेंद्र यादव, मोहमद मुन्ना, नीतीश राज, सूरज पांडेय, श्रीचन्द कामत, कन्हैया कुमार, अमन कुमार, उदय भंडारी आदि लोग मौजूद थे।

वृक्षारोपण — नेहरू युवा केंद्र द्वारा विकास दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया

## विकास दिवस पर बच्चो के बीच पढ़ाई सामग्री का वितरण





**डॉक्टर विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड में नेहरू युवा केंद्र द्वारा प्रखंड क्षेत्र में विकास दिवस के अवसर पर जगह-जगह वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इसके अलावे राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच पढ़ाई सामग्री का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजक युवा क्लब के अध्यक्ष सूरज कुमार साह ने कहा कि बच्चों के बीच शिक्षा को लेकर यह एक जागरूकता कार्यक्रम है। जिसमें बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यक्रम सामग्री का वितरण किया गया है। जहाँ बच्चों के चेहरों पर एक अलग चमक दिखाई दी और सभी बच्चों ने हर्षोल्लास से कार्यक्रम में अपना सहभागिता दिया। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए उनके जीवन स्तर में बदलाव को लेकर जागरूक करने और पढ़ाई में कैसे रुचि हो इसके लिए टिप्स भी दिए गए। जिससे अभिभावक और बच्चें शिक्षा और सफाई को लेकर जागरूक हो सके। युवाओं को विकास के मायने समझाए गए साथ ही देश के विकास में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर गोष्ठी में उपस्थित युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वर्तमान में चलाए जा रहे अभियान स्वच्छ भारत अभियान, मेरी माटी मेरा देश एवं अन्य कार्यक्रमों के विषय पर चर्चा कर इन कार्यक्रमों से समाज में आ रहे बदलाव को लेकर जागरूक किया। वहीं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए पी एम विश्वकर्मा योजना के विषय में बताया गया। बताया गया की प्रधानमंत्री द्वारा इस योजना का शुभारंभ पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए किया जा रहा है। मौके पर मनोज कुमार, दिवेश कुमार, प्रदीप कुमार, नीतीश, अमित, सुजीत, इशिका, नैंसी, हर्षित, स्नेह आदि उपस्थित रहें।

## बच्चों को लावारिस हालत में छोड़कर मां देवर के साथ फरार





**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल।** जिले में बिरपूर अनुमण्डल के बसंतपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर पंचायत के समदा वार्ड 12 में वीसी के समीप लावारिश स्थिति में मिली है। जिसे स्थानीय लोगो की सहयोग से बच्चे को लाया गया। और बच्चे की देखभाल किया गया। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगो को मिली तो लोगो का भीड़ जमा हो गया और तरह तरह की चर्चाएं होने लगी। वही स्थानीय रतनपुर थाना पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही रतनपुर थानाध्यक्ष कृष्णा कुमार सिंह दलबल के साथ पहुँचे। इस दौरान बच्चे मिलने की जानकारी चाइल्ड लाइन सुपौल को भी दी गयी। जिसके बाद चाइल्ड लाइन सुपौल की टीम में समदा पहुँचकर बच्चे को रेस्क्यू किया। नवजात बच्चे लड़की है। निर्दयी मां ने 4 महीने के बच्ची को फेंकर प्रेमी देवर संग भाग गयीः मिली जानकारी अनुसार भगवानपुर पंचायत के वार्ड 11 निवासी जागेश्वर सादा उर्फ बोकाय सादा की मंझोले बेटे धीरेंद्र सादा का नवजात बच्ची बेटी थी। धीरेंद्र सादा कर्नाटक में मजदूरी करता है। और उनकी पत्नी सुनीता देवी अपने मायके दीनबंधी पंचायत के कटैया में रहती थी। सुनीता देवी का प्रेम प्रसंग उनके देवर सुभाष सादा के साथ चल रहा था। इसी दौरान सुनीता देवी अपने एक दो वर्षी बेटे को मायके में छोड़कर और एक 4 महीने के नवजात शिशु के लावारिश हालात में वीसी के समीप झाड़ी में छोड़कर प्रेमी देवर संग फरार हो गयी। हालांकि बच्चें की मां की जानकारी लेने रिपोर्टर कटैया पहुची तो देखा गया कि लावारिश हालात में मिली बच्ची के ननिहाल में उनका बड़ा भाई अपने बड़े नाना जी के पास था। और उनकी नाना नही घर मे नही थी। वही दूसरी ओर बच्चे के पैतृक घर मे भी कोई नही मिला। दोनों प्रेमी कहाँ है इसकी जानकारी नही मिल पा रही है। समदा निवासी वीणा देवी ने बताया कि पुतोहु घास अपने निजी जमीन में घास काट रही थी। इस दौरान बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी तो डरे सहमे भागकर घर आई और बोली खेत मे भूत है। भूत होने की पुष्टि के लिए महेंद्र मेहता अन्य कई लोगो साथ होकर वीसी के समीप गया तो देखा बच्चा रो रहा है। और बच्चे का शरीर बरसात के पानी मे भींगा है। उनके शरीर मे चींटी, जोंक आदि जीव लटका हुआ था। जिसे उठाकर घर लाया गया। बच्चे को कपड़े पहनाकर दूध भी पिलाया लगा। वही आलोक राज ने बताया कि यह घटना मानवता को शर्मसार कर रही है। बच्चे को इस हालत में छोड़ने वाले लोगो को घोर पाप लगेगी और भगवान उसे कभी माफ नाहीं करेगी। बाल कल्याण समिति सुपौल के कार्यपालक सहायक संतोष कुमार ने बताया कि बच्चे का मेडिकल जांचोपरांत बाल कल्याण समिति में बच्चे को भेजी जाएगी। संस्थान में शून्य से छः वर्ष तक के बच्चों की देखभाल की जाती है। जिसके बाद अखबारों के विज्ञापन निकली जाएगी। कोई परिजन दावा करेगा तो जांचोपरांत सही परिजनों को बच्चे सौपी जाएगी। अगर 90 दिनों तक दावा नही की जाती है तो इस बच्चा को लिगली स्वतंत्र किया जाएगा जो ऑनलाइन आवेदन किया होगा गोद लेने के लिए तो उनके गोद मे बच्चे दे दी जाएगी।

## ख़ास ख़बर

### तीन मील संचालक को अवैध रूप से बिजली जलाना पड़ा महंगा, विभाग ने लगाया 10.78 लाख जुर्माना

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** गुरुवार को कम खपत वाले औद्योगिक उपभोक्ताओं की जांच हेतु विशेष कार्य बल (एस. टी.एफ.) के नेतृत्व में जांच दल का गठन कर प्रखंड-दिनारा के तीन मील संचालक पर विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते चले कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर ग्राम-पूर्वी भेलारी के मील संचालक संतोष कुमार पर 355526, ग्राम-परसा के इंद्रदेव पाल पर 352076, ग्राम-खैरहीं के शर्म नंद उपाध्याय पर 335832 एवं ग्राम-धरहरा के घरेलू उपभोक्ता भीम सिंह पर 34772 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा पी.वी.सी. तार में कटिंग करके मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। सभी अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच के दौरान मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ ही साथ बकायेदार उपभोक्ता का मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है।

### डालमियानगर में आज लगेगा जॉब कैंप

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय में 22 सितंबर को जॉब कैंप लगेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि संयुक्त श्रम भवन कार्यालय में शिविर लगेगा। इसमें वाकरू इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कोयंबटूर तमिलनाडु के द्वारा फुटवियर के क्षेत्र में ट्रेनिंग मशीन ऑपरेटर के 20 पदों के लिए आवेदकों का चयन किया जाएगा। आवेदक के पास बायोडाटा ,पते का प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड ,पैन कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक योग्यता ,प्रमाण पत्र होनी चाहिए केवल पुरुष आवेदक अप्लाई कर सकते हैं। उम्र सीमा 18 से 40 वर्ष है। शैक्षिक योग्यता आठवीं पास या इससे ज्यादा होनी चाहिए।

### पीएम सम्मान निधि का नहीं आ रहा पैसा तो आधार से जोड़ें मोबाइल

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** पीएम सम्मान निधि के वैसे लाभुक जिनके खाते में राशि नहीं आ रही है,वे अपने आधार से मोबाइल नम्बर सम्बद्ध करा लें।इसके बाद भारतीय डाक घर में अपना खाता खोलवा लें.इसके बाद अपने पंचायत के कृषि समन्वयक से सम्पर्क करें। जिस लाभुक ने केवाईसी नहीं कराया है,वह केवाईसी करा लें।कृषि समन्वयक ओम प्रकाश ने बताया कि पीएम सम्मान निधि के वैसे लाभुक जिनको 2023 में पहली या दूसरी किस्त की राशि नहीं मिली है। उनके सांथ परेशानी यह हो सकती है,कि आधार कार्ड बनवाने के समय दिये गये नम्बर या तो बंद हैं,या वह नम्बर उनके पास नहीं है।.ऐसे में उन लाभुकों को सबसे पहले आधार से अपना मोबाइल नम्बर संबद्ध कराना होगा,तथा लाभुक डाकघर में खाता खोलवा लेगें, तो उनको पीएम सम्मान निधि की राशि प्राप्त करने में सहुलियत होगी।वहीं कई लाभार्थियों ने केवाईसी नहीं कराया है, और उनके मोबाइल नम्बर बंद बता रहा है.,या वह लाभुक गांव से कहीं बाहर रह रहे हैं । उनको सुझाव दिया जा रहा है,कि वे ईकेवाईसी करा लें.।

### पोषण जागरूकता रथ को रवाना किया गया

**दैनिक शुभ भाष्कर संवाददाता, नोखा (रोहतास)।** नोखा प्रखंड मुख्यालय पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आभा कुमारी ने पोषण जागरूकता रथ को हरि झंडी दिखाकर के रवाना किया। सीडीपीओ ने बताया कि प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत में जाकर के लोगों को पोषण की जानकारी दी जाएगी। सही पोषण देश रोशन और खाने में क्या खाएं क्या ना खाएं की जानकारी पोषण रथ के माध्यम से दी जाएगी। इस मौके पर सभी का रुक्मिणी देवी। शारदा देवी, इंदु देवी ,शोभा कुमारी ,पिंकी कुमारी, मंजू कुमारी ,शोभा सहित कई सेविका उपस्थित रही।

### बिहार राज्य में पंचायती राज विभाग द्वारा जारी रैंकिंग में दावथ प्रखंड को मिला दूसरा रैंक

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ`(रोहतास)।** पंचायती राज विभाग द्वारा अगस्त माह में दावथ के बिपिआरो और उनके सह कर्मियों के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर बिभाग द्वारा पूरे बिहार में दावथ प्रखंड को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जिसके बाद प्रखंड कर्मियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है, प्रखंड के बीपीआरो ने बताया की विभाग द्वारा प्रत्येक माह कार्य की समीक्षा की जाती है, अगस्त माह में हुए कार्य दक्षता मूल्यांकन में मुख्य रूप से ग्राम स्वराज पोर्टल में पंद्रहवी वित्त योजना, सोलर लाईट इनस्टलेशन, कुंओ का जिणोधार, पेयजल सुचारु रूप से होना, मुख्यमंत्री ग्रामीण गली नली, क्षेत्र की जाँच, ऑडिट होना, इसमें शामिल है, इसके लिए अगस्त माह में दावथ प्रखंड को सौ प्रतिशत में 67.77अंक मिला जो पूरे सूबे में दूसरा है वहीं कोइलवर प्रखंड को 70.10प्रतिशत प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है।वहीं इस सफलता पर प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष राधा मोहन सिंह के साथ साथ दावथ मुखिया चंदन कुमार, उसरी मुखिया संजय कुमार, इटावा मुखिया नक्कू शर्मा, मुन्ना सिंह, गुड्डू बाबा, रघुनाथ सिंह , ने बधाई पूरे बिपिआरो के कर्मियों को देते हुए कहा है की एक तरफ पूरे सूबे में दावथ अंचल प्रथम स्थान पिछले तीन माह से ला रहा है, वहीं अब बीपीआरो काशीनाथ के नेतृत्व में पंचायती विभाग भी अब दूसरा स्थान लाकर प्रखंड के नाम को पूरे सूबे मान सम्मान बढ़ाया है, ऐसे पदाधिकारी और कर्मी से ही यह सम्भव है।

# पोषण मेला का आयोजन किया गया









**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** बीआरजीएफ भवन में सामेकित बाल विकास विभाग के तत्वाधान में पोषण मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोषण के जागरूकता को ले रथ रवाना किया गया जो प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में घूमघूम कर आगामी 30 सितंबर तक जागरूकता फैलायेगा। वही मेले का उदघाटन एवं रथ को हरी झंडी दिखाकर बीडीओ मो.ज़फ़र इमाम,सीओ अमित कुमार,सीडीपीओ शशि कुमारी,आरओ चन्दन चौधरी,एमओ नैंसी कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारीयों ने पोषण हेतु जागरूकता फैलाने को ले उपस्थित सेविकाओं एवं सहायिकाओं को शपथ दिलाया। उक्त मेले में छोटे छोटे बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक किया गया,गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई,पूर्व सैनिक को सम्मानित किया गया एवं सेविकाओं द्वारा बनाये गये व्यंजन पकवान की गुणवक्ता को परखा गया। इस अवसर पर सेविकाओं को उनके द्वारा बनाये गए स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर बीडीओ ने कहा कि पोषक मेला सरकार के द्वारा चलाया जा रहा महत्वपूर्ण योजना है। इसके अंतर्गत सभी को जागरूक करना है। सीओ ने कहा कि उक्त मेला से सभी को लाभान्वित हो इसी उद्देश्य से जागरुकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।सीडीपीओ ने कहा कि सभी सेविका एवं सहायिका उक्त जागरूकता अभियान को अपने अपने पोषक क्षेत्र में फैलायें किसी Crafts की लापरवाही न बरतें। मौके पर आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका पूनम देवी,गायत्री देवी,कर्मी विकास दुबे,सेविका संघ की जिलाध्यक्ष सुनीता देवी,मांडवी देवी,गुड़िया देवी,रिंकू देवी,शबनम बानो,उर्मिला देवी,कुंती एवं सन्तोषी देवी समेत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका उपस्थित थीं।

## श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** प्रखण्ड के पवनी गांव में समाज सेविका सुभानता देवी की श्रद्धांजलि सभा गुरुवार को आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर फूल माला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। बताते चलें कि मृतिका समाज सेविका थीं और पवनी पैक्स अध्यक्ष कामेश्वर सिंह की सम्बन्धी बताई जाती हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मृत्यु विगत महीने पूर्व सड़क मार्ग से डेहरी जाने के क्रम में आकस्मिक दुर्घटना में हो गई थी। उन्होंने बताया कि उनके श्रद्धांजलि सभा में मृत्यु भोज का बहिष्कार कर समाज को एक नया संदेश दिया गया है। इससे पूर्व भी पैक्स अध्यक्ष के पिता और माता के निधन पर भी मृत्यु भोज का बहिष्कार किया जा चुका है। मौके पर शिक्षक सन्तोष कुमार सिंह,रंगनाथ सिंह,जदयू महासचिव बबन कुशवाहा,जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डा.अमरेन्द्र कुमार,अमित वर्मा,अजय कुमार, पूर्व मुखिया सुनील सिंह,माले नेता कैसर नेहाल,भाजपा नेता सिकन्दर सिंह,रविकांत सिंह, मुन्ना कुमार,संजय सिंह, कपिलदेव सिंह, शिवशंकर सिंह, अशोक सिंह, एचएम रमेश कुमार, भगवान राम, बसंत कुमार,समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दवा से होने वाले नुकसान पर कार्यशाला आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** राष्ट्रीय औषधि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 23 सितंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान दवा से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता संबंधित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करके चिकित्सा शिक्षा के छात्रों एवं आम लोगों को जानकारी दी जा रही है। इस दौरान प्रशिक्षण एवं सेंसटाइजेशन द्वारा दवाओं का क्या-क्या नकारात्मक प्रभाव होता है और कैसे उसके लक्षण होते हैं तथा कैसे इससे बचा जाए, इन सारे बिंदुओं पर विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहा है ।उपरोक्त जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुषमा कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम की समन्वयक सह प्राध्यापक डा.शशिकला की देखरेख में चल रहे आयोजन में मुख्य रूप से विभाग के सहयक प्राध्यापक डॉक्टर मुकेश,सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर वैभव श्रीवास्तव एवं कर्मचारीगण का महत्वपूर्ण योगदान है ।

## फेयर प्राइस डिलर्स एशोसिएशन की हुयी बैठक, एशोसिएशन की बैठक मे लिए गये कई निर्णय



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ(रोहतास)।** प्रखंड फेयर प्राइस डिलर्स एशोसिएशन की बैठक बुधवार को एशोसिएशन के अनुमंडलीय अध्यक्ष अजित कुमार सिंह की उपस्थिती में हुई। बैठक में संघ के अनुमंडल अध्यक्ष की सहमति से सुनिल कुमार सिंह को सचिव पद से हटाते हुए आशीष कुमार पांडेय को सचिव पद हेतु सर्वसम्मति से चयनित किया गया। पीडीएस दूकानदारों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई ।कई दूकानदारों ने बोरा में अनाज कम मिलने की शिकायत की।जिसपर संघ के पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर वजन में सुधार कराने का आश्वासन दिया। विभिन्न मांग को लेकर संघ के आह्वान पर एक अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक अनुमंडल व जिला मुख्यालय में धरना, तथा पटना में विधान सभा के घेराव कार्यक्रम में मजबूती के साथ, अधिक से अधिक लोगों के साथ शामिल होने का निर्णय लिया गया।वहीं संघ द्वारा जनवरी में दिल्ली में होनेवाले आंदोलनात्मक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों के साथ शामिल होने का निर्णय लिया गया।बैठक में सूर्यपुरा प्रखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन गिरी,नगर पंचायत कोआथ के अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी सहित बृजानंद चौधरी,कामेश्वर चौधरी,भगन राम,दुधनाथ सिंह,मो. नूर साजूदीन,अर्जुन सिंह,रामाकांत चौधरी,सुभाष चौधरी,मनोज,चंदन,प्रदीप,संदीप,मुकेश,विजय राम आदि शामिल हुए।अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने किया।

### सिलारी प्रधानध्यापक पर ग्रामीणों ने लगाया अभद्रता और जातीयता करने का आरोप



**अमित दुबे, शिवसागर दैनिक शुभ भास्कर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिल्लारी पंचायत स्थित राजकीय विद्यालय मे प्रधानाध्यापक की मनमानी से विवाद बड़ गया है।छात्र और अभिवाहक के अनुसार जातिगत भेदभाव और पूरी व्यवस्था को चौपट करने का यहां परिपाटी चल पड़ा है।छात्र छात्राओं ने बताया की स्कूल मे शिक्षक की कमी के बीच सामान्य शिक्षक तो बच्चो को समय से पढ़ाते है लेकिन प्रधानाध्यापक पारस नाथ राम मनमाने रवैया अपना कर छात्रों के साथ गाली गलौज करते है।स्थानीय अभिवाहको ने बताया की नबर 2022 से इन्होंने स्कूल के प्रभारी का भार संभाला है तब से अपनी जाति का आधार लेकर अभिवाहको को केस दर्ज कराने की धमकी देते है।बताते चले की बुधवार को एक छात्रा के नामांकन को लेकर उनके परिजन से उलझ गए।अभिवाहक संजय सिंह ग्राम सिलारी ने बताया की अपनी बच्ची का नामकन कराने गए थे।प्रभारी पारस नाथ राम के कहने पर कोर्ट से एफडेविड भी ले गए थे।लेकिन उन्होंने जानबूझ कर उनका शोषण किया और बच्ची का नामकान नही किया।उन्होंने बताया की यहां स्थानीय स्तर पर स्वजातीय पैठ बना कर अन्य जाति के छात्र और अभिवाहक के साथ अभद्रता करते है।वही 12 की छात्राओं ने बताया की स्कूल की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह बर्बाद कर दिया गया है स्कूल मे पढ़ाई होती नही है उपस्थिति के नाम पर स्कूल बुलाकर प्रभारी स्वयं गायब रहते है।मध्यान भोजन की स्थिति भी बदतर है।साथ ही छात्राओं के शौचालय भी बदतर स्थिति मे है।छात्रों ने कहा की इनकी अभद्रता के कारण स्कूल मे खौफ का माहौल है।प्रभारी की अपने गांव में छवि भी खराब है।प्रभारी पारस नाथ राम शिवसागर थाना क्षेत्र के मोहनिया गांव के निवासी है वहां के ग्रामीणों ने कहा की प्रभारी अपना धर्म बदलकर ईसाई धर्म अपनाए हुए है लेकिन अपनी जाति का धौंस दिखा कर देवी देवता को गाली देते रहते है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने कहा की संबंधित प्रभारी पारस नाथ राम के लिए मिले शिकायत की जांच की गई है।सिलारी राजकीय विद्यालय के शिक्षक और छात्र - छात्राओं से पूछताछ मे प्रभारी के विरूद्ध शिकायत मिली है और जो तो आरोप लगाए जा रहे हैं वह सही पाया गया है।उन्होंने बताया की इसको लेकर प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।लेकिन बुधवार को हुए विवाद के बाद उनपर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### गुरुदेव शिवनारायण सिंह का होगा मूर्ति अनावरण 2 को

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** गुरुदेव शिव नारायण सिंह यादव की मूर्ति का अनावरण पूर्व लोकसभा अध्यक्ष माननीय बहन मीरा कुमार के कर कमलों द्वारा दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को संपन्न होगा। गुरुदेव शिव नारायण सिंह यादव की मूर्ति के अनावरण की तैयारी के लिए एक बैठक गुरुदेव शिव नारायण सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुग्रीव प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बीपी मंडल स्मृति संस्थान के परिसर में संपन्न हुई बैठक में अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि मूर्ति अनावरण के 2 अक्टूबर 2023 दिन सोमवार को गाँधी जयंती के अवसर पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष माननिया श्रीमती मीरा कुमार के द्वारा किया जायेगा। इसकी तैयारी के लिए निमंत्रण कार्ड, एवम होर्डिंग लगाने का निर्णय लिया गया जिले के सभी विधायकों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया बैठक में जन अधिकार पार्टी के पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के प्रोग्राम की दूरभाष द्वारा जानकारी प्राप्त हुई ,स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया, बैठक में सर्व श्री कन्हैया प्रसाद सिंह, अध्यक्ष जिला कांग्रेस, श्रीमती सीता यादव,, लाल साहेब सिंह, सत्यनारायण स्वामी, डी डी यादव, अरविंद यादव, जी एम अंसारी, मृत्युंजय सिंह , कामेश्वर सिंह,विद्याधर सिंह, हरिनारायण सिंह, बहादुर सिंह , शिव मुनी सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे



### छात्र छात्राओं को फलेरिया का दवा खिलाया गया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के राम प्यार सिंह उच्च विद्यालय कवई में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फलेरिया का दवा छात्र,छात्राओं को खिलाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा विद्यालय में आकर अध्यनरत वर्ग 9 से 12वीं तक के छात्र छात्राओं को फलेरिया बचने के उपाय बताया गया एवं दवा खिलाया गया। मौके पर शिक्षक प्रेम प्रकाश, प्रवीण कुमार, रवि भूषण मिश्रा, छात्रा शनि ,गरिमा प्रियंका, प्रिया, अंजली उपस्थित थे।

**बैठक** | शिक्षा विभाग अन्तर्गत कार्यरत उर्दू शिक्षक की रिक्ति पद के संबंध में समीक्षा की गई

## अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष द्वारा योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** डीआरडीए सभागार भवन में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं के कार्यान्वयन तथा उन योजनाओं में उनकी भागीदारी से संबंधित विभिन्न विभागों यथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, नगर एवं विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, शस्त्र विभाग, आपूर्त्ति विभाग आदि के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के माननीय अध्यक्ष रेयाजुल हक उर्फ राजू, माननीय उपाध्यक्ष नौशाद अहमद, माननीय सदस्य महताब आलम उर्फ काबुल खान, प्रभारी पदाधिकारी मो० फारूक उज्जमा एवं बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्यों सहित अपर समाहर्त्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, रोहतास, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के साथ-साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे। उक्त बैठक में शिक्षा विभाग अन्तर्गत कार्यरत उर्दू शिक्षक की रिक्ति पद के संबंध में समीक्षा की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी), इन्दिरा आवास योजना, मनरेगा, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, जन वितरण प्रणाली वृद्धजन पेंशन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, हस्तकरघा प्रक्षेत्र, शस्त्र अनुज्ञप्ति, पासपोर्ट, जनसम्पर्क, कब्रिस्तान घेराबंदी तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में अल्पसंख्यकों की भागीदारी पर प्रकाश डाला गया। इसके पूर्व अपराह्न 12 बजे अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास, चलनियाँ सासाराम का निरीक्षण किया गया।

## गम्हरिया में चोरी की घटना से लोग परेशान



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** अकोढी गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया गांव में बीती रात चोरों ने छत के रास्ते से घर में उतरकर लाखों रुपए के गहने और नगदी रुपए की चोरी कर ली। घर के स्वामी फागू साह ने ने बताया कि रात्रि में हम लोग खाना खाकर सो गए थे परंतु बुधवार की सुबह के 4:00 बजे जब हम लोग उठे तो कमरे के बाहर से किसी ने दरवाजा बंद कर दिया था किसी तरह पड़ोस की मदद से जब दरवाजा खुला तो देखा कि घर के अंदर के कमरे का ताला टूटा हुआ है बक्से का ताला टूटा हुआ है सामान बिखरे पड़े हैं यह समझते देर न लगी कि चोरों ने घर में चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि कुछ ही महीने पहले अपनी पुत्री गायत्री कुमारी का शादी सासाराम किए थे पहली बार वह अपने घर गम्हरिया आई थी उसके रखे हुए सभी गहने, तथा पचास हजार नगदी तथा कुछ उसकी मां के गहने भी चोरी हुए हैं कुल मिलाकर 8 से 10 लाख का हमारे घर में चोरी हुई है। चोरी की सूचना पाकर अकोढी गोला थाना अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और चोरी की स्थल की जांच की। बताया जाता है कि चोरों के द्वारा एक चाबी का गुच्छा घर में ही छूट गया था जांच की पहली प्रक्रिया में ही अकोढी गोला थाना अध्यक्ष के पहल पर खोजी कुत्ता को बुलाया गया था। खोजी कुत्ता जैसे ही चाबी के गुच्छे को सुंघा उसके बाद घर के पूर्व दिशा की ओर गम्हरिया गांव में जाने लगा कई बार रुकने के बाद एक घर के समीप घूमने लगा और एक पक्का के मकान में खोजी कुत्ता घुस गया, गहन तलाशी के बाद भी वहां कुछ नहीं मिला परंतु पता चला कि उसे मकान में एक पूर्व से चोर प्रवृत्ति का व्यक्ति रहता है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि शक के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है जल्द ही चोरी के मामले का खुलासा होगा। विदित हो की बीते दिनों भी इसी गांव में कृष्णकांत पांडे के घर में चोरी हुई थी। चोरी की घटना से ग्रामीण डरे एवं सहमे हुए हैं ।





## ख़ास ख़बर

### भगवानपुर अधौरा पथ के दूधरिया मोड़ से तीन शराबि गिरफ्तार भेजे गए जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर अधौरा पथ दूधरिया मोड़ के समीप से तीन शराबियों को किया गया गिरफ्तार भेजा गया जेल। संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद के द्वारा बताया गया, की भगवानपुर पुलिस गस्ती के दौरान भगवानपुर अधौरा पथ के दूधरिया मोड़ पर जब पहुंची तो देखा की तीन शराबी शराब के नशे मे धुत्त है, तीनो शराबियों को गिरफ्त में लेकर भगवानपुर थाना लाया गया। पूछताछ मे पता चला की मनोज कुमार सिंह पिता स्व काशीनाथ सिंह ग्राम ओदार थाना सोनहन, गणेश कुशवाहा पिता रामपति कुशवाहा ग्राम धंकड़ा थाना कुदरा, गुप्तनाथ मौर्य पिता कैलाश मौर्य ग्राम प्रीतमपुर थाना सैयदराजा उत्तर प्रदेश बताया। तीनो शराबी का समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया।

### लाखों रुपए की लागत से बनी धर्मशाला पड़ी विरान किसी का कोई ध्यान नहीं



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर(कैमूर)।** विधान सभा के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत रामगढ़ पंचायत के मुंडेश्वरी मंदिर में सरकार द्वारा बनाया गया धर्मशाला वर्षों से पड़ा है विरान इस ओर किसी का कोई ध्यान नहीं। यह धर्मशाला मुंडेश्वरी मंदिर के नीचे में 59 नंबर पुल के आगे मोकरी बेतरी रोड में है। जो कि मातर मौजा में पड़ता है, यह धर्मशाला लगभग बरसों से बंद पड़ा हुआ हैं, जिस वजह से अगर देखा जाए तो लाखों का नुकसान हो रहा है। धर्मशाला काफी लंबा चौड़ा है, जहां परिसर में घने घास फुस लगे हुए हैं। इसपे सरकार का कोई ध्यान नहीं है कोई सफाई नहीं होने की वजह से विरान सा महसूस होता है। यदि इस पर ध्यान देते हुए सरकार द्वारा चालू कर दिया जाता तो दर्शनार्थियों को तो सुविधा होता ही सरकार को भी लाखों का राजस्व आता।

### 90 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, मोहनियां(कैमूर)।** अनुमंडल के रामगढ़ थाना क्षेत्र के बहपूरा नहर से बीते रात लगभग 90 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है, जिसमें एक धंधेबाज गिरफ्तार हुआ है, वही एक फरार होने में सफल रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रामगढ़ थाना अध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया गया, कि थाना प्रशासन को देर रात गुप्त सूचना मिला की दिलदारनगर से होते हुए एक ऑल्टो कार तथा एक मोटरसाइकिल से शराब लेकर तस्करों द्वारा उपरोक्त मार्ग से जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही रात्रि गस्ती में निकली पुलिस टीम को सूचित किया गया। टीम द्वारा नाकेबंदी की गई, देर रात लगभग 1:15 पर बहपूरा नहर के पास एक कार तथा एक मोटरसाइकिल रामगढ़ की तरफ से आते हुए दिखाई पड़ी, कार चालक ने दूर से ही पुलिस को देखकर अपनी गाड़ी साइड करके गाड़ी छोड़ अंधेरे में भाग निकला। वही मोटरसाइकिल पर मौजूद व्यक्ति भी अपनी मोटरसाइकिल घुमाकर भागने की फिराक में था, लेकिन गश्ती दल में मौजूद सशस्त्र बलों ने घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। वही मोटरसाइकिल पर लदे बोरी की जब तलाशी ली गई तो बोरी में 200 एमएल का ब्लू लाइन देसी शराब का 200 पीस मिला। वही जब कार की तलाशी ली गई तो कार के पीछे की सीट पर 360 पीस ब्लू लाइन का देसी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार मोटरसाइकिल चालक से पूछताछ पर पता चला कि उक्त मोटरसाइकिल चालक संदीप यादव पिता रमेश चंद्र यादव ग्राम- अरंगी, थाना- दिलदारनगर, जिला- गाजीपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। और फरार कार चालक राजू यादव ग्राम-पंडितपुरवा, थाना- दिनारा, जिला- रोहतास का रहने वाला बताया जा रहा है। गिरफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने पूछताछ में बताया कि यह शराब दिलदारनगर से दिनारा लेकर जा रहे थे। पुलिस ने मोटरसाइकिल एवं कार को जप्त कर लिया तथा गिरफ्तार धंधेबाज तथा फरार धंधेबाज पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

जनसंवाद कार्यक्रम को जनता ने कहा पदाधिकारियों का मन संवाद

# जन की नाराजगी पर जिला पदाधिकारी ने कार्यक्रम में बदलाव का दिया भरोसा



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** ज़िला के कुदरा प्रखंड अंतर्गत नेवरास पंचायत के नेवरास गांव स्थित अमृत सरोवर तट पर, पंचायत के मुखिया सह जिला मुखिया संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार उर्फ पिंटू सिंह के नेतृत्व में बुधवार को बिहार सरकार द्वारा संचालित जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी सावन कुमार एवं जिला पुलिस पदाधिकारी ललित मोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान रहे। जिनके कर कमलों से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी कुदरा धर्मेंद्र कुमार के द्वारा किया गया।उपस्थित महानुभावों के स्वागत के उपरांत, सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं के संदर्भ में संबंधित पदाधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी दिया गया। चुकी सरकार के निर्देशों का पालन किया गया। पर सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित, पदाधिकारीयों के समक्ष जिला पदाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं से रूबरू ना होने की स्थिति में, सरकार द्वारा जारी लाभकारी योजनाओं की समस्याओं के निदान की लालसा से पहुंचे, हजारों हजार पंचायत वासियों द्वारा, सरकार द्वारा संचालित जनसंवाद कार्यक्रम को पदाधिकारीयों की मन संवाद कार्यक्रम कहा गया। उपस्थित जनों ने कहा सरकार द्वारा जो भी कार्य योजना पास किया जाता है, आज के समय में हर कोई जानता है, क्योंकि इस डिजिटल युग में किसी भी कार्य योजना को पारित होते ही मीडिया के माध्यम से जनता तक जानकारी मिल जाता है। पर संबंधित पदाधिकारी द्वारा ऐसे लाभकारी योजनाओं को अपनी कमाई का जरिया बना लिया गया है, साथ ही रिश्वतखोरी का भी बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों पर जनता की गाढ़ी कमाई सरकार द्वारा खर्च किया जाना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। जनसंवाद शब्द का तात्पर्य समस्याओं पर पदाधिकारी द्वारा जनता से संवाद होता, इस कार्यक्रम को जन संवाद नहीं कहा जा सकता। पंचायत वासियों ने कहा नहीं सुनी गई जनता की एक भी मन की बात। आयोजित कार्यक्रम से संबंधित विषय पर पंचायत वासियों की नाराजगी संवाददाता के माध्यम से संज्ञान में आने के बाद जिला पदाधिकारी सावन कुमार के द्वारा यह आश्वस्त किया गया है, कि आगे जहां भी कार्यक्रम होगा, उसमें बदलाव किया जाएगा व जनता की मन की आवाज अवश्य सुना जाएगा।

## मादक द्रव्यों को इस्तेमाल करने वाले जगहों पर दल के सदस्यों द्वारा भ्रमण





**शुभ भास्कर, भभुआ कैमुर।** सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा के नेतृत्व में जिला सभागार कैमूर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत संचालित जागृति नशा विमुक्ति सह पुनर्वास केंद्र मोहनिया का सामाजिक अंकेक्षण उपरांत सामाजिक न्याय सभा का आयोजन किया गया। जागृति नशा विमुक्ति पुनर्वास केंद्र का सामाजिक अंकेक्षण श्रीमती अतुल कुमारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा एवं सुनील कुमार गुप्ता, जिला संसाधन सेवी सामाजिक अंकेक्षण कैमूर (भभुआ) के देखरेख में दिनांक 18.09.2023 से 20.09.2023 तक ग्रामीण विकास विभाग सामाजिक अंकेक्षण सोसाइटी पटना बिहार के चार सदस्यीय दल के द्वारा किया गया। सामाजिक अंकेक्षण दल के द्वारा सभी प्रकार की सेवाओं का अंकेक्षण किया गया। केंद्र में भर्ती मरीज़ों से दल के सदस्यों ने बातचीत भी किया। मादक द्रव्यों को इस्तेमाल करने वाले जगहों पर भी दल के सदस्यों द्वारा भ्रमण किया गया। केंद्र पर सभी हेरोइन जैसे मादक द्रव्यों का आदी मरीज़ भर्ती थे। अंकेक्षण से प्राप्त तथ्यों को जिला जस्टिस सेल के समक्ष रखा गया। सामाजिक अंकेक्षण से प्राप्त तथ्यों में जागरूकता पर ज़ोर देने की बात कही गई इस सामाजिक न्याय सभा में जिला स्तरीय पदाधिकारी सदस्य के रूप में, सामाजिक अंकेक्षण दल उपस्थित थे।

## न्यायालय का आदेश, थाना अध्यक्ष को गिरफ्तार कर किया जाए उपस्थित



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** व्यवहार न्यायालय एडीजे प्रथम सह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस संतोष कुमार तिवारी सिविल कोर्ट भभुआं कैमूर की अदालत ने दिनांक 13 सितंबर 2023 के सुनवाई के उपरांत पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय भभुआं कैमूर को यह आदेश देते हुए कहा है, कि मोहनियां थाना अध्यक्ष लल्लन कुमार को दिनांक 26 सितंबर 2023 तक गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थित करें। आपको बताते चलें कि 25 मई सन 2006 को मोहनियां बड़ी बाजार में, मोहनियां थाना प्रशासन द्वारा अभियुक्त कलामुद्दीन पिता निजामुद्दीन के किराना दुकान पर छापामारी के दौरान 10 ग्राम हीरोइन बरामद हुआ था, जिसका जप्ती सूची बना था। मोहनियां थाना कांड संख्या 92 / 2006 था। जिस मामले मे एफ सी एल रिपोर्ट जांच कर विधि विज्ञान प्रयोगशाला पटना से मोहनियां थाना आया था। जिस मामले में भभुआं एडीजे प्रथम सह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस संतोष कुमार तिवारी की अदालत में, इस मामले की सुनवाई चल रही है। थानाध्यक्ष के द्वारा एफ सी एल रिपोर्ट हीरोइन का न्यायालय में दाखिल नहीं किया गया। बार-बार न्यायालय के द्वारा मोहनियां थाना अध्यक्ष से मांग की गई लेकिन न्यायालय में रिपोर्ट सबमिट नहीं किया गया। जिससे ट्रायल प्रभावित होते देख बार-बार मोहनियां थाना अध्यक्ष लल्लन कुमार को न्यायालय से पत्र भेजा गया। पर थाना अध्यक्ष के द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। जिस मामले में थाना अध्यक्ष के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अजमांतिय नोटिस निर्गत करते हुए, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय कैमूर को दिनांक 26 सितंबर 2023 तक गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थित करने का आदेश जारी किया गया है।

## समाज में व्याप्त जादू के प्रति अंधविश्वास और कुरीतियों को हटाने के लिए जादूगर शंकर सम्राट का शुरू होगा जादूई खेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर।** भभुआं दुर्गा टॉकीज में अंतरराष्ट्रीय जादूगर शंकर सम्राट का शुरू होगा जादूई खेल, जादुई खेल का शुभ उद्घाटन नगर सभापति विकास तिवारी उर्फ बबलू तिवारी के द्वारा आज शुक्रवार शाम 7:00 बजे किया जाएगा। उसके अगले एक महीने तक यह कला चलेगी। जानकारी देते हुए पत्रकार सम्मेलन में जादूगर शंकर सम्राट ने बताया कि समाज में आज भी जादू के प्रति अंधविश्वास व्याप्त है जादू के माध्यम से तरह-तरह के कलाओं को प्रदर्शित कर आंधविश्वास को समाज से दूर करना ही मुख्य उद्देश्य है उन्होंने बताया कि जादू एक कला है जो 90% विज्ञान और 10% सम्मोहन पर आधारित खेल है उन्होंने बताया कि जादू भारत में धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है यह कला भारत देश में 64 कलाओं में सर्वश्रेष्ठ कला है जो विदेशों में फल फूल रहा है इस कला को आज बढ़ाने की जरूरत है जादूगर सम्राट ने बताया कि पुराने जो जादूगर थे उन्होंने जादू को समाज में गलत धारणा बनाकर रखे हैं तंत्र-मंत्र की घटना दैविक घटना समाज में अंधविश्वास बनाकर रखे हुए हैं इस चीज को हटाने के लिए हम लोगों ने नई थीम के साथ जादू दिखलाया जाएगा। जादूगर सम्राट ने बताया कि जादू एक कला है और जब हम लोग इसकी गहराई में गए तो पता चला कि यह तो एक कला है इस कला को लोग सिख भी सकते हैं और अपना कैरियर भी बना सकते हैं यह कला विज्ञान पर आधारित कला है इस बार खेल में कुछ नए कला शामिल किए जाएगें समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को जादू के माध्यम से हटाने की कोशिश की जाएगी उन्होंने कहा कि जादू के माध्यम से समाज में अच्छा संदेश दिया जाएगा जैसे भ्रूण हत्या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ। इस जादू के शो में नए कला लाइव डायनासोर चलती पंखे से आर पार लड़की, जलती हुई आग से लड़की पैदा करना इत्यादि कला दिखलाए जाएंगे।

### थाना प्रशासन में दो वारंटीयों को किया गिरफ्तार भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से दो वारंटीयों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्व के केसों में न्यायालय से निर्गत प्रपत्र पर कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कुदरा चकिया मोहल्ला से चकिया मोहल्ला निवासी बंटी कुमार पिता रमेश राम एवं थाना क्षेत्र के नेवरास ग्राम से नेवरास ग्राम वासी लक्ष्मण सिंह पिता स्वर्गीय मुखदेव सिंह को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नशे की हालत में भटकते व्यक्ति को प्रशासन ने भेजा जेल




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** बुधवार की देर रात्रि गस्ती पर निकली दुर्गावती पुलिस ने गोपीनाथपुर गांव के पास एक व्यक्ति को नशे की हालत में रास्ते पर भटकते हुए और लड़खड़ाते हुए पाया। जहां से उस व्यक्ति को उठाकर पुलिस ने अपनी गाड़ी में बैठा थाने लाई। जब व्यक्ति को होश आया तो सुबह पूछताछ किया गया पूछताछ के क्रम में व्यक्ति ने बताया कि मेरा गांव दुर्गावती थाने के ही रोहुआ में है। मैं उत्तर प्रदेश से शराब पीकर के अपने गांव रोहुआ पैदल ही आ रहा था लेकिन रात हो जाने का रास्ता भटक गया था। मुझे मालूम नहीं पड़ रहा था कि मैं कहां जा रहा हूं। पुलिस ने गिरफ्तार श्रीनिवास गुप्ता का मेडिकल जांच कराये जाने के बाद जेल भेज दिया।

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत अमृत कलश यात्रा निकाली गई




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर।** भभुआं नेहरू युवा केंद्र के द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों में अमृत कलश यात्रा निकाला गया। संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा के पूर्व मंत्री बृज किशोर बिंद ने कहा कि इस इस अमृत कलश यात्रा के द्वारा, जिले के विभिन्न गांव में जाकर घर घर से चावल और मिट्टी का एकत्रीकरण किया जा रहा है। पूरे भारत में 1 सितंबर से 30 सितंबर 2023 तक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें कैमूर जिले के 1700 गांव के प्रत्येक घर-घर पहुंचना है और वहां से मिट्टी और चावल एकत्रीकरण करना है। यह सभी चावल एवं मिट्टी एकत्रित करके दिल्ली भेजी जाएगी।

### इंटरनेट सुविधा न होने के कारण कार्यपालक सहायकों को कार्य करने में हो रही है असुविधा



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, भभुआं (कैमूर)।** बिहार सरकार द्वारा हर पंचायत में नेट कनेक्शन लगाने का प्रावधान किया गया था, जिसके आलोक में पंचायत भगवानपुर में 2 वर्ष पूर्व में ही बीएसएनल का बोर्डबैंड कनेक्शन लगाया गया था। लेकिन आज तक चालू नहीं हो पाया, इसके कारण सरकार का अति महत्वपूर्ण कार्य जो ऑनलाइन से संबंधित है वह बाधित हो रहा है। जैसे आर टी पीएस पंचायती राज विभाग पोर्टल के संबंधित कार्य प्रभावित हो रहा है।यह जानकारी देते हुए भगवानपुर पंचायत कार्यपालक सहायक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि बीएसएनएल विभाग से लोग कितने बार इस बोर्डबैंड को चेक करने आए, लेकिन कोई सुधार नहीं हो पाया जो अभी तक बंद है इसलिए हम लोगों को कार्य करने में असुविधा होती है ।

### मोहनियां के नए एसडीएम होगे राकेश

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां(कैमूर)।** अनुमंडल के नए एसडीएम राकेश कुमार सिंह होगे। जो पहले पटना नगर निगम के बांकीपुर अंचल के कार्यालय पदाधिकारी थे। बता दें कि मोहनियां के एसडीएम सत्येंद्र प्रसाद का तबादला पटना के श्रम संसाधन विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी के पद पर हुआ है।पटना नगर निगम के बांकीपुर अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह को कैमूर जिला के मोहनियां का एसडीएम बनाया गया है। जबकि मोहनियां के एसडीएम सत्येन्द्र प्रसाद को पटना के श्रम संसाधन विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी बनाया गया है।

सुकून सुअरा नदी व गेहूंवनवा कुहिरा नदी का पानी अक्सर बरसात के सीजन में आकर गिरता रहता है

# नदी पर छलका बनाकर किसानों के फसल की सिंचाई की जा सकती है



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** नदी पर छलका बनाकर किसानों के फसल कि की जा सकती है सिंचाई। बता दे की दुर्गावती नदी में तीन नदियों का पानी आकर सम्मिलित होता है, जिसके कारण आए दिन सीजनी पानी हजारों क्यूसक निरर्थक बह जाता है। दुर्गावती प्रखंड के अंतर्गत सुअरा नदी व गेहूंवनवा कुहिरा नदी का पानी अक्सर बरसात के सीजन में आकर गिरता रहता है। जिसके कारण दुर्गावती नदी का जलस्तर लगातार प्रवाहित होता रहता है। अगर कुहीरा नदी की मोड पर एक नदी में ओवर फाल बांध बना दिया जाए तो बराबर पानी का लेवल बरकरार रहेगा, और उस पानी से नदी के तटीय गांव अपना मशीन या डीजल लगाकर आसानी से खेतों की सिंचाई कर सकते हैं। यदि सरकार चाहे तो नदी में अवहरीया पंचायत के दुधरा गांव के सामने नदी के दक्षिणी तट पर एक बड़ा पंपसेट बैठाकर भभुआं प्रखंड के बुडवलिया के पास चैनपुर की तरफ से आ रही नहर में पानी गिराया जा सकता है। जिससे भभुआ प्रखंड दुर्गावती प्रखड चांद और चैनपुर प्रखंड के भी कई गांव नदी में निरर्थक बह रहे जल से सिंचाई कर सकते हैं। यदि दुर्गावती नदी में दूघरा गांव के ही उत्तरी तरफ भी एक बड़ी मशीन बैठा दी जाए तो मोहनिया प्रखंड दुर्गावती प्रखंड के बचे हुए हिस्से और रामगढ़ प्रखंड के भी कुछ गांव सीनचित हो सकते हैं। कुछ वर्ष पूर्व लाखों रुपये खर्च कर दुर्गावती प्रखंड के चोगड़ा गांव में एक कैनाल बैठाया गया था, और समीप के कई गांव में उसके अंडरग्राउंड पाइप की वायरिंग कर दिए गए, लेकिन सरकार बदलने के बाद करीब 35 वर्षों से लाखों रुपए पानी में बह गए, पर सरकार का ध्यान उधर नहीं गया, न ही जीतने वाले किसी प्रतिनिधि का। किसान गुड्डू राय मृत्युंजय पांडे रमाकांत पांडे सरोज पांडे ने बताया कि सचमुच दुर्गावती नदी में एक छलका बना दिया जाता तो सीजनी बरसात के पानी के द्वारा किसान दोनों फसलों की सिंचाई कर सकते है। समाचार पत्र के माध्यम से हम सब सरकार का ध्यान इधर आकृष्ट करा रहे हैं, कि इस योजना पर यथा शीघ्र काम सरकार को करना चाहिए, जिससे जनता को सिंचाई के लिए राहत मिल सके।

# 23 सितंबर को पंचायत सरकार भवन में जन संवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** जिला के मोहनिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भरखर पंचायत सरकार भवन प्रांगण में आगामी 23 सितंबर को होगा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन। समाहरणालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा जारी लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, आम जनों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से जिला के प्रखंड मोहनियां अंतर्गत पंचायत भरखर के पंचायत सरकार भवन प्रांगण में दिनांक 23/09/23 दिन शनिवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। समय 12 बजे से जनसंवाद कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। आम जनों के साथ-साथ जनसंवाद कार्यक्रम में सामिल होने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि भी सादर आमंत्रित हैं I महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को स- समय एवं पारदर्शी तरीके से योजनाओं को उपलब्ध कराना, तथा उन योजनाओं का जिले में समुचित तरीके से क्रियान्वयन हेतु प्राथमिकता होगी।जनसंवाद कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी सावन कुमार के साथ जिला आरक्षि अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के साथ ही लोक कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। जन संवाद कार्यक्रम में जिले के जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियो की जानकारी आम जनों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी जाएगी, तथा इस संबंध में उनकी प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने के साथ-साथ योजनाओं को और अधिक विस्तृत करने के संबंध में उनके सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस ने एक अभियुक्त को 45 टेट्रा पेक शराब के साथ पकड़ा

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या,जमानिया।** कोतवाली क्षेत्र बरूईन मोड़ के पास बुधवार की शाम करीब 5 बजे पुलिस ने एक अभियुक्त को 45 टेट्रा पेक शराब के साथ पकड़ लिया। जिसके विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गुरुवार की सुबह उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया । प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं जुर्म की रोकथाम के लिए पुलिस मदनपुरा रोड के पास चेकिंग कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति देशी शराब का पाउच लेकर कॉलेज रोड के रास्ते से बरूईन गांव की ओर जा रहा है। जिस पर पुलिस बरूईन मोड तिराहे के पास पहुंच गई और एक संदिग्ध व्यक्ति पीठ पर पिट्ठू बैग लेकर आते दिखाई दिया। वही पुलिस को देख कर भागने लगा। जिस पर पुलिस ने दौडा कर उसे पकड़ लिया।

### प्रेमिका से मिलने आया प्रेमी को ग्रामीणों ने दबोचा की धुनाई, जांच में पुलिस

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश सोनी ,दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाने के धामूपुर गांव में आधी रात प्रेमिका से मिलने आया प्रेमी को ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी।112को सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ से प्रेमी को बचाकर थाने लाई।इस सिलसिले में थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि युवक को हिरासत में लिया गया है।अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।फिलहाल जांच की जा रही है जल्द कार्यवाही की जाएगी।

### उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव 24 को 3228 लोग चुनेंगे पदाधिकारी



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय ,जखनियां गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव 24 सितंबर को गाजीपुर स्टार पैलेस खजुरिया में सुबह 9:00 से 4:00 बजे तक वोटिंग होगी। चुनाव अधिकारी अनूप गुप्ता और मुबारक हुसैन ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए रोशन लाल और जे.पी. में काफी टक्कर दिखाई दे रही है। वही कोषाध्यक्ष के लिए विनोद चौधरी और संजय राम ,महामंत्री पद के लिए अजय कुशवाहा और ईश्वर यादव ,संगठन मंत्री के लिए इम्तियाज अहमद और पंकज यादव ,संप्रेक्षक मुकेश रावत और अरविंद चुनावी मैदान में हैं। गाजीपुर जनपद में टोटल 3228 सफाई कर्मचारी अपने मतदान का प्रयोग करेंगे ।इस मौके पर लगातार एक दूसरे को पटकनी न देने के लिए पदाधिकारी जी जान से जुट गए और जीत का सहारा बांधने का पूरी तरह से दवा भी कर रहे हैं। हर ब्लाकों पर भी बैठकर करके सफाई कर्मचारी को अपने पक्ष में करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन लाल ने कहा की चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ होती है और जो पदाधिकारी जीतता है उसकी हर लोग खुशी से मिलकर माला पहनकर स्वागत करते हैं।

### उज्ज्वला गैस कनेक्शन के संबंध में उप जिलाधिकारी जखनिया की अध्यक्षता में तहसील सभागार में बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय,जखनियां गाजीपुर** । आज जखनिया तहसील सभागार में आयोजित बैठक उप जिला अधिकारी कमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में उज्वला कनेक्शन को लेकर गैस एजेंसी मालिकों के एवं सभी बैंकों के मैनेजर के संग बैठक की गई बैठक में मुख्य रूप से उज्जवला कनेक्शन को लेकर उन सभी लाभार्थियों को यह अवगत कराना तय किया गया कि लाभार्थी अपना उज्जवला कनेक्शन सहित आधार कार्ड सीडिंग अपने संबंधित बैंकों में जल्द से जल्द जमा करवाए क्योंकि इससे उनके खाते में आने वाली धनराशि सही समय से उन्हें मिल सके वही उज्ज्वला लाभार्थी अगर अपना आधार कार्ड सिडिंग नहीं करवाते तो उनके खाते में पैसा नहीं जा पाएगा और वह इस लाभ से वंचित रह जाएंगे को नहीं। बैठक में मुख्य रूप से गैस से संबंधित एवं अन्य योजना संबंधित चर्चाएं की गई इस मौके पर इंडियन आयल के फील्ड अफसर हिंदुस्तान के फील्ड अफसर भारत पेट्रोलियम के फील्ड अफसर जखनिया बैंक के सभी मैनेजर व कर्मचारी के साथ बैठक में खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम, गैस एजेंसी मालिक मनीष साहू, बी एन सिंह,विजय सहाय,गैस एजेंसी मालिक सर्वानंद गिरी, सहित तहसील के कर्मचारी अधिकारी गण मौजूद रहे।

### दस लोगों पर हुआ मुकदमा दर्ज़



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी,गाजीपुर।** विद्युत वितरण खण्ड द्युतीय आमघाट के अंतर्गत मोहल्ला गोराबाजार, नौकापुरा, विशेश्वरगंज, मालगोदम रोड और गौतमबुद्ध कालोनी में तड़के 4 बजे सहायक अभियंता सुधीर कुमार के द्वारा विजिलेंस टीम के साथ गुरूवार को छापेमारी किया गया। जिसमे कुल मीटर बाईपास करके 10 लोगो को डायरेक्ट कटिया लगाकर विद्युत चोरी करते हुवे रंगे हाथ पकड़ा गया। सहायक अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि विद्युत चोरी करते हुए पकड़े गए सभी लोगो के खिलाफ विजिलेंस थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया। वही दर्जनों लोगो का मीटर अंदर लगा था । जिसको लेकर सख्त हिदायत दी गई ।

# सचिव ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों से पूछी समस्याएं



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी ,गाजीपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर गुरूवार को जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव दीपेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 979 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 858 पुरूष, 46 महिला के साथ 8 बच्चा निरूद्ध है व 75 अल्पवयस्क है। इनको सुबह का नाश्ता-ब्रेड, चाय व दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, मूली) तथा सायं का भोजन-रोटी, चावल, चना की दाल सब्जी (आलू, चौकी) दिया जाता है। इस दौरान सचिव द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने कारागार परिसर में साफ-सफाई, मच्छरो के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक राकेश वर्मा व कारापाल रविन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला कारागार के जेल वार्डर/ कम्प्यूटर आपरेटर विवेक कुमार यादव व अजय कुमार गुप्ता को नालसा पोर्टल पर विधिक सहायता हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अपलोड करने हेतु जयप्रकाश कुशवाहा, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## ऐसे भी है स्कूल जहा कागजों में होती है पठन पाठन,जांच अधिकारी के पहुंचते मगाया भाड़े पर विद्यार्थी



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश सोनी , दुल्लहपुर** । दुल्लहपुर के सोइया गांव में बीस वर्षो से बिना विद्यार्थियों बिना पठन पाठन के ले रहा सरकारी योजना का लाभ।महिला ग्रामीण प्रमिला देवी ने दस सितंबर को उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर फर्जी निजी विद्यालय पर कार्यवाही की मांग की थी।जिसके खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी ने लिखित आख्या मांगने पर विद्यालय के तरफ से 114बच्चे होने और किसी तरह मानक विहीन भी है विद्यालय।इस सिलसिले में खंड शिक्षा अधिकारी निलेंदु चौधरी ने कहा कि आज विद्यालय का धरातली जांच की गई जिसमे 114बच्चे विद्यालय पर मिले ।शिकायत कर्ता का विद्यालय परिवार से जमीनी विवाद का मामला सामने आया रहा है।और निजी स्कूल पर कार्यवाही का दूसरा तरीका है।जल्द जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## दुराचारी को मिली बीस वर्ष की जेल और पन्द्रह हजार रुपए का अर्थदण्ड



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी ,गाजीपुर।** मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा की गयी लगातार प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दुराचार के अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा दी गयी है। उल्लेखनीय है कि थाना शादियाबाद पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित उपरोक्त मुकदमा 26 जून 2023 को पंजीकृत हुआ था। इस प्रकरण में अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र रच्चन राम निवासी मोहब्बतपुर थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर के विरुद्ध लगातार किये गये प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप कुल 56 दिवस में माननीय न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास तथा पन्द्रह हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया,धारा 506 भादवि में दो वर्ष से दण्डित किया गया ।

## दरगाह पर लगा मेला, हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालु



**संवाददाता मो तसलीम, चंदौली।** चकिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कौड़िहार गांव के समीप कर्मनाशा नदी तट पर स्थित बाबा लतीफ शाह की पवित्र पावन मजार जनपद की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। कौमी एकता तथा सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक लतीफशाह मेला बुधवार से आरंभ हो गया।बाबा लतीफ शाह की मजार हिंदू मुस्लिम सद्भावना की सच्ची मिसाल है। पवित्रा दरगाह पर हजारों की संख्या में जायरीन जियारत करने पहुंचे और खूब मस्ती से ऐतिहासिक मेले का आनंद उठाया। तीन दिवसीय मेले के पहले दिन बाबा लतीफशाह की मजार पर मेला लगा, इसमें मुसलमानों के साथ ही हिंदुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जियारत के बाद लोगों ने मेले का आनंद उठाया तथा बीयर के नीचे पिकनिक का भी आनंद लिया। कर्मनाशा के तट पर स्थित बाबा लतीफशाह व सैय्यद शाह अजमेरी की मजार और बनवारी दास का मंदिर है। जो एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक माने जाते हैं। वैसे तो प्रत्येक शुक्रवार को यहां आस-पास के जनपदों से मुस्लिम जियारत, चादरपोशी और दुआ-ख्वानी करने के साथ-साथ प्रकृति के गोद में बंधे के नीचे पिकनिक भी मनाते हैं, लेकिन वर्ष में एक बार तीज के तीसरे दिन मेला लतीफशाह का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाता हैं। दरगाह पर जियारत करने के लिए हजारों की संख्या में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचे और खूब मेले का आनंद उठाया। श्रद्धालुओं के सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना एवं अलर्ट रही जिससे डैम एवं मजार के पास किसी भी प्रकार की कोई घटना दुर्घटना ना हो सके।

### दसवीं की छात्रा की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर मौत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो उमाकांत विश्वकर्मा ,बलिया।** नगरा में कोचिंग से पढ़कर साइकिल से घर जा रही दसवीं की छात्रा की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।छात्रा के परिजनों की घटनास्थल पर पुलिस से नोंकझोंक भी हुई। नगरा थाना क्षेत्र के रेकुंवा निवासी परमानन्द यादव की दो बेटियां शिल्पी और पिंकी सुबह नगरा कोचिंग में पढ़ने आई थीं। दोनों बहन कोचिंग से अपने घर एक ही साइकिल से जा रही थीं। साइकिल 16 वर्षीय पिंकी चला रही थी और बड़ी बहन शिल्पी पीछे बैठी थी। अभी गड़वार मोड़ स्थित शहीद गेट के पास पिंकी सामने से आ रहे ट्रक को देख नहीं पाई। साइकिल असन्तुलित होते ही सामने से आ रहे ट्रक के पिछले चक्के के नीचे दब गई। इससे मौके पर ही मौत हो गयी। शिल्पी साइकिल असन्तुलित होते ही कूद गई जिससे बाल बाल बच गयी। दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस और छात्रा के परिजनों को दी। परिजनों से पहुंचने से पहले पुलिस ने शव को बलिया भेज दिया। दुर्घटना स्थल पर पहुंचते ही परिजनों की पुलिस से नोंकझोंक शुरू हो गई। परिजन पुलिस पर आरोप लगा रहे थे कि पुलिस जानबूझकर छात्रा के शव को देखने नहीं दिया।

### हौसला बुलंद चोरों ने एक पोल्ट्री फार्म को बनाया निशाना सैकडो मुर्गियां चोरी




**चंदौली** । यूपी के चंदौली में अब चोर सोना, चांदी या रुपये नहीं बल्कि मुर्गियों को निशाना बना रहें है। जिले के धानापुर थाना क्षेत्र में चारों ने एक बड़ी चोरी को अंजाम देते हुए करीब आठ सौ मुर्गियां लेकर चंपत हो गए। हालांकि इस मामले में पुलिस चार सौ मुर्गियों के चोरी होने की बात बता रहें है। घटना सोमवार के देर रात की बताई जा रही है। पीड़ित के पुलिस को तहरीर देने के बाद मामला अब सामने आया है। जानकारी के अनुसार धानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंगुतरगढ़ गांव निवासी अनिल सिंह का पोल्ट्री फार्म है। रोजाना की तरह अनिल सिंह सोमवार की रात मुर्गियों को चारा पानी देकर अपने घर चले गए। बताया जा रहा है कि अगले दिन यानी मंगलवार की सुबह जब वह पोल्ट्री फार्म पहुंचे तो मुर्गियों की संख्या कम देखकर मिलान करना शुरू किया तो मौके पर करीब आठ सौ मुर्गियां कम थी। यह देखकर वह परेशान हो गए। इसके बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी धानापुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची धानापुर पुलिस ने मौके का मुआयना किया और आवश्यक जानकारी हासिल की।

### पुलिस ने कसाई मोहल्ला मे मारी छापा अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या,जमानिया।** कोतवाली पुलिस ने नगर स्थित कसाई मोहल्ला के एक घर में छापा मार कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसके साथ ही 22 किलो कटा हुआ गोवंश का मांस, एक चमड़ा, एक लकड़ी का गुटका, एक चापड़, दो चाकू, एक तौल मापक इलेक्ट्रॉनिक व एक अदद प्लास्टिक का टब बरामद किया गया। पुलिस ने दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि नगर के कसाई मोहल्ले स्थित एक मकान के अंदर गोवंश काटा जा रहा है। जिसके आधार पर दबिश दी गई और अभियुक्त शाह आलम कुरैशी निवासी कानूनगो मोहल्ला को गिरफ्तार कर कोतवाली ला गया। उसके पास से करीब 22 किलो कटा हुआ गोवंश का मांस, एक चमड़ा, एक लकड़ी का गुटका, एक चापड़, 02 चाकू, एक तौल मापक इलेक्ट्रॉनिक व एक अदद प्लास्टिक का टब बरामद कि गई। अभियुक्त शाह आलम कुरैशी से पूछताछ में पता चला कि उसे मांस काटने के लिए जाहिद निवासी कसाई मोहल्ला ने अपने घर बुलाया था तथा गाय का बछड़ा भी उसने ही उपलब्ध कराया था।

### फुल्ली गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइया फ्रंट की बैठक आहूत की गई

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या,जमानिया।** तहसील क्षेत्र के फुल्ली गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइया फ्रंट की बैठक आहूत की गई। जिसमें पांच माह से मानदेय न मिलने को लेकर चर्चा की गई और धरना प्रदर्शन करने की रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे शम्भू राय ने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त किये गए रसोइयों को काम की सुरक्षा व जीने लायक पारिश्रमिक का भुगतान करने आदि को लेकर राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइया फ्रंट के तत्वाधान में आगामी 23 सितंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसको लेकर रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर बरफी, सुषमा, सहजादी, देवन्ती, आशा, जानकी, पानमती, ऊषा, शैल कुमारी, सुमन, सरोज, यशोदा आदि रसोइया मौजूद रहे।

**परेशानी** डॉक्टर कमीशन के चक्कर में बाहर की दवा और जांच लिखते हैं

## "सादात ब्लॉक में चल रहा कमीशन का खेल" बाहर की दवा और पैथोलॉजी से मरीज़ हुए परेशान




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे,गाज़ीपुर** । जनपद के सादात ब्लॉक में डॉक्टरों द्वारा बे धड़क बाहर की दवा लिखी जा रही हैं। और बाहर की जांच भी लिखी जा रही है। जबकि सरकार द्वारा सरकारी अस्पताल के अंदर दवा का वितरण व जांच केंद्र बनाया गया है। लेकिन डॉक्टर कमीशन के चक्कर में बाहर की दवा और जांच लिखते हैं। डॉक्टर के पास मेडिकल वाले पैथोलॉजी वाले पहले से ही बैठे रहते है। जब कोई मरीज आता है तो उन्हें बोलते हैं। की एक बार खून टेस्ट करा लो और मैं बाहर की दवा लिख देता हूं मेडिकल से जाकर ले लेना मरीज बेचारा क्या करता किसी तरह से बाहर से दवा लेता है वहां के पैथोलॉजी वाले और मेडिकल स्टोर वाले पहले से ही बैठे रहते हैं। जैसे ही दवा लिखा जाता है तुरन्त मेडिकल वाले या पैथोलॉजी वाले लेकर चलें जाते हैं। जहां ब्लड टेस्ट करते हैं या डॉक्टर की लिखी हुई दवा देते हैं। मरीज़ बेचारा सोचता है। कि 1 रुपया का पर्ची कटा करके दवा ले लेंगे और सरकारी अस्पताल से ठीक हो जाएंगे लेकिन यहां तो कमीशन के चक्कर में डॉक्टर अपनी नजर मेडिकल वाले और पैथोलॉजी वाले के तरफ फेर लिए हैं। जब इसके संबंध में सादात CHC प्रभारी Dr K.P सिंह से बात किया गया तो कार्रवाई करने के बजाय ख़बर नहीं चलाने का दबाव बना रहे हैं।

# पच्चीस हजार का इनामियां चोरी की बाइक व असलहे संग शातिर अरेस्ट



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी ,गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा पच्चीस हजार रुपए के पुरस्कार घोषित शातिर अपराधी को चोरी की मोटरसायकिल व अवैध तमन्चा 315 बोर मय जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि पुलिस टीम देखभाल क्षेत्र व नकबजनी, चोरी, छिनैती करने वाले व लुटेरों की तलाश में रात्रि गस्त के दौरान परसा तिराहे पर पहुंचकर आने जाने वाले वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करने लगे। रात करीब सवा एक बजे एक मोटर साइकिल बाराचवर की तरफ से आती दिखाई दी। पास आने पर जैसे ही मोटरसाइकिल चालक ने पुलिसवालों को देखा, वह मोटर साईकिल घुमाकर पीछे मोड़कर भागना चाहा। हड़बड़ी में मोटर साईकिल सड़क के किनारे गिर गयी। पुलिस ने शक होने पर मोटर साईकिल चालक को मय मोटर साईकिल पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्ति के जामा तलाशी में अवैध तमन्चा 315 बोर मय जिन्दा कारतूस तथा पांच हजार रुपए बरामद हुआ। उसकी पहचान शिवकुमार उर्फ सोनू साहनी पुत्र हरिवन्द्र साहनी निवासी बरबग्गा भरौटी थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ के रूप में हुई। बताते चलें कि उस पर आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं और उस पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम भी घोषित है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने उसका चालान न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कृष्ण प्रताप सिंह चौकी प्रभारी शाहनिन्दा मय हमराहीयान थाना मुहम्मदाबाद गाजीपुर तथा उपनिरीक्षक सन्तोष यादव थाना मुहम्मदाबाद गाजीपुर शामिल रहे।

## ख़ास ख़बर

### सर्वे सट्टा प्रदर्शन एंव शिकायत निवारण मेले का आयोजन



**नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** कस्बे के पडाव मोहल्ले में स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के परिसर में गुरुवार को समिति स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन एंव शिकायत निवारण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तरबगंज ब्लॉक प्रमुख व विधायक पुत्र मनोज पांडे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में समिति के सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर की सवारी भी की। सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह मेला 21 से 30 सितम्बर तक चलेगा जिससे कि क्षेत्र के हजारों गन्ना किसान लाभान्वित होंगे। मेले में छूटे हुए किसान आनलाईन घोषणा पत्र भी भर सकेंगे।मेले में लगे गन्ना प्रजातियों के बारे में किसानो से चर्चा की गई।को 0238 प्रजाति को भी मेले में दिखाया गया कि कैसे लाल सड़न रोग से प्रभावित हो रही है। किसनो से अपील की गई कि कोई भी किसान 0238 प्रजाति की बुआई न करें।शीघ्र प्रजाति में केवल 14201,को0118,को 15023,एवं कोशा 13235 एवं सामान्य प्रजाति में कोसे 13452,एवं 9232 की बुआई करे। मेले में इंद्रमणि पांडे ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नवाबगंज , चीनी मिल बजाज मैनेजर निखिलेश सिंह, शशिकांत दुबे केन मैनेजर अरविंद कुमार सिंह, प्रदीप पांडे, सुनील पाठक, उमापति तिवारी, प्रगतिशील कृषक राकेश सिंह चंद्रपुर मसौधा चीनी मिल के एजीएम केन हेमंत सिंह, कन्दुरखी चीनी मिल के सीनीयर मैनेजर एन के सिंह, इफको के एरिया मैनेजर डॉ डीके सिंह और क्षेत्रीय गणमान्य वा किसान मौजूद रहे ।

### कटरा कुटी धाम का होगा चहुंमुखी विकास - मुख्य विकास अधिकारी



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** क्षेत्र के कटरा भोगचंद गाँव में स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ कटरा कुटी धाम पर गुरुवार को जिले की मुख्य विकास अधिकारी ने पहुंचकर अब तक हुए पर्यटन विकास विभाग द्वारा कार्यों की समीक्षा एवं आगे अन्य विकास की योजना हेतु पहुंचकर गहन जानकारी प्राप्त की। कुटी पर पहुंची सीडीओ एम अरून्मौली का कुटी के महंत स्वामी चिन्मयानंद ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सीडीओ ने पूरे मंदिर प्रांगण का बारीकी से जायजा लिया एवं मंदिर के कथा स्थल ,यज्ञशाला ,गौशाला, संत निवास ,भोजनालय ,सत्संग भवन के नवनिर्माण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। इस अवसर पर सीडीओ के साथ पहुंचीं पर्यटन विकास विभाग की टी ओ वंदना पांडे , पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता प्रकाश सिद्धार्थ ,सहायक अभियंता संजय सिंह ,अवर अभियंता यूपीपीसीएल रामकुमार यादव सहित तमाम आला अधिकारी एवं कर्मचारी ,सफाई कर्मचारी, ग्राम प्रधान सुभाष यादव विनोद कुमार गुप्ता ,डॉ अरुण सिंह ,विजय सोनी ,राम लखन सिंह ,ओम प्रकाश गुप्ता ,पं परशुराम शर्मा , डॉ कुमार गोपाल सिंह बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने मंदिर पर हनुमान जी का दर्शन एवं गुफा में भी दक्षिण मुखी हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने धाम के सर्वांगीण विकास का आश्वासन दिया है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना में कारीगरों को मिलेगा लाभ

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा उपायुक्त उद्योग बाबूराम ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत परम्परागत हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को विश्वकर्मा के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाते हुए उनकी कौशल वृद्धि, उन्नतशील टूल्स, कोलेट्रल फ्री लोन, डिजिटल भुगतान एवं ब्राण्डिंग सपोर्ट करने का उद्देश्य निर्धारित किया गया है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकता है। योजनान्तर्गत 18 ट्रेडों का सम्मिलित किया गया है, जिसमें बढ़ई, लोहर, कुम्हार सुनार, गोबी, राजमिस्त्री, डलिया बुनकर, दर्जी, नाव निर्माता, अस्त्रकार, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, मरम्मत करने वाला, मूर्तिकार, टोकरी, चटाई बुनने वाले, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी / चटाई / क्चर बुनकर / झाडू / बनाने वाला, गुडिया और खिलौने बनाने वाला, नाई, माली, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बुनने वाला इत्यादि शामिल है। उपयुक्त उद्योग ने बताया कि लाभार्थी को स्वतः अथवा जन सेवा केन्द्र के माध्यम से अपने को किसी एक ट्रेड में पंजीकृत कराना है। सम्बन्धित ट्रेड में लाभार्थी को 05 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान कराया जायेगा, जिसके उपरान्त लाभार्थी को 15 हजार ई-रूपी / ई-वाउचर दिया जायेगा, जिससे लाभार्थी अपने ट्रेड से सम्बन्धित टूलकिट को खरीद सकेगा।

# अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के दिए निर्देश



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में कजरीतीज व अन्य त्योहार शांतिपूर्ण सकुशल सम्पन्न होने पर बड़ा खाना का आयोजन हुआ। समारोह के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र ए0पी0 सिंह, जिलाधिकारी गोण्डा नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा पुलिस कर्मियों को स्वयं भोजन परोसकर खिलाया गया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा अपराध गोष्ठी की गयी जिसका मुख्य विषय कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण रहा। पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम महत्वपूर्ण अपराधों, प्रगतिशील अपराधों, मासिक निरोधात्मक कार्यवाही, प्रगतिशील निरोधात्मक कार्यवाही, महिला उत्पीडन से सम्बन्धित अपराध, प्रगतिशील महिला उत्पीडन से सम्बन्धित अपराध व एस0सी0एस0टी0 ऐक्ट से सम्बन्धित अपराध की सर्किलवार/थानावार तीन वर्षीय तुलनात्मक विवरण को देखा गया साथ ही डकैती लूट हत्या चौन स्नैचिंग फिरौती अपहरण नकबजनी वाहन चोरी के पेंडिंग मुकदमों में सम्पत्ति की बरामदगी व अभियुक्तो की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी, लूट व नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु कस्बा व ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाने, बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करने, पीआरवी वाहनों की निरन्तर चेकिंग करने, सवेदनशील स्थानों पर पीआरवी वाहनो की सक्रियता बढ़ाए जाने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। लंबित विवेचनाओं विशेषकर अनावरित अभियोगो के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने, गैंगेस्टर के प्रकरणों में अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 14 (1 )के तहत अभियुक्तों की सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने, अपराधियों के विरूद्ध एच0एस0 खोले जाने की कार्यवाही, गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही किए जाने, गैंग पंजीकरण की कार्यावाही, टॉप-10 अपराधियों का चिन्हीकरण कर कड़ी कार्यवाही करने तथा समस्त सम्मन व नोटिस का समय से तामिला कराने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया साथ ही आगामी कजरीतीज त्योहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु भी निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने आई0जी0आर0एस0 जनशिकायती प्रार्थनापत्रो का समय बद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी वाचक पुलिस अधीक्षक प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष शाखा प्रभारी अधि अधि0 कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### जबरन छज्जा लगाने पर रोका तो किया पथराव

**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** क्षेत्र के कजीपुर निवासी व्यक्ति ने थाने पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि पड़ोसी द्वारा उसके आँगन की तरफ छज्जा लगाया जा रहा है, जिसको मना करने पर पड़ोसी पथराव करने लगे. काजीपुर के मजरे निरिया निवासी छोटेलाल ने बताया कि पड़ोसी जगराम घऱ निर्माण करा रहे है तथा पीड़ित के आँगन में छज्जा निकाल रहे हैं, जिसपर मना किया तो परिवार सहित घऱ में पथराव करने लगे तथा जातिसूचक गाली देने लगे. पुलिस को सूचना दी गयीं तो देर रात जाकर काम रुक गया. किन्तु कोल्हमपुर चौकी पुलिस की भूमिका ठीक नहीं है कभी भी काम पुनः शुरू हो सकता है.पीड़ित विपक्षीयो पर कार्यवाही की मांग की है ।

## किसान इंटर कॉलेज सैदुपूर के प्रांगण में गुरुवार को कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**इलिया चंदौली ।** भगवान श्री कृष्ण के बरही के उपलब्ध में दंगल समिति बरहुआ के तत्वाधान में किसान इंटर कॉलेज के प्रांगण में गुरुवार को कुश्ती दंगल का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा गए जनपद तथा अन्य प्रति से आए नामी गिरामी पहलवानों ने जो आजमाइश किया कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अजय गुप्ता ने फीता काटकर किया शुरुआती पहलवानों में चक्रधारी इसहुल तथा पिंटू माटी गांव के बीच जोरदार मुकाबला रहा जिसमें चक्रधारी पिंटू ने पटकनी देकर विजई घोषित हुए वहीं पड़रिया के सांसद ने चौबेपुर वाराणसी के चंदन को पटकनी देकर 1500 रुपए जीते हरियाणा की ज्योति पहलवान ने लखनऊ की काजल पहलवान को पराजित किया दिलीप हाजीपुर और प्रमोद वर्ग के बीच जोरदार कुश्ती जिसमें दिलीप विजय हुए इसी प्रकार पिंटू वाराणसी तथा सरस के पहलवान बीच 5000 की कुश्ती हुई शमशेर कमनाशा बिहार तथा चक्रधारी इसहुल पवन हाजीपुर पंकज जमशेदपुर की कुश्ती बराबरी पर छुट्टी इसके अलावा कहीं और पहलवानों ने दंगल प्रतियोगिता में प्रतिभा किया इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि कमलाकांत मैच रेफरी नरसिंह अमन लल्लन पहलवान रहे संचालन दीनदयाल जायसवाल ने किया ।

## डीएम ने महादेवा, मिश्रौलिया व सोनीगुमटी रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज के कार्यों के प्रगति का लिया जायजा



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने महादेवा रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज एवं मिश्रौलिया रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज तथा सोनीगुमती रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज पर चल रहे कार्यों के प्रगति का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वहां पर उपस्थित रेलवे एवं सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सभी ओवरब्रिज पर चल रहे कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के अन्दर तैयार करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही उन्होंने सेतु निगम व रेलवे के अधिकारियों से कहा है कि आपस में संवाद स्थापित करते हुए बचे हुए कार्यों को समय से पूर्ण करायें, तथा समय समय पर प्रगति के संबंध में अवगत करायें।इसके साथ ही उन्होंने वहां पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि क्रासिंग के आस पास खराब व गढ्ढायुक्त सड़कों को तत्काल सही कराकर हमको अवगत करायें। साथ ही सड़क सही कराने का फोटोग्राफ भी भेजें। ताकि जनसमान्य के आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट चन्द्रशेखर, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, रेलवे के अधिकारी, सेतु निगम के संबंधित अधिकारी, एसएचओ कोतवाली नगर संजय कुमार सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### माटी कला के प्रतिभागियों को मंडल स्तर पर मिलेगा पुरस्कार

**जिला ब्यूरो गोंण्डा ।** गोण्डा माटीकला में मंडल स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागियों का चयन फाइन आर्ट के विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय टीम द्वारा किया जायेगा।परिक्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के तहत मंडल स्तर पर कुम्हारों व कारीगरों के उत्पादों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इस योजना को संचालित किया जा रहा है। इसके तहत प्रथम पुरस्कार के बतौर 15 हजार , द्वितीय व तृतीय के तहत 12 व 10 हजार की पुरस्कार राशि विजेताओं को मिलेगी। आवेदक को अपने उत्पाद के साथ प्रतिभागी को अपना फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र व बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना जरूरी होगा।

### हड़तालः जिला अस्पताल की इमरजेंसी से लेकर ओपीडी तक सारी सेवाए ठप



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ,गोण्डा।** महज चाय गुब्बारे न होने के कारण आग बबूला हुए भाजपाईयो के सीएमएस पर हाथ उठाने की घटना ने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया। भाजपाइयों से नाराज जिला अस्पताल के चिकित्सकों व कर्मचारियों ने भापजा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के खिलाफ बड़ी जंग छेड़ दी। जिसके चलते गुरुवार अस्पताल की इमरसे लेकर ओपीडी तक सारी सेवाएं ठप हो गई। गुरुवार कै बाबू ईश्वर शरण जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाए पूरी तरह से ठप रही। सुबह से ही अस्पताल का समस्त स्टाफ लामबंध होकर अस्पताल के सबसे बाहरी गेट को बंद कर परिसर में जोर जोर से नारा लगाना शुरू कर दिया था। जिसके बाद देखते ही देखते अस्पताल की सारी स्वास्थ सेवाए ठप कर धरने पर बैठ गए। बताया जाता है कि बुधवार को भाजपा पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर रक्त दान शिविर का आयोजन किया था। जिस पर रक्तदान के दौरान ब्लडबैंक में गुब्बारा व चाय काफी न मिलने से वहां पहुंचे भापजा जिलाध्यक्ष ने सीएमएस डाक्टर वीके गुप्ता पर आगबबूला हो गए। जिस पर सीएमएस के बजट न होने की बात बोलने पर भाजपाइयों ने उनके साथ हाथापाई पर उतर आए। जिसका वीडियो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीएमएस के साथ घटित इस घटना से नाराज अस्पताल के समस्त चिकित्सक, फार्मेसिस्ट व स्वास्थ कर्मचारी लाम बध हो कर गुरुवार को धरने पर बैठ गए।

### जिलाध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख ने आयुष्मान कार्ड का किया वितरण



**संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या।** विकास खण्ड मवई के ग्राम बसौढ़ी में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।भाजपा के जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने आयुष्मान कार्ड वितरण करने के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता के स्वास्थ्य के प्रति काफी सजग है। आयुष्मान कार्ड के जरिये गरीबों को अपना इलाज कराने में काफी मदद मिलती है।भाजपा सरकार जनता के कल्याण के लिये अनेकों योजनाएं चला रही है।ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी ने कहा कि पहले बहुत सारे लोग इलाज न करा पाने के कारण अपनी जान गवां देते थे लेकिन भाजपा सरकार ने आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराकर गरीब व्यक्तियों को नया जीवन देने का काम कर रही है।इस दौरान पंच प्रण की शपथ भी दिलाई गई।इस अवसर पर शिवगोविंद पांडेय,धर्मेंद्र सिंह,ग्राम विकास अधिकारी अर्सलान,शाकिब खान आदि लोग उपस्थित थे।

### पहली बार गोण्डा शहर के 20 वार्डों में हुई शहरी आशाओं की नियुक्ति

**जिला ब्यूरो गोंण्डा ।** गोण्डा नगर के पन्तनगर, पटेल नगर पश्चिमी, महरानीगंज समेत करीब 20 वार्डों में पहली बार शहरी आशाओं की नियुक्ति की पूरी कर दी गई है। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने गुरुवार को 30 शहरी आशाओं की नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु यह कदम उठाया गया है। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर ज्वाइनिंग की औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, रिक्त 10 पदों पर अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। इससे साथ ही, अब इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का रास्ता साफ हो गया है। टीकाकरण, बच्चों को दवा खिलाने समेत दूसरी स्वास्थ्य सेवाओं को लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। बता दें, बीती 14 जून को जनपद में 40 शहरी आशा के रिक्त पदों के लिए भर्ती की प्रक्रिया शुरू की थी। इसमें, 28 नवसृजित पदों के साथ 12 बैकलॉग के पद शामिल किए गए थे। 06 सितम्बर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में साक्षात्कार का आयोजन किया गया। कुल प्राप्त 72 आवेदन पत्रों में से शैक्षिक योग्यता एवं साक्षात्कार के माध्यम से कुल 30 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसके साथ ही, 101 पदों के सापेक्ष शहरी आशा की संख्या 61 से बढ़कर 91 हो गई है। वर्षों से परेशान थे स्थानीय लोग पहली बार 20 वार्डों में इन 30 शहरी आशाओं का चयन हुआ है। इन वार्डों की सूची में पन्तनगर, पटेल नगर पश्चिमी, अहिरान, राजेन्द्र नगर, दयानन्द नगर, जिगर गंज, राजा मोहल्ला, आवास विकास प्रथम, आवास विकास द्वितीय, छेदी पुरवा, पटेलनगर पूर्वी, महराजगंज, इमाम बाडा, शास्त्रीनगर, बलवन्त पुरवा, सिविल लाइन प्रथम, साहेबगंज, बडगांव, मकाथी गंज और महरानी गंज वार्ड शामिल हैं। पहले यहां के लोगों को वैक्सीनेशन, बच्चों को दवा खिलाने जैसे सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना पड़ा था। नियमित सर्वे न हो पाने के कारण स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां विभाग के सामने तक नहीं आ पाती थी। नगरीय क्षेत्रों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी इन शहरी आशाओं की होती है। इस चयन प्रक्रिया के पूर्ण होने से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिल जाएगी।

**प्रशिक्षण** गुणवत्ता युक्त सब्जी बीजों की नर्सरी तैयार कर रोपाई करने से सब्जियों का अच्छा उत्पादन मिलता है

## कृषि प्रसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा ।** गोंण्डा आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा के उद्यान अनुभाग द्वारा कृषि प्रसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सब्जी नर्सरी उत्पादन तकनीक विषय पर दो दिवसीय सेवारत प्रशिक्षण आज दिनांक 21 सितंबर 2023 को संपन्न हुआ । समापन अवसर पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर पीके मिश्रा ने सेवारत कृषि प्रसार कार्मिकों से सब्जी नर्सरी उत्पादन तकनीक के प्रसार का आवाहन किया । उन्होंने बताया कि गुणवत्ता युक्त सब्जी बीजों की नर्सरी तैयार कर रोपाई करने से सब्जियों का अच्छा उत्पादन मिलता है । इससे प्रति इकाई क्षेत्रफल में अधिक आय की प्राप्ति होती है । प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने टमाटर फूलगोभी मिर्च बैंगन आदि की उन्नतशील प्रजातियों तथा सब्जी नर्सरी उत्पादन तकनीक की जानकारी दी । डॉक्टर रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक सस्य विज्ञान ने सब्जी नर्सरी में खाद उर्वरक प्रबंधन तथा खरपतवार प्रबंधन की जानकारी दी । डॉक्टर ज्ञानदीप गुप्ता ने बताया कि सब्जियों की अच्छी नर्सरी के उत्पादन से गुणवत्ता युक्त सब्जी की अधिक उपज प्राप्त होती है । इससे किसानों को ज्यादा मुनाफा प्राप्त होता है । डॉक्टर दिनेश कुमार पांडेय ने सब्जी नर्सरी के लिए भूमि एवं भूमि का चयन तथा कार्बनिक खादों के प्रयोग की जानकारी दी । इस अवसर पर रोहित कुमार सिंह बीटीएम,रजनीश मिश्रा बीटीएम, सुनील कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक, चंद्रशेखर प्राविधिक सहायक, अखिलेश कुमार प्राविधिक सहायक, कमलेंद्र सिंह एटीएम, रामबाबू तिवारी एटीएम आदि ने प्रतिभाग कर सब्जी नर्सरी उत्पादन तकनीक की विधिवत जानकारी प्राप्त की । प्रशिक्षण के उपरांत कुंवरानी कृष्णा कुमारी फार्म फिरोजपुर का भ्रमण डॉ राम लखन सिंह एवं रक्षा राम पांडेय फार्म मैनेजर द्वारा कराया गया तथा प्रशिक्षणार्थियों को व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई ।

## बजाज चीनी मिल के खिलाफ जय हिंद परिषद ने खोला मोर्चा



**वजीरगंज (गोण्डा)शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** क्षेत्र कि बजाज चीनी मिल के विरूद्ध अब लोगों का प्रदर्शन एक बार फिर मुखर हो उठा है। गुरुवार को जय हिंद परिषद के संस्थापक और अध्यक्ष पवन सिंह के नेतृत्व में बंधवाकर चौराहे पर धरना और किसान महापंचायत का आयोजन हुआ। किसानों को संबोधित करते हुए पवन सिंह ने कहा कि बजाज चीनी मिल कंदुरखी पर किसानों का करोड़ों रुपया बकाया है। नया पेराई सत्र शुरू होने को है लेकिन मिल ने अभी तक पुराना भुगतान नहीं किया है। जहां अन्य मिलें 15 दिन में भुगतान कर रही हैं वहीं बजाज मिल सालों-साल किसानों का पैसा दबाकर बैठी है। किसानों को आज विवाह, इलाज, फसल, शिक्षा, कर्ज के साथ पैसों के अभाव में खेतीबाड़ी भी नहीं कर पा रहा है। आज आयोजित महापंचायत में 1000 किसानों ने हस्ताक्षर कर बजाज मिल को गन्ने नहीं देने का फैसला किया है। उन्होंने गन्ने का मूल्य 400 रूपये प्रति कुंतल करने की मांग भी की है। गन्ना मूल्य हड़पने का मुकदमा बजाज मिल के जिम्मेदार पर दर्ज कराने की मांग भी किसानों ने की है। इस मौके पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सैकड़ों किसानों द्वारा हस्ताक्षरित कर नायब तहसीलदार रंजन वर्मा को दिया गया। नायब तहसीलदार ने आश्वासन दिया है कि यह ज्ञापन जिलाधिकारी महोदया के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पंहुचाया जायेगा और किसानों की इस गंभीर समस्या का समाधान करने के लिए प्रयास किये जायेंगे। इस दौरान रियाज अहमद, राकेश सिंह, राजनाथ द्विवेदी, बृजभूषण, राजू, विमल तिवारी सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे ।

## ख़ास ख़बर

### डुमरिया गांव में ड्रिप से जोड़ो अभियान के तहत चला जागरूकता कार्यक्रम



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला( जामताड़ा)।** ड्रिप से जोड़ों अभियान के तहत चकनयापाड़ा पंचायत अंर्तगत डुमरिया गांव में ड्रिप से खेती करने हेतु किसानों को जागरूक किया गया। इस दौरान बीटीएम सुजीत कुमार सिंह के द्वारा किसानों को बताया गया कि ड्रिप से खेती एक आधुनिक तकनीक है। जिसके तहत कम पानी में टपक सिंचाई विधि से पौधो के जड़ तक आसानी से पानी पहुंचाया जा सकता है। इससे 70 प्रतिशत तक कम पानी की खपत होती है। इस दौरान ग्राम में ही युवा प्रगतिशील किसान रंजित माजी के खेतो का भ्रमण कर आवश्यक जानकारी दी गई एवं पूर्व में लगे ड्रिप से खेती करने हेतु प्रोताहित किया गया। इस क्रम में रंजीत माजी के खेत में लगे केला, बैगन ,आम के बगीचा एवं सहजन के पौधे की जानकारी ली गई एवम आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान बीटीएम सुजीत कुमार सिंह के द्वारा यह भी बताया गया कि आने वाले समय में आत्मा एवं केवीके जामताड़ा से श्री माजी एवं गांव के अन्य प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि और बेहतर तरीके से किसान आधुनिक खेती कर सके। मौके पर गांव के अन्य प्रगतिशील किसान मौजूद थे।

### रक्त का विकल्प नहीं, रक्तदान ही इसका निदान हैं- अनुप पाण्डेय



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा सेवा सप्ताह के तहत ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन युवा मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनूप पांडे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व समाज कल्याण मंत्री डॉ लुईस मरांडी विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र मंडल मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए लुईस मरांडी ने बताया कि 15 दिनों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस हम लोग सेवा सप्ताह के तहत मना रहे हैं। इसी के तहत भाजपा के कार्यकर्ताओं के अलावे समाज के लोगों से भी रक्तदान करने के लिए अपील की जा रही है। कार्यक्रम को वीरेंद्र मंडल ने भी संबोधित किया और उन्होंने भी सेवा सप्ताह के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

### मंत्री हफीजुल हसन ने अनुमंडलीय अस्पताल में सेमी ऑटोमेटिक एनालाइजर ब्लड जांच मशीन का किया उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने गुरुवार को मधुपुर की जनता को सौगात दिया है। उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल में सेमी ऑटोमेटिक एनालाइजर ब्लड जांच मशीन का उद्घाटन किया। कहा कि अब यहां की गरीब गुरुवा एवं जरूरतमंद मरीजों को प्राइवेट में जांच हेतु भटकना नहीं पड़ेगा ।इस मशीन से सभी प्रकार की ब्लड जांच न्यूनतम निर्धारित दर पर की जाएगी ।कहा कि हेमंत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। अनुमंडलीय अस्पताल जिला में मॉडल अस्पताल बनेगा ।यहां सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध होगी। उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद के नेतृत्व में अस्पताल में रोगियों एवं जरूरतमंदों को अच्छी सुविधा मिल रही है ।जल्द ही अस्पताल परिसर में ही पोस्टमार्टम हाउस का निर्माण कराया जाएगा। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से अस्पताल के चाहर दिवारी का भी निर्माण होगा। सिजेरियन ऑपरेशन हेतु एनेस्थेटिक डॉक्टर प्रियंका कुमारी अस्पताल में उपलब्ध है ।शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के रोगी अपना इलाज अस्पताल में आकर करवा सकते हैं ।जल्द ही अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध होगा ।

### ईद मिलादुन नबी का प्रोग्राम का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर बृहस्पतिवार की रात को झाझा शहर के खलासी मोहल्ला स्थित तनवीर उल हक के दौलत खाने में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन हुआ। जिसमें मौलानाओं ने तकरीर करते हुए कहा कि हजरत पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलेही वसलम की पैदाइश ने दुनिया में इंसानियत का संदेश दिया। ईद मिलादुन्नबी में मुख्य अतिथि मौलाना तस्लीम रजा ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा मजहब इंसानियत का है। उन्होंने हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उनसे प्रेरणा लेने व उनके बताए इंसानियत के मार्ग पर चलकर आवाम, जरूरतमंद की खिदमत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इंसानियत की खिदमत करना ही मोहम्मद साहब व इस्लाम का पैगाम है। वहीं हाफिज खुर्शीद आलम बांका ने कहा अल्पसंख्यक समाज में तालीम की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों को दीनी व दुनियाई तालिम दिलाने व मुल्क की तरक्की के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

# अनुमंडल अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में सुबे के अल्पसंख्यक कल्याण, युवा संस्कृति एवं खेलकूद मंत्री हाफिज उल हसन की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में कुल 12 प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया जबकि पिछली बैठक में लिए गए प्रस्ताव पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली गई ।मौके पर उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद ने पिछली बैठक में लिए गए प्रस्ताव के आलोक में बताया कि ब्लड स्टोरेज यूनिट पूर्ण रूप से चालू हो गया है।वही ओटी का काम भी पूरा हो गया है । सिर्फ ओटी लाइट की जरूरत है ,जिसे जिला से पत्राचार करने की बात कही गई। डेंटल विभाग पूरी तरह से शुरू कर दिया गया है। दो डेंटल चेयर अस्पताल में उपलब्ध है। दांत के रोगियों को दांत से जुड़ी समस्याओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं दी जा रही है।सिजेरियन ऑपरेशन हेतु एनेस्थेटिक चिकित्सक डॉक्टर प्रियंका कुमारी अस्पताल में अपनी सेवा दे रही है। पैथोलॉजी के लिए सेमी ऑटोमेटिक एनालाइजर का नियमानुसार क्रय हो गया और विधिवत उद्घाटन मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा कर दिया गया है। न्यूनतम निर्धारित दर में सभी प्रकार का ब्लड जांच इस मशीन से किया जाएगा। अस्पताल में डेंटल रोगियों की जांच, सभी प्रकार का खून जांच और गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड का प्रचार प्रसार व्यापक रुप से करने की सहमति बनी ।आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कंप्यूटर और प्रिंटर का नियमानुसार क्रय करने की स्वीकृति मिली। मरीजों के बैठने हेतु 3 सीट वाला वेटिंग चेयर की खरीदारी के लिए जिला से पत्राचार करने की बात कही गई। वही स्टील रैक की आवश्यकता पर भी जिला से पत्राचार करने की बात कही गई। अस्पताल में मास्क लाइट लगाने हेतु चर्चा हुई । अस्पताल परिसर में सभी चापाकल खराब हैं इस संदर्भ में भी विचार विमर्श किया गया। रोगियों का रजिस्ट्रेशन हेतु कंप्यूटर सेट और स्टाफ के लिए जिला से पत्राचार करने की बात कही गई। अस्पताल में जेरॉक्स मशीन ठीक कराने हेतु एस्टीमेट लेने की भी बात कही गई। बैठक में मंत्री ने अल्ट्रासाउंड अस्पताल में ही करने का निर्देश दिया। अस्पताल में उपयुक्त जगह पर कर चार एयर कंडीशनर की खरीदारी पर भी विचार विमर्श हुआ जिसके लिए जिला से पत्राचार करने की बात कही गई। वही डिजिटल एक्स-रे मशीन खरीदारी के लिए सहमति बनी।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल, डॉ प्रियंका, मंत्री प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद, मो अली अहमद, लोक जागृति केंद्र के अरविन्द कुमार, डॉ दिलीप, इमरान अंसारी,अजय कुमार दास, समेत अस्पताल प्रबंधन समिति के सदस्य ,चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## श्री जगत जननी दुर्गा पूजा समिति, रेलवे कॉलोनी नें पूजा की तैयारी को ले बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** मधुपुर शहर के श्री जगतजननी दुर्गा पुजा समिति, रेलवे न्यू कॉलोनी सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में बुधवार शाम को दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक की गई । मौके पर पिछले वर्ष हुई दुर्गा पूजा का लेखा-जोखा प्रस्तुत की गई । प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई। समिति के अध्यक्ष एस.के.पाठक ने बताया कि बैठक में मां दुर्गा की पुजा पुरे विधि-विधान के साथ किये जाने की बात हुई. हर साल की भांति इस साल भी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा. साथ ही भव्य पंडाल का निर्माण व आकर्षक साज-सज्जा करवाने का निर्णय लिया गया है. इसको लेकर सदस्यों के बीच जिम्मेदारियों निर्धारित की गई है. बाकि की तैयारी सम्बंधित बातें अगली बैठक में की जायेगी. बैठक में समिति के महामंत्री रवि शेखर, सचिव आर.के. सिंह, राजेश चौधरी, अजय सिंह, एम. पी. सिंह, प्रशांत चंद्रा, दीपक कुमार मिश्रा, आर. के. पांडेय, बिनोद प्रसाद, बिनोद गौंड, दीपू मिश्रा, कुंदन कुमार, अमित कुमार सत्री, सुबोध कुमार, संजय कुमार, शुभम सिंह, अनिल पटेल, बासुकी यादव, शिव पूजन राम, दीपक कुमार यादव, रामु हांडी, सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## जुलूस ए मोहम्मदी में डीजे पर होगी पाबंदी, अमन का होगा पैगाम



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** मधुपुर शहर के चर्चित मदरसा दारुल उलूम सिराजुल इस्लाम चांदमारी हाल में"हजरत मौलाना हाजी यासीन फैजी" की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर के तमाम मोहल्ले के अध्यक्ष व सचिव मस्जिद के इमाम ने शिरकत की। बैठक में सभी उपस्थित सचिव अध्यक्ष ने यह फैसला लिया कि जश्ने ईद मिलादुन के मौके पर निकाले जाने वाले जुलूसे मोहम्मदी में डीजे नहीं बजेगी। डीजे पर पाबंदी रहेगा। साथ में जुलूसे मोहम्मदी में ऐसे नारे बाजी ना लगाया जाए जिससे लोगों को तकलीफ हो। जुलूस में सिर्फ आमदे रसूल और नाते पाक गुनगुनाते हुए निकलेंगे और सभी जुलूसे मोहम्मदी शहर के डाक बंगला मैदान में एक जगह जमा होंगे। जहां अल्मा ए कराम संबोधित करेंगे। इसके बाद सलातो सलाम होगी सलातो सलाम के बाद मुल्क के सलामती' अमन शांति 'भाईचारे 'और तरक्की के लिए संयुक्त रूप से दुआएं मांगी जाएगी। बैठक में मदरसा सिराजुल इस्लाम के हेड मौलवी मौलाना अजमल नूरी, 'मौलाना हाजी खुर्शीद आलम मिस्बाही 'मौलाना मुफ्ती परवेज आलम मिस्बाही', मौलाना मुस्लिम अख्तर शिवानी, 'मौलाना कमरुद्दीन' मदरसा के सचिव हाजी सगीर अहमद 'एनुल हुदा 'कमेटी के अध्यक्ष सरफराज अहमद उर्फ बबलू 'मोहम्मद शाहिद 'सलामत हुसैन मिस्बाही' कारी रियाज 'मौलाना मौलाना फारूक अहमद 'मोहम्मद मोइनुद्दीन शेख' सलाउद्दीन शेख इत्यादि उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री भोला प्रसाद पासवान शास्त्री की 109वीं जयंती मनाई गई



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** जिला कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस आश्रम बंजरिया पंडाल में जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय की अध्यक्षता में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री जी की 109वीं जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष सहित सभी नेताओं ने भोला पासवान जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से देश का पहला दलित मुख्यमंत्री बनें जिसने बिहार जैसे बड़े राज्य की बागडोर एक बार नहीं बल्कि तीन बार संभाली। उनकी सादगी भी ऐसी कि सियासत में आज भी उनकी मिसाल दी जाती है। वे अक्सर कई महत्वपूर्ण मीटिंग्स भी बिना किसी तामझाम के महज एक पेड़ के नीचे कर लिया करते थे। उनकी ईमानदारी ऐसी थी कि निधन के बाद उनके बैंक खाते में इतने भी पैसे नहीं थे कि ठीक से श्राद्धकर्म तक किया जा सके। आगे श्री राय ने कहा कि भोला पासवान जी मुख्यमंत्री रहते हुए जिस तरह से अपने कार्यों का निर्वाहन किया है उससे आज पूरे देश में केवल दलित समाज ही नहीं बल्कि हर इंसान को ऐसे मुख्यमंत्री पर गर्व महसूस होता है। उन्होंने देशभर में ईमानदारी की ऐसी मिसाल पेश कर दी कि आज भी लोग अपने बच्चों को नसीहत देते हुए कहते हैं कि अगर जीवन में कुछ बनना है तो भोला पासवान की तरह बनो। इस मौके पर कांग्रेस नेता प्रो०विजय शंकर पाण्डेय, मुनमुन जयसवाल, डॉ० कुमकुम सिन्हा, जग्गा राम शास्त्री, विजयकांत त्रिपाठी,टुन्नी सिंह, रामप्रवेश तिवारी, एकबाल जफीर,सतेन्द्र तिवारी, आबिद हुसैन,रामतपस्या यादव,रंजन शर्मा, अनिल राम, किशोरी सहनी,हीरालाल प्रसाद, गंगा सहनी, रोहित सिंह,अरसाद अंसारी,पिन्टू कुमार,सुजीत कुमार, हरिओम कुमार सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहें।

### परिवार कल्याण दिवस का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुपुर में परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया गया।गुरुवार को मधुपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुपुर में डॉ संजय कुमार और नीरज यादव के द्वारा योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन से संबंधित सभी जानकारियां दी गई। सभी को माला एन, छाया,प्रेग्नेंसी कीट, निरोध इत्यादि दिया गया। योग्य दंपत्तियों के बीच क्विज प्रतियोगिता किया गया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय को पुरस्कृत किया गया। मौके पर सहिया मीनू देवी, बबीता रजक सहित योग्य दंपति उपस्थित थे।

### कटिहार सदर अस्पताल में परिवार नियोजन मेले का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** मिशन परिवार विकास अभियान के तहत सदर अस्पताल परिसर में परिवार नियोजन मेले का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से योग एवं इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कनक रंजन में दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में अलग-अलग स्टॉल लगाकर सभी लोगों को परिवार नियोजन के महत्व, आवश्यकता और अपनाने से होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मेले में लोगों के बीच वितरण के लिए परिवार नियोजन के साधन जैसे अंतर, छाया, निरोध, कॉपर टी, माला के साथ निश्चय किट की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। बड़ी संख्या में लोग परिवार नियोजन मेला पहुंचे थे और उन्हें परिवार नियोजन से होने वाले फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### चोरी के सामान के साथ दो किशोर चोर गिरफ्तार



**धीना।** धीना पुलिस ने गुरुवार को रैथा गांव के समीप चोरी हुए ट्रैक्टर ट्रॉली का चादर के साथ दो किशोर चोर को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर दोनों किशोरों को जेल में भेज दिया गया। रैथा गांव के समीप कमालपुर धीना मार्ग पर विनीत कुमार राय के गोदाम के सामने ट्राली के पीछे लगने वाले लोहे के ढ़क्कन रखा गया था।बुधवार की दोपहर दो किशोर चोर ट्रैक्टर ट्राली में लगने वाला लोहे का ढक्कन को साइकिल पर लादकर ले जा रहे हैं।ग्रामीणों ने दोनों किशोरों को मौके पर पकड़ लिया।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो ग्रामीण दो किशोर को पकड़ कर खड़े हैं। वही उनके पास चोरी का सामान भी रखा है।पुलिस भुक्तभोगी विनीत कुमार राय के तहरीर पर दोनों किशोर चोर को थाने ले गई।गिरफ्तार अभियुक्त 14 वर्षीय संदीप पुत्र कमला राम निवासी खड़ान थाना धानापुर जिला चन्दौली व 17 वर्षीय बाबी पुत्र त्रिभूवन राम उम्र 17 वर्ष निवासी खड़ान थाना धानापुर को कागजी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राम बिहारी, कांस्टेबल अरविन्द सरोज आदि रहे।

### पुलिस और खनन विभाग ने संयुक्त अभियान चला अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को किया जब्त



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** देवघर पुलिस कप्तान अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर मधुपुर पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त छापेमारी अभियान में अवैध रूप से बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया। एक साप्तर नदी घाट से एवं दुसरा मधुपुर कॉलेज रोड से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को छापेमारी कर जब्त किया। वहीं ट्रैक्टर चालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को मधुपुर थाने ले आई। जिला खनन विभाग के डीएमओ राजेश कुमार ने बताया कि एनजीटी के तहत नदी घाट से बालू के उठाने पर प्रतिबंध होने के बावजूद बालू माफिया अवैध रूप से बालू को उठाकर तस्करी करते हैं। जिसको लेकर पुलिस कप्तान के निर्देश पर थाना क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर छापेमारी कर अवैध रूप से बालू उठा कर ले जा रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है।पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### कालाझरिया में शमशान शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा।** कालाझरिया में जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन,जिप सदस्य वंदना देवी, जिप उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी ने संयुक्त रूप से कालाझरिया अजय नदी के किनारे शमशान शेड निर्माण कार्य का विधिवत रूप से फीता काटकर , शिलापट का अनावरण कर तथा नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर समाजसेवी महेंद्र मंडल, अजय कुमार मंडल, उप मुखिया ठाकुर प्रसाद सिंह, पवन सिंह, नागेश्वर सिंह ,वार्ड सदस्य सुमित्रा कुमारी ,तारिणी देवी ,सपना देवी, सुजीता देवी, राबड़ी देवी, पार्वती देवी ,सरस्वती देवी, जोशना कुमारी ,बैकुंठ नाथ सिंह, संतोष महतो ,अजीत कुमार सिंह ,परमेश्वर राणा ,गोविंद पंडित, हरिपद पंडित, विजय राय ,जितेन मल्लीक आदि मौजूद थे।

बदली तस्वीर — गांव खिजुरिया में 100 एकड़ से अधिक जमीन पर करेली का हो रहा है उपज

## घमंड ही नहीं गुरुर है अपने किसान होने का



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के आखिरी छोर फतेहपुर प्रखंड के खिजुरिया गांव में किसानों ने लगभग 100 एकड़ से अधिक जमीन पर करेली की खेती कर मिसाल कायम किया है। गांव के किसान फुरकान अंसारी कहते हैं कि एक एकड़ जमीन में करेली खेती के लिए 20 हजार रुपए तक खर्च आता है। वही मुनाफा लगभग 80 हजार रुपए से भी ज्यादा की रहती हैं। उनका कहना है इसकी खेती के लिए अतिरिक्त संसाधन की जरूरत नहीं पड़ती है बल्कि करेली के फसल के लिए बरसात की पानी ही काफी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1995 - 96 से लगातार खिजुरिया गांव में करेली के अलावा कई अन्य सब्जियों की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है। गांव के प्रगतिशील किसान रहे स्वर्गीय अब्दुल मियां से खेती के गुर लोगों ने सिखा है। शुरुआत के समय में 5 कट्ठा, 7 कट्ठा जमीन पर खेती करना प्रारंभ किया था। लेकिन आज के समय में कई एकड़ में खेती हो रही है वर्तमान में धान, करेली, कद्दू, झींगा, भिंडी, इत्यादि कई तरह की फसलें गांव के किसान भाइयों के द्वारा लगाए गया हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 13 सौ रुपए प्रति क्विंटल करेला की बिक्री किया जा रहा है। गांव से हर रोज तीन चार, 407 वाहन के माध्यम से अन्य प्रदेशों के सब्जी मंडीयों में इस गांव की करेली सब्जी ले जाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल, बिहार के लखीसराय, मुजफ्फरपुर एवं अपने झारखंड प्रदेश के धनबाद,बोकारो,देवघर आदि मंडीयों में यहां की करेली सब्जी जाती है। संथाल पहाड़िया सेवा मंडल संस्था द्वारा किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता था। लेकिन पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से संथाल पहाड़ियां सेवा मंडल बंद एवं जर्जर स्थिति में पड़ा हुआ है। खिजुरिया गांव के किसानों ने संस्था को कई एकड़ जमीन इसलिए दान में दिया था कि यहां के लोगों को रोजगार मिले शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं रोजगार के लिए प्रशिक्षण, लेकिन अब गांव के लोग संस्था की तरफ मायूसी भरी निगाह से देखते हैं। संथाल पहाड़िया सेवा मंडल चालू नहीं हो रहा है ।अभी भी लोगों की उम्मीदें बंधी है कि चालू होने से रोजगार एवं लाभ बड़े पेमाने पर मिल सकता हैं। स्थानीय किसान स्थानीय जिला प्रशासन की ओर भी आशा लगाए बैठे हैं।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का हुआ आयोजन



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर।** केंद्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा आहुत "एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम" (EBSB) के अंतर्गत आज दिनांक 21 सितंबर 2023 को केंद्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, वाराणसी संभाग, (उत्तर प्रदेश) एवं केंद्रीय विद्यालय पासीघाट , अरुणाचल प्रदेश के बीच "वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग" गूगल मीट के द्वारा विद्यार्थी गण एक दूसरे के सांस्कृतिक परंपराएं, रीति रिवाज, कला, ऐतिहासिक विरासत, भौगोलिक विशेषताओं आदि से रूबरू हुए। विदित हो कि यह केंद्रीय विद्यालय केंद्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा किया जाने वाला एक विशिष्ट कार्यक्रम है , जिसमें एक प्रदेश के लोग दूसरे प्रदेश के लोगों के जीवन रहन-सहन भाषा और संस्कृति से परिचित होते हैं और भारत की विविधता भरी संस्कृति को और अधिक समृद्ध करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता हेतु संकल्पित होते हैं। इस 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम' में दोनों केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। केंद्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर की ओर से भाषा संगम के तहत कक्षा 9वीं की सृजा सिंह और राजनंदनी चौरसिया ने अरुणाचल की स्थानीय भाषा 'निशि' में वार्तालाप कर भाषाई विविधता के महत्त्व को प्रतिपादित किया। 11वीं की न्यासा पांडेय ने कजरी लोकनृत्य से, तो इशिका शर्मा ने अरूणाचल के विशिष्टता को ' कला - प्रदर्शन ' के द्वारा बखूबी सामने रखा। अंजली सिंह ने अरूणाचल प्रदेश के भौगोलिक विशेषताओं को ' दृश्य श्रव्य ' माध्यम से दिखाकर विद्यार्थियो में कौतूहल का विषय बना दिया। इसके अलावे दोनों केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक- दूसरे राज्य के लोक गीत, लोक नृत्य , ऐतिहासिक धरोहरों को बड़े ही मनमोहक प्रस्तुति द्वारा जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर की ओर से आकांक्षा मिश्रा और केंद्रीय विद्यालय पासीघाट की ओर से बरखा यादव ने विशिष्ट अंदाज में किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय पासीघाट के शिक्षक, श्रीमति रजनी सिन्हा, वरिष्ठ अध्यापक श्री प्रवीण और प्रभारी प्राचार्य श्री समशेर पटेल ने अपने अपने उदगार व्यक्त किए। इस 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए केंद्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के प्राचार्य श्री कौशल कुमार भारती ने विद्यार्थियों को 'विविधता में एकता' की भारतीय पहचान को और अधिक समृद्ध करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सबका आभार सह धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विषय के अध्यापक व कार्यक्रम प्रभारी श्री चन्द्र भूषण प्रसाद ने किया। इस अवसर पर मिडिया प्रभारी चारु भारद्वाज, श्रीमती शिल्पा सक्सेना, श्रीमती शालिनी मिश्रा,श्री आनन्द कुमार, रोहित कुमार, संतोष कुमार आदि शिक्षकों ने अपनी महती भूमिका निभाई।

# आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय चिंतन शिविर संपन्न हुआ



**बलरामपुर** । नीति आयोग के आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम अंतर्गत जिला मुख्यालय पर विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी महोदय श्री अरविंद सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला स्तरीय चिंतन शिविर का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संचालित किया गया। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा पूरे भारत से 500 ब्लॉक को चिन्हित किया गया है जिसमे बलरामपुर जनपद का भी एक ब्लॉक शामिल है बलरामपुर जनपद के विकास खण्ड श्रीदत्त गंज को आकांक्षी ब्लॉक के रूप में चिन्हित किया गया है । चिंतन शिविर में ब्लाक ट्रांसफॉर्मेशन स्ट्रेटेजी पर 5 थीम्स के अंतर्गत 9 सेक्टर जैसे हेल्थ, न्यूट्रीशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर,बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर , ड्रिंकिंग वाटर, सैनिटेशन,फाइनेंशियल इन्क्लूजन, सोशलडेवलपमेंट, श्रीदत्त गंज ब्लॉक को डेवलप करने को लेकर निर्धारित इंडिकेटर वार चर्चा की गई और प्रत्येक बिंदु पर स्ट्रेटेजिक थिंकिंग करते हुए रणनीति बनाया गया और सुझाव लिए गए । मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्ष महोदय ने सभी अधिकारीयों को संबोधित करते हुए कहा की प्रत्येक सेक्टर और इंडिकेटर पर बनने वाली सभी योजना बहुत ही विशिष्ट तौर पर होनी चाहिए ताकि श्रीदत्तगंज ब्लाक को एस्पिरेशनल ब्लाक से इंस्प्रेस्नल ब्लाक की तरफ ले जाया जा सके, साथ ही ये भी बताया की निति आयोग का तहत वैसे खण्डो का चयन किया गया है जो नीति आयोग के विकास के मानक से पीछे रह गया है उन्होंने सोशल मोबिलाइजेशन पर विशेष जोर देते हुए कहा की सामाजिक गतिशीलता एक शक्तिशाली माध्यम है जो हमे लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करती हैं। सभी विभागों और सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं एन.जी.ओ. तथा संबंधित लोगो को इसमें जुड़कर अपना ज़िम्मेदारी समझते हुए शत प्रतिशत योगदान देने की बात कही ,बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सभी लोगो के आग्रह किया की हम एक ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे कि विकास खण्ड श्रीदत्त गंज को नीति आयोग के मानकों पर आगे ला सकें। चिंतन शिविर की कार्यवाही एवं नीति आयोग के सूचकांकों एवं अन्य विषयों पर सभी की सहभागिता सुनिश्चित की। मुख्य रूप से समुदाय को सशक्त बनाने एवं सतत विकास को बढ़ावा देने, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि, सामाजिक विकास एवं बुनियादी संरचनाओं को लेकर कार्य योजना पर विस्तार से वर्णन किया गया तथा सभी विभागों को आदेशित किया गया की विकास खंड अधिकारी के साथ एवम नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए 2 दिवस में ब्लॉक विकास कार्य योजना बना कर जिले स्तर पर साझा करे तथा इस चिंतन शिविर में समस्त जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## खास ख़बर

### राजस्व वसूली के लिए विद्युत विभाग ने चलाया हंटर

**संवाददाता संतोष कुमार दुबे,बलरामपुर** । जिलाधिकारी, अरविन्द सिंह के निर्देशानुसार अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड जनपद बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 के माह सितम्बर 2023 के आवंटित/निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य को सन्तोषजनक स्थिति में लाते हुए माह के अन्त तक शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने, अधिक राजस्व हानि वाले चिन्हित 11केवी पोषकों को अधिक राजस्व हानि श्रेणी से बाहर करने के साथ-साथ क्षेत्रों को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति कराने हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय महाभियान को आज प्रथम दिन चलाया गया। इस महाभियान के प्रथम दिन अधिक राजस्व हानि वाले फीडरों से जनपद बलरामपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1105 कनेक्शनधारी से राजस्व वसूली रु0 38 लाख, बकाया पर संयोजन विच्छेदन 346 कनेक्शनधारी से रु0 18.22 लाख की कार्यवाही करते हुये राजस्व लाभ प्राप्त किया गया। उन्होंने बताया कि बकाये पर विच्छेदित किये जाने वाले विद्युत कनेक्शनों को तत्काल भुगतान प्राप्त होने के उपरान्त विच्छेदित किये गये कनेक्शनों को पुनः जोड़ने की कार्यवाही भी प्राथमिकता पर महाभियान के दौरान ही करायी गयी। काटे गये कनेक्शनों की निगरानी लाइन स्टाफ, क्षेत्रीय अवर अभियन्ता व उपखण्ड अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, यदि किसी भी बकायेदार विद्युत उपभोक्ता द्वारा बकाये पर काटे गये कनेक्शन को बिना भुगतान किये, पुनः जोड़कर विद्युत का उपभोग करते हुए पाया जायेगा, तो उसके विरूद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित किया जायेगा।

### थाना कोतवाली देहात मामला संख्या 404/ 2016 से संबंधित नफर वारंटी गिरफ्तार

**संवाददाता संतोष कुमार दुबे,बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक केशव कुमारके निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अकुंश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात श्री जयदीप दुबे के कुशल नेतृत्व में थाना को0 देहात पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभि0 मामला संख्या अपराध संख्या 404/ 2016 धारा 411/ 419 /420 /467/ 468/ 471 भादवी से संबंधित अभियुक्त महेश वर्मा पुत्र राम छबीले वर्मा निवासी ग्राम दुर्गापुर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया ।

### स्कूली बस में ट्रक ने मारी टक्कर चालक सहित नौ लोग घायल



**सिकंदरपुर,बलिया**। स्थानीय थाना क्षेत्र के नवानगर और नवरतनपुर के मध्य स्थित कस्तूरी महाविद्यालय के बच्चे शाम को स्कूल से छूटने के बाद स्कूली बस से अपने अपने घर जा रहे थे बस अभी नगर मोड़ पहुंची ही थी कि सामने से आ रहा ट्रक अपने बस में टक्कर मार दी टक्कर इतना जोरदार था कि बस पीछे की तरफ 10 मी सड़क के पटरी के किनारे जाकर खड़ी हो गई बस में सवार छात्राएं 18 वर्षीय नेहा वर्मा ,19 वर्षीय सिया वर्मा, 18 वर्षीय रितु वर्मा गोसाईपुर, 19 वर्षीय सविता यादव , 18 वर्षीय खुशी निवासी सिसोटार, 18 वर्षीय रंजन कुमारी काजीपुर, 22 वर्षीय निक्की राय जेठवार थाना पकड़ी, 19 वर्षीय रेशमा सिकंदरपुर व बस चालक सारिखा निवासी मलेजी कोथ घायल हो गए घायल अवस्था में स्थानीय लोगों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया ।

### जिलाधिकारी के विशेष अभियान के द्वारा 36 चकबंदी वादों का हुआ निस्तारण



**संवाददाता संतोष कुमार दुबे,बलरामपुर** । जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा राजस्व एवं चकबंदी के वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने के लिए न्याय चला जनता के द्वारा नई पहल की गई है। ग्राम स्तर पर ही ग्राम अदालत का आयोजन किया जा रहा है। तहसील उतरौला के ग्राम मस्जिदिया में ग्राम अदालत का आयोजन किया गया। ग्राम अदालत में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ओम प्रकाश द्वारा 11 वाद, चकबंदी अधिकारी द्वारा 21 वाद, सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा 04 वाद का निस्तारण किया गया।ग्राम अदालत में कुल 36 चकबंदी वादों का निस्तारण किया गया।

### कोतवाली गैसड़ी पुलिस टीम द्वारा 40 लीटर तैयार शुदा अवैध कच्ची शराब साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी थाना को0 गैसड़ी के नेतृत्व में कोतवाली गैसड़ी पुलिस टीम उ0नि0 मूलचन्द, का0 सत्येन्द्र कुमार, सूरज पटेल, अनुज कुमार, राजदेव यादव एवं आबकारी निरीक्षक श्रीमती प्रमिला रावत क्षेत्र तृतीत तुलसीपुर की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम भोजपुर थारु में आम की बाग में अभियुक्त नानबाबू पुत्र शिवपल्टन निवासी भोजपुर थारु थाना को0 गैसड़ी के पास से 40 लीटर तैयार शुदा अवैध कच्ची शराब तथा शऱाब बनाने के उपकरण बरामद कर मु0अ0सं0 108/2023 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम थाना को0 गैसड़ी जनपद बलरामपुर पंजीकृत कर अभि0 उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### अज्ञात चोरो द्वारा मन्दिर का ताला काटकर चोरी



**बलरामपुर** । बलरामपुर थाना ललिया अन्तर्गत नंदनगर फकीरीडीह गांव के दक्षिण बने श्री दुर्गा माता मंदिर से बुधवार रात अज्ञात चोरो द्वारा मन्दिर का ताला काटकर मन्दिर के अन्दर से सोलर पैनल लाइट एंप्लीफायर बाजा फूल की घंटा फूल का थाली लोटा सहित तकरीबन 15000 रूपए की समान उड़ाए। गुरुवार सुबह जब ग्रामवासी मंदिर पूजा पाठ करने पहुंचे तो उन्होंने देखा की मंदिर से सभी सामान गायब है।आसपास खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नही लगा ग्रामीण रामजस वर्मा, सियाराम



वर्मा, राजेंद्र वर्मा, राधेश्याम वर्मा, श्याम नारायण वर्मा, कृपाराम यादव, विद्याराम वर्मा, आदि लोगो ने बताया कि यह पहली बार हमारे गांव मे ऐसी घटना हुई है।

### पुलिस अधीक्षक बलरामपुर ने शिकायती प्रार्थना-पत्र लेकर आये आम-जनों की समस्याएं सुनी



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । बलरामपुर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा शिकायती प्रार्थना- पत्र लेकर आये आम-जनों की समस्याएं सुनी गई, उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये गये निर्देश इस दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायत कर्ताओं/आम-जनों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण



अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन में जागरुकता अभियान नारी सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक

**संवाददाता संतोष कुमार, बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशानुसार एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/ बालिकाओं को जानकारी देते हुए नारी सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098* व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ





यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों



पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया।

### समाजसेवी ने अपने साथियों के साथ मलिन बस्ती में जाकर गरीब परिवारों के बच्चों संग मनाया जन्मदिन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय,मरदह।** विकासखंड के हरहरी गांव में एक समाजसेवी के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर नेक पहल किया गया समाजसेवी ने अपने साथियों के साथ मलिन बस्ती में जाकर न सिर्फ गरीब परिवारों के बच्चों संग अपना जन्मदिन मनाया बल्कि इस मौके पर फल बिस्किट कॉपी पेन के साथ ही केक काटकर खुशियां बांटा।पृथ्वीपुर ग्राम पंचायत के समाजसेवी सत्यप्रकाश सिंह पप्पू ने अपने 30 वें जन्मदिवस पर हरहरी गांव के मलिन बस्ती में जाकर अपना जन्मदिन मनाया इस अवसर पर उन्होंने प्रत्येक परिवार जनों को फलदार वृक्ष भी दिया और उन्होंने कहा कि देश के आजादी के बाद से आज तक एक ऐसा समाज जिसकी चर्चा सिर्फ और सिर्फ राजनीति के उद्देश्य से किया जाता है ।

### बिना लाइसेंस, डिग्री के चल रहे करंडा में मां जीवनदायिनी क्लिनिक के नाम से अस्पताल, जिम्मेदार हैं मौन



**करंडा**। बिना लाइसेंस और डिग्री के चल रहे अस्पतालों की जिले में भरमार है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की इन पर ऐसी कृपा है कि दिन ब दिन इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। एक ऐसा ही मामला करंडा क्षेत्र के चोचकपुर में दूबे मोड़ सोनहरिया स्थित मां जीवनदायिनी क्लिनिक के नाम से बिना रजिस्ट्रेशन के हास्पिटल धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। इन हास्पिटल में महिलाओं का बेखौफ आपरेशन कर प्रसव कराया जा रहा है। लेकिन हैरानी की बात तो यह कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से करंडा से करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी पर ही बिना रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से हास्पिटल संचालित हो रहा है। सूत्रों की मानें इन अस्पताल में एक आशा है उन्हीं के भरोसे क्लिनिक के नाम पर अस्पताल चल रहा है और किसी के पास न योग्यता है न ही अस्पताल का कोई मानक। फिर भी आपरेशन से प्रसव मरीजों को कई दिन तक भर्ती कर लेते हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ऐसे लोगों के बारे में सब कुछ जानते हैं लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं होता है। अब देखना यह होगा कि सीएमओ इस हास्पिटल पर किस तरह के कार्यवाही करते हैं।

### यूपी गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**बलरामपुर जिला संवाददाता** । पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरी0 थाना पचपेड़वा द्वारा बुधवार को थाना स्थानीय की पुलिस टीम उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार सिंह, विजय यादव, राजविमल द्वारा मु0अ0सं0 198/2023 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट मे नामजद वाँछित अभियुक्त हरीराम उर्फ चरन यादव 30 वर्ष पुत्र त्रिवेणी यादव निवासी ग्राम पोखरभिटवा थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर उम्र को उसके घर पोखरभिटवा से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### रसड़ा पुलिस द्वारा 3 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार न्यायालय किया गया चालान



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो उमाकांत विश्वकर्मा, बलिया** । पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द के आदेश के अनुपालन मे अपराध नियत्रंण व संदिग्ध व वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी रसड़ा मो0 फहीम कुरैशी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रसड़ा प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना रसड़ा पुलिस टीम के उ.नि0 संदीप कुमार यादव मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-448/2023 धारा 366/370(2) भादवि. व 3/5 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम से सम्बन्धित वाँछित 03 नफर अभियुक्तगणों को 1.अशोक साहनी पुत्र मुन्ना साहनी ग्राम मुस्तफाबाद थाना रसडा जनपद बलिया 2. रमेश उर्फ रुपेश राजभर पुत्र केशव राजभर ग्राम सिलहटा थाना रसडा जनपद बलिया 3.मुख्तार राजभर पुत्र चन्द्रिका राजभर ग्राम सभा सिलहटा थाना रसड़ा बलिया को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 21.09.2023 को सिधागर घाट से समय करीब 12 बजे गिरफ्तार किया गया ।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधायक संसद में



**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे ,उत्तर प्रदेश बलरामपुर** । गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पौत्री अंजली मिश्रा ने बताया कि पुराने संसद से नए संसद की ओर सभी सांसदों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूँच किया, वहीं ऐतिहासिक विधेयक "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" को पारित करने के उद्देश्य से संसद के समक्ष प्रस्तुत किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पौत्री अंजली मिश्रा ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन करते हुए अपने ग्राम प्रवास के दौरान महिलाओं से बात चीत करते हुए यह बातें कहीं उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाया गया यह बिल भारतीय संस्कृति में उल्लिखित "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता" को चरितार्थ करता है।

**बैठक** नाली का निर्माण, सुलभ शौचालय एवं खराब पड़े इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प को अविलम्ब मरम्मत

## फल एवं सब्जी व्यापार मंडल की बैठक हुई सम्पन्न, बनायी गई आंदोलन की रुपरेखा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो उमाकांत विश्वकर्मा,रसड़ा (बलिया)**। बृहस्पतिवार को नवीन कृषि मण्डी स्थल में फल एवं सब्जी विक्रेताओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डी परिसर के अन्दर एवं बाहर के मुख्य सड़क, नाली का निर्माण, प्रकाश की व्यवस्था, सुलभ शौचालय एवं खराब पड़े इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प को अविलम्ब मरम्मत कराकर चालू कराने आदि से संबंधित गत् 18 सितम्बर को व्यापार कल्याण समिति द्वारा सभापति मण्डी समिति को दिये गये पत्रक पर चर्चा की गई। अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने कहा कि सभापति के आदेश के क्रम में सचिव ने उपनिदेशक (निर्माण), कृषि उत्पादन मण्डी समिति आजमगढ़ को पत्र लिखा है। बताया कि अगर 15 दिनों में पत्रक पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो मण्डी के व्यापारी आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस अवसर पर व्यापार कल्याण समिति के संरक्षक सुरेश चन्द, महामंत्री विनोद शर्मा, वरिष्ठ सदस्य गोपाल जी, कृष्ण कुमार गुप्त एवं आशुतोष सोनी आमंत्रित अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर फल एवं सब्जी व्यापार मंडल के नूर अली, जमशेद आलम, रिजवान अली, शौकत अली, मुमताज अहमद, जुल्फिकार अहमद, शब्बीर अहमद, वकील अहमद शकील, अमजद अली, नमजद अली रहमान आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता मोहम्मद युनूस ने की तथा संचालन मजहर अली ने किया।

## किसान दिवस में किसानों की सुनी गयी समस्याएं, किसानों की मांग छुट्टा जानवरों से दिलायी जाए निजात



**संवाददाता संतोष कुमार दुबे,बलरामपुर**। जिलाधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशानुसार आज तृतीय बुधवार को विकास भवन सभागार में उप निदेशक कृषि नरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में उपस्थित किसानों को किसान हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा उनकी समस्याओं का निराकरण कराये जाने हेतु आस्वस्थ किया गया, किसान दिवस में प्राप्त मुख्य समस्याएं नहरों में पानी पहुंचाने, आवारा पशुओं को गौशाला में संरक्षित करने, बिजली, नलकूप सहित अन्य विभाग की शिकायतें प्राप्त हुई। किसान दिवस में पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं में लगने वाली बीमारियों एवं उनके उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशुओं में होने वाली बीमारियों का टीका सभी ब्लॉकों में उपलब्ध है। उन्होंने समस्त स्टाफ को निर्देशित किया की सभी ग्रामों में पशुओं का टीकाकरण तत्काल शुरू कर दिया जाए । किसानों द्वारा किसान दिवस में बताया गया कि ललिया और आबर पैगापुर ग्राम सभा में गौशाला बनायी जाए जिससे छुट्टा जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान से निजात मिल सके। इस दौरान किसानों को विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा एफ0पी0ओ0 के साथ-साथ भारत सरकार एवं राज्य सरकार की कृषक सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राणा, कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रेषु गौतम, भूमि संरक्षण अधिकारी, सूबेदार यादव, सोम प्रकाश गुप्ता, एके0एम0 त्रिपाठी कृषि सलाहकार, कृषि विशेषज्ञ प्रज्ञा भारती, वैज्ञानिक एसके पाण्डेय, एडीओ, सहायक निबन्धक सहकारिता अमरेश मणि त्रिपाठी, जिला उद्यान अधिकारी संतोष कुमार दूबे, मत्स्य अधिकारी, एलडीएम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सिंचाई, नलकूप, दुग्ध विकास विभाग, रेशम विभाग, के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## ख़ास ख़बर

### भटक रहे है दिव्यांग, प्रखण्ड में सड़ रही है ट्राई साइकिल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज।** प्रखंड के विभिन्न गांव के दिव्यांग पिछले कई वर्षों से ट्राईसाइकिल के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। जिन्हें ट्राईसाइकिल उपलब्ध ना होने की बात कह कर पदाधिकारियों द्वारा उन्हें वापस लौटा दिया जाता। लेकिन प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पुराने भवन में रखा करीब आधा दर्जन ट्राईसाइकिल अब सड़ने के कगार पर है। अधिकारियों की अनदेखी एवं लापरवाही के चलते जरूरतमंद इसके लाभ से वंचित होकर भटक रहे हैं।प्रखण्ड के राजपुर मठिया गाव निवासी दिव्यांग पुत्र के पिता मजीद मिया,सनु पासवान, विनय सोनी अपने बच्चों के सहायक उपकरण को लेकर कई बार प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर लगा चुके है।वही दिव्यांग पुत्री के पिता अजुआ गांव निवासी अनिल प्रसाद,ने बताया कि करीब सात वर्ष पहले उनकी बेटी को एक व्हील चेयर मिला था।

### विधायक बिधूड़ी का माल्यार्पण एवं श्री धरणीधर भगवान की तस्वीर भेंट कर किया धन्यवाद ज्ञापित



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़ / गहलोत** ।सरकार द्वारा धाकड़ समाज के उत्थान के लिए धरणीधर बोर्ड का गठन करने पर बेगूं विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी का धाकड़ युवा संघ बला क्षेत्र द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया।धाकड़ युवा संघ बला क्षेत्र अध्यक्ष नवीन धाकड़ ने बताया की गहलोत सरकार द्वारा श्री धरणीधर बोर्ड का गठन करने पर धाकड़ युवा संघ एवं मंदिर समिति कार्यकर्ताओं ने विधायक बिधूड़ी को माला पहनाकर एवं धरणीधर भगवान की तस्वीर भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। धाकड़ समाज छात्रावास के लिए भूमि आवंटन की मांग हेतु विधायक बिधूड़ी को ज्ञापन दिया। जिस पर विधायक बिधूड़ी ने ग्राम पंचायत टोलु का लुहारिया में धाकड़ समाज छात्रावास के लिए 5 बीघा भूमि आवंटन करने के लिए चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर को पत्र लिखा।धन्यवाद ज्ञापित के समय कालू धाकड़ ,मांगीलाल धाकड़, विमल धाकड़,सचिन धाकड़,गोपाल धाकड़,गिरधारी धाकड़,राजेश धाकड़,नानालाल धाकड़,भागीरथ धाकड़,आशाराम धाकड़,नवीन धाकड़,दुर्गालाल धाकड़,ईश्वर धाकड़ सहित धाकड़ युवा संघ बला क्षेत्र एवं मंदिर समिति कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला शिक्षा मंत्री से



**मधुबनी संवाददाता मो सालिम आजाद** । बुधवार की देर शाम प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल विधायक श्री मुकेश कुमार यादव के सीतामढ़ी स्थित आवास पर बिहार सरकार के शिक्षामंत्री श्री चंद्रशेखर जी व माननीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री इजराइल मंसूरी जी से मुलाक़ात किया कर उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया । इस दौरानशिक्षा मंत्री श्री चंद्रशेखर ने उपस्थित शिक्षक प्रतिनिधियों से कहा कि आपलोगों के लिए शीघ्र की कुछ अच्छा होने वाला है । प्रतिनिधिमंडल में प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ, बिहार के प्रदेश सचिव जीतेन्द्र कुमार सुधांशु , तिरहुत प्रमंडल प्रभारी एजाज अहमद , सीतामढ़ी जिला कोषाध्यक्ष मो तनवीर अहमद , जिला सचिव सुकेश कुमार ,जिला संयुक्त सचिव जय प्रकाश कुमार व राहुल राज ,जिला कार्यालय सचिव उदय राय ,बाजपट्टी प्रखंड अध्यक्ष शत्रुघन कुमार , कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा , सक्रिय सदस्य ग्रिजेश कुमार ज, मो इफ़्तेख़ार शामिल थे।

### 50 लीटर देशी शराब के साथ एक एक तस्कर गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मैनाटांड़।** भंगहा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शराब तस्कर को 50 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया की शेढ़वा गांव के पास से वाहन जांच करते समय किशोर सहनी को 50 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार करके प्राथमिक की दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया गया है। शराब तस्कर की पहचान किशोर सहनी उम्र ( 38 ) गांव पिंड़ारी थाना इनरवा निवासी है। शराब करोबारी और शराब तस्करों पर भंगहा पुलिस के द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। और लगातार छापामारी की जा रही है।

# आजादी के बाद से आज तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है गांव के लोग



**बिरनी/गिरीडीह,कृष्णा वर्मा** । बिरनी प्रखंड के जोगड़िया गांव के लोग आजादी के बाद से आजतक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है आज भी इस सुदूरवर्ती गांव के लोग नदी व नाले का पानी पीने को मजबूर है ।नदी का दुसित पानी पीकर अपने प्यास बुझा रहे हैं।गांव के सबिता हेम्ब्रम बड़की दीदी देवी मुनि शांति कुमारी दुबे तारा सोरेन शिबू टुड्डू समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि आज तक इस गांव में विकाश की कोई रोशनी नही पहुच पाई है गांव में आदिवासी समुदाय के लोग रहने के बाद भी कोई सड़क चबूतरा कुवां चापाकल नही है इस गांव के लोग आज भी तीसरी दुनिया के जैसे रहने को मजबूर है शुद्ध पेयजल की सुविधा नही रहने के कारण लोग नदी के गंदे दुसित पानी पीने को मजबूर है और लोग पगडंडी के रास्ते आवागमन करते है ।साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव के लोगो का पेयजल की सुविधा नही रहने का समस्या जानने के बाद भी सांसद विधायक प्रमुख जिला परिषद सदस्य मुखिया कोई सकारात्मक पहल नही करने के कारण ग्रामीण मायूस दिख रहे हैं।लोगो ने बताया कि सिर्फ वोट के समय सभी लोग इस गांव की समस्या को दूर करने की बात व वादा करके जाते हैं और चुनाव के बाद सारी वादाये भूल जाते हैं।लोगो ने यह भी बताया कि पेयजल की सुविधा अगर दूर नही होती है तो गांव के सभी आदिवासी समुदाय के लोग आंदोलन करने को बाध्य हो जायेगें।इधर बिरनी प्रमुख रामु बैठा ने बताया कि एक चापाकल का बोरिंग किया गया लेकिन वह सफल नही हो पाया।

## लोकसभा में महिला विधेयक व चन्द्रयान 3 पास होने पर हुआ धन्यवाद प्रस्ताव पारित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चन्द्रयान 3 की सफल परीक्षण तथा लोकसभा में ध्वनी मत से पारित महिला विधेयक पास होने पर मधुबनी प्रखंड सभागार में पंचायत समिति के सदस्यों सहित भाजपा नेताओं की मौजूदगी में बुधवार को प्रखंड प्रमुख व भाजपा जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष विजया सिंह के नेतृत्व में धन्यवाद प्रस्ताव पास किया गया। प्रमुख विजया सिंह ने कहा कि देश में जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली भाजपा सरकार ने विश्व के मानस पटल पर तेजी से बढ़ते हुए ब्रिटेन को पछाड़ कर अर्थ ब्यवस्था में 5 वां नम्बर हासिल की है, गर्व की बात है। देश के वैज्ञानिकों ने अपनी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर चन्द्रयान 3 को चांद पर उतारा है उन्हें नमन व धन्यवाद है।वही चांद पर भारत का तिरंगा लहराना विश्व की पहली पसंद बन गई है। इस कार्य को ले देश के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वही जी 20 सम्मेलन में विश्व के जाने माने नेताओं ने देश की राजधानी दिल्ली में शामिल होकर भारत की चिर परिचित सेवाओं से गदगद हुये हैं। जो देश के लिये बेहतर भविष्य तय करता है। मंगलवार को लोकसभा में महिला विधेयक ध्वनि मत से पास किया गया है। इस बेहतरीन कार्यों के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को महिलाओं के तरफ से धन्यवाद देती हूं। महिलाओं के सर्वांगीण विकास हो पर कहा कि देश मे भाजपा की सरकार महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा उनके हक हुकुक की बातों को स्पष्ट रूप विधेयक में पास हुआ है, जो काबिले तरफ है। एक तरफ जहां कुछ लोगों ने महिलाओं को घर से बाहर निकलने पर पाबंदी की बात करते नजर आते थे। इस विधेयक के पास होने पर उनकी कलई की पोल खुल कर रह गई है। लोग इस मुगालते में नहीं रहें महिला भोजन बनाने का नौकरानी नहीं है।

## बडगांव पंचायत में फसल बीमा योजना में नही चलेंगी बिचौलियों की मनमानी, कार्रवाई तय - पैक्स अध्यक्ष



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** प्रखंड बगहा एक अंतर्गत बडगांव पंचायत में बडगांव प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति के अध्यक्ष अखिलेश चौबे व प्रबंधक अमीत कुमार मिश्रा ने बुधवार को पंचायत के किसानों के बीच जन जागरूकता अभियान चला कर बिहार राज्य फसल सहायता योजना खरीक 2023 मौसम हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अपील किया। कहा कि फसल बीमा योजना के लाभ लेने के लिए बिचौलियों के फिराक में नही पडें। उन्होंने बिचौलियों को चेताया है कि बडगांव पंचायत के भोली भाली किसानों को गुमराह नहीं करें। अन्यथा शिकायत मिलने पर वैसे बिचौलियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तय है। पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि फसल बीमा योजना में बिचौलियों की चांदी नही कटेंगी, किसानों को दिग्भ्रमित करने वाले अपने आप सुधर जायें। निष्पक्ष व पारदर्शिता पूर्वक किसानों को फसल बीमा योजना की लाभ निःशुल्क देने के लिए बडगांव प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति सदैव तत्पर व प्रयासरत है। कहा कि बिचौलियों की फसल बीमा योजना में मनमानी व चांदी नही कटेगी। शिकायत मिलने पर कडी से कडी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि रैयत, गैर रैयत तथा आंशिक रूप से रैयत दोनों श्रेणी के किसानों के लिए सरकार ने निःशुल्क आवेदन ऑनलाइन जमा करा रही है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के डी बी टी पोर्टल पर निबंधित किसान सीधे योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के अंतर्गत कृषि विभाग बिहार सरकार के द्वारा संधारित व सत्यापित रैयत श्रेणी के किसान बिहार राज्य फसल सहायता योजना अंतर्गत सिर्फ रैयत श्रेणी अथवा आंशिक रूप से रैयत तथा गैर रैयत दोनों श्रेणी में ही आवेदन कर सकते हैं।

# भरगामा अस्पताल के प्रभारी की लापरवाही और मनमानी को लगातार अनदेखा कर रही है विभाग: मुन्ना




**शुभ भास्कर,भरगामा अररिया।** लंबे समय से प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरगामा में अस्पताल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार की लापरवाही एवं अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। उक्त बातें पीड़ित मुन्ना मेहता ने कही। उन्होंने बताया कि क्षेत्रभर के मरीज इलाज के लिए हमेशा से ही परेशान होते रहे हैं। लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ अस्पताल प्रभारी का ड्यूटी समय में अस्पताल से गायब रहना और भरगामा हाट स्थित सावित्री कॉम्प्लेक्स में अपने निजी माँ क्लिनिक पर अवैध उगाही कर मरीजों का इलाज करना अब आम बात हो गई है। वहीं अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों एवं डाक्टरों की भी बड़े पैमाने पर लापरवाही से मरीज की मौत हो रही है। आगे उन्होंने बताया कि भरगामा अस्पताल से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं डॉक्टरों के गैर-मौजूदगी क्षेत्रभर में कुकरमुत्तों की तरह फैले झोलाछाप डॉक्टरों की मौज का कारण बन गई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार पदाधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। आपको बता दें कि भरगामा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी एवं डाक्टरों की लापरवाही मरीजों के परेशानी का सबब बन गई है। ऐसे में भरगामा अस्पताल में मरीजों को स्वास्थ्य लाभ ना मिल पाना चिंता का सबब बन गया है। वहीं क्षेत्रभर में फैले झोलाछाप डॉक्टर भी भरगामा अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी एवं डाक्टरों के ना मिलने का फायदा उठा रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र भर के मरीजों को जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरगामा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं डॉक्टर नहीं मिलते तो झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराना उनकी मजबूरी बन जाती है। वहीं इसका फायदा झोलाछाप डॉक्टर विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीजों का उल्टा सीधा इलाज कर मोटी फीस वसूल कर शोषण कर रहे हैं। इसके अलावा अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी भी मरीजों की देखभाल के स्थान पर खुद के कामों में ज्यादा व्यस्त नजर आते हैं। वहीं इलाज कराने पहुंचे मरीज के परिजन आलोक कुमार,देवकी देवी सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि मरीज की देखभाल के लिए तैनात नर्स अपने कार्यो में इतनी व्यस्त रहती है कि उन्हें मरीजों को देखभाल का भी समय नहीं रहता है। इस अस्पताल में इलाज के नाम पर सर्फ और सिर्फ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं डॉक्टर,नर्स,कर्मी तथा बिचौलिए द्वारा खानापूर्ति की जा रही है। ताकि लोग डॉक्टर संतोष कुमार के निजी माँ क्लीनिक पर इलाज करवाये और उनके द्वारा बीमारी से ग्रसित मरीजों से मोटी रकम वसूली किया जा सके।

### विधायक बिधूड़ी का माल्यार्पण एवं श्री धरणीधर भगवान की तस्वीर भेंट कर किया धन्यवाद ज्ञापित



**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़ / गहलोत** । सरकार द्वारा धाकड़ समाज के उत्थान के लिए धरणीधर बोर्ड का गठन करने पर बेगूं विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी का धाकड़ युवा संघ बला क्षेत्र द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया।धाकड़ युवा संघ बला क्षेत्र अध्यक्ष नवीन धाकड़ ने बताया की गहलोत सरकार द्वारा श्री धरणीधर बोर्ड का गठन करने पर धाकड़ युवा संघ एवं मंदिर समिति कार्यकर्ताओं ने विधायक बिधूड़ी को माला पहनाकर एवं धरणीधर भगवान की तस्वीर भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। धाकड़ समाज छात्रावास के लिए भूमि आवंटन की मांग हेतु विधायक बिधूड़ी को ज्ञापन दिया। जिस पर विधायक बिधूड़ी ने ग्राम पंचायत टोलु का लुहारिया में धाकड़ समाज छात्रावास के लिए 5 बीघा भूमि आवंटन करने के लिए चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर को पत्र लिखा।धन्यवाद ज्ञापित के समय कालू धाकड़ ,मांगीलाल धाकड़, विमल धाकड़,सचिन धाकड़,गोपाल धाकड़,गिरधारी धाकड़,राजेश धाकड़,नानालाल धाकड़,भागीरथ धाकड़,आशाराम धाकड़,नवीन धाकड़,दुर्गालाल धाकड़,ईश्वर धाकड़ सहित धाकड़ युवा संघ बला क्षेत्र एवं मंदिर समिति कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सरकारी नाले पर से अतिक्रमण नहीं हटा तो फिर से होगी मापी, अंचलाधिकारी सुजीत कुमार



**दैनिक शुभ भास्कर,फिरदौस अहमद,भागलपुर (बिहार)** । जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी के खरादी मुहल्ला में जल जमाव एवं सरकारी नाले पर अतिक्रमण को लेकर जो विवाद चल रहा था आज एक तरफ का नाले पर से अतिक्रमण हटा है वहीं दूसरी तरफ पुरैनी दक्षिणी पंचायत भवन मुख्य सड़क से होते हुए मध्य विद्यालय पुरैनी तक अतिक्रमण नहीं हटा है।मुखिया प्रतिनिधि आसीम जफर वार्ड सदस्य मुश्ताक़ पूरी जिम्मेदारी के साथ सरकारी नाले साफ सफाई का कार्य कर रहे हैं बहुत तरह की बाधाएं आ रही है अपने विधि व्यवस्था नियम के साथ ग्रामीणों के सहयोग से वर्षों से लावारिस नाले को जेसीबी से खुदाई कर सफाई करा रहे है। जिला परिषद हाशिम विकास उर्फ गुलजार राजद नेता अकबर अंसारी ने कहा कि साफ सफाई एवं अतिक्रमण कई वर्षों से खरादी मुहल्ला के लोग दंश झेल रहे हैं अब आने वाले समय में ऐसा नहीं होगा कोई भी सरकारी नाले पर अतिक्रमण नहीं करेगा और अगर कोई करता है तो विभागीय कार्रवाई होगी। बहीं सरपंच प्रतिनिधि नूर आलम उर्फ बबलू मेराज उर्फ लालू उप सरपंच वसीम समिति प्रतिनिधि अहद जहांगीर समाज सेवक अब्दुस सलाम राशिद उर्फ मिस्टर जफर अहमद शाहजहां जहांगीर अफरोज फिरोज अबू सालेह उर्फ टीपू ने कहा कि आज के हल्की सी बारिश में सड़क नाला रोड 2 से 3 फीट पानी का जल जमाव हो गया है नाले सफाई का कार्य पूरी तरह से अधूरा है जब तक निकासी नहीं होगा जल जमाव का समस्या बना रहेगा।

### शौक पूरा करने के लिए बना शातिर चोर दर्जनों लोगों को करोड़ों रुपया ठगी किया, सदर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दरभंगा।** सदर थाना के रेलवे गुमती म्यूजियम के पास से टाटा पञ्च गाड़ी सहित रौनक कुमार झा को पुलिस ने किया गिरफ्तार। बता दे कि यह शातिर चोर शौक पूरा करने के लिए वाहन चोरी एवं ठगी जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे। मधुबनी, दरभंगा ,पटना उत्तराखंड, मुंबई प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ठगी एवं वाहन चोरी करते थे। दरभंगा जिला के लक्ष्मी सागर मोहल्ले के छपकी गांव निवासी राजीव रंजन ने सदर थाना में एक आवेदन 15 जून 2023को दिया था जिसमें बताया गया था कि मधुबनी जिला के जयनगर ब्राह्मण टोल निवासी शंकर झा के पुत्र रौनक कुमार झा जो मेरे घर पर आता जाता था काफी दिनों से जान पहचान था और मेरे घर भी रुका था 14 जून 2023 को सुबह करीब 10 बजे टाटा पंच गाड़ी ट्राई करने को लेकर मांग किया और मेरी सहमति से ले गया करीब चार-पांच घंटा होने के बाद गाड़ी नहीं आया तो उनके मोबाइल नंबर पर बार-बार फोन लगाना शुरू किया मोबाइल नहीं उठाने पर शक हुआ उसके बाद 15 जून 2023 को सदर थाना में एक लिखित आवेदन देकर रौनक कुमार झा के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने मामला मामला दर्ज करके मोबाइल फोन पर लोकेशन पर कई जगह छापेमारी किया गया। वही 20 सितंबर 2023 को रात्रि करीब 12.30 बजे दरभंगा रेलवे म्यूजियम गुमती के पास गाड़ी एवं गाड़ी चोर रौनक कुमार झा को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में सदर थाना प्रभारी थाना अध्यक्ष सुभाष चंद्र मंडल , एस आई प्रियंका कुमारी, एएसआई हंस कुमार के द्वारा छापेमारी किया गया और गाड़ी सहित गाड़ी चोर को गिरफ्तार किया गया ।

**बैठक** नरेंद्र मोदी सरकार में हो रहे नारी उत्पीड़न की घटनाएं ,मणिपुर हाथरस , महिला पहलवानों के मुद्दे को उठाया

# राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ के जिला कार्यकारिणी की की एक दिवस बैठक जनता दल कार्यालय अररिया में आयोजित की गई




**रिपोर्टर मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर, अररिया** । आज राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ के जिला कार्यकारिणी की एकदिवसीय बैठक राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय अररिया में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रितु जायसवाल जी उपस्थित हुई , जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला राजद जिला अध्यक्ष लवली नवाब जी द्वारा किया गया , इस अवसर पर विशिष्ट तिथि के तौर पर राजद जिला अध्यक्ष श्री मनीष यादव जिला प्रधान महासचिव श्री मनोज विश्वास की उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल जी ने विस्तार से नरेंद्र मोदी सरकार में हो रहे नारी उत्पीड़न की घटनाएं यथा मणिपुर हाथरस और महिला पहलवानों के मुद्दे को उठाया और महिलाओं से निवेदन किया कि वह आगे आए एवं वर्तमान केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें ! कार्यक्रम को संबोधित करने वाले में महिला प्रकोष्ठ की प्रधान महासचिव सुमित्रा किसकु, फूलो दास ,गुड़िया यादव ,अंजू देवी, पिंकी जयसवाल, सोनी खातून, विमला देवी, राजकुमारी देवी, अजमेरी खातून, संजय देवी,फूल कुमारी देवी ,पूनम देवी शामिल थी वहीं इस अवसर पर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शत्रुघ्न मंडल , राजद उपाध्यक्ष जनाब सरवर आलम साहब नगर अध्यक्ष सुशील कुमार विश्वास अररिया प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नसीम नरपतगंज प्रखंड अध्यक्ष धनंजय यादव सिकटी प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव पलासी प्रखंड अध्यक्ष हेमनारायण यादव श्रमिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद ताजुद्दीन, बाबुल इनायत, जगदीश झा गुड्डू, रामनारायण विश्वास सहित सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतरने के लिए समन्वय जरोरी: परभरि मंत्री




**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी।** सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर उतारने के मद्देनजर सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। कराए जा रहे कार्यों में पुरी पारदर्शिता हो साथ ही विहित गुणवत्ता एवं तय विशिष्टियों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें। उक्त बातें भवन निर्माण मंत्री,बिहार -सह- प्रभारी मंत्री सीतामढ़ी जिला, श्री अशोक चौधरी ने विभिन्न विभागों के समीक्षात्मक बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करें इसके पूर्व जिलाधिकारी सीतामढ़ी के द्वारा माननीय मंत्री का स्वागत बूके देकर किया गया। बैठक में माननीय मंत्री जी के द्वारा निर्देश दिया गया कि जिले में प्राइवेट नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच टीम बनाकर की जाए। उन्होंने कहा कि अनधिकृत रूप से या बिना लाइसेंस के चलने वाले नर्सिंग होम या अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की जाए।जांचोपरांत अनधिकृत रूप से चलने वाले नर्सिंग होम /अल्ट्रासाउंड केंद्र के विरुद्ध नियमानुसार विधि सम्मत कार्रवाई की जाय। माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा विद्युत सप्लाई में कमी एवं पिक आवर में बिजली कटौती की बात उठाने पर , माननीय मंत्री के द्वारा विद्युत की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने के मद्देनजर सख्त निर्देश दिया गया। बैठक में जानकारी दी गई की सीतामढ़ी जिले के लिए 135 मेगावाट बिजली के की उपलब्धता जरूरी है जिसके विरुद्ध 90 से 100 मेगावाट ही बिजली उपलब्ध हो पाता है। मंत्री जी ने कहा कि इस संबंध में विभाग से बात कर समस्या के समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे जन वितरण प्रणाली दुकानों में उपलब्ध कराए गए अनाज की गुणवत्ता ठीक नहीं होने एवं उपलब्ध अनाज का वजन कम होने की शिकायत मिलने पर माननीय मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया कि संबंधित अनुमंडल अधिकारी और अनुमंडल पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से लगातार छापामारी करना सुनिश्चित करेंगे। नल जल योजना के समीक्षा के क्रम में उन्होंने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इसे लेकर वे सर्वे करते हुए प्रतिवेदन सरकार को भेजना सुनिश्चित करेंगे। निर्देश दिया कि नल- जल योजना से संबंधित आम जनों की शिकायतों की निराकरण के मद्देनजर कार्रवाई करें। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नल-जल की जिन योजनाओं का हस्तांतरण अभी तक पीएचईडी को नहीं किया गया है उसे तुरंत शिफ्ट किया जाए। बैठक में सीतामढ़ी नगर में साफ -सफाई की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्होंने नगर आयुक्त को सख्त निर्देश दिया कि इस दिशा में प्रभावी कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि डेंगू के प्रसार को रोकने को लेकर लगातार छिड़काव करना सुनिश्चित किया जाए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सदर अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में चिकित्सीय व्यवस्था को और सुदृढ़ करें। विभिन्न अंचलों में कार्य संस्कृति से संबंधित प्राप्त शिकायतों को लेकर उन्होंने सभी को सख्त निर्देशित किया कि बिचौलियों के द्वारा कार्य करने की सूचना पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। विशेष कर कर रूनी सैदपुर सोनबरसा ,बथनाहा ,पुपरी सीओ के कार्य शैली पर माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रश्न उठाये गए।पुपरी अंचल में जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर माननीय मंत्री ने पुपरी सीओ को फटकार लगाते हुए जांच करने का आदेश दिया। वही सोनबरसा सीओ के विरुद्ध प्रपत्र "क" गठित करने का आदेश दिया गया।

## ख़ास ख़बर

### विनय चौधरी को भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**बरकट्ठा।** चलकुस्सा थाना मारपीट छेड़खानी एवं चोरी की घटना के प्राथमिक अभियुक्त विनय चौधरी पिता भुनेश्वर चौधरी चलकुस्सा निवासी को गिरफ्तार कर कांड संख्या 36/23 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया इस बाबत चलकुस्सा थाना में पदस्थापित एएसआई मोहम्मद अजीज ने बताया कि विनय चौधरी पर मारपीट छेड़खानी एवं चोरी का मामला दर्ज था।

### हज़ारीबाग के 22 विद्यालयों के दो-दो शिक्षकों की मैन्युअल ट्रेनिंग आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग के निर्देश पर राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय मंडई सदर, में आज एकीकृत विज्ञान और गणित प्रयोगशाला प्राप्त 22 विद्यालयों के दो-दो शिक्षकों की मैन्युअल ट्रेनिंग आयोजित हुई । मास्टर ट्रेनर बीआरपी बड़कागांव अभय कुमार काफी सहजता से इक्विपमेंट को दिखा दिखा कर प्रशिक्षण को सरल और सुगम आने का प्रयास किए , हजारीबाग में भारी बारिश के बावजूद 100% प्रतिभागी उपस्थित हुए। एस आर पी जनार्दन प्रसाद वर्मा अपने विद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस को सभी शिक्षकों के साथ शेयर किया। प्रशिक्षण फ्रूटफुली संपन्न हुआ।

### पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री भोला प्रसाद पासवान शास्त्री की 109वीं जयंती मनाई गई



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** जिला कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस आश्रम बंजरिया पंडाल में जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय की अध्यक्षता में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री जी की 109वीं जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष सहित सभी नेताओं ने भोला पासवान जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से देश का पहला दलित मुख्यमंत्री बनें जिसने बिहार जैसे बड़े राज्य की बागडोर एक बार नहीं बल्कि तीन बार संभाली। उनकी सादगी भी ऐसी कि सियासत में आज भी उनकी मिसाल दी जाती है। वे अक्सर कई महत्वपूर्ण मीटिंग्स भी बिना किसी तामझाम के महज एक पेड़ के नीचे कर लिया करते थे। उनकी ईमानदारी ऐसी थी कि निधन के बाद उनके बैंक खाते में इतने भी पैसे नहीं थे कि ठीक से श्राद्धकर्म तक किया जा सके। आगे श्री राय ने कहा कि भोला पासवान जी मुख्यमंत्री रहते हुए जिस तरह से अपने कार्यों का निर्वाहन किया है उससे आज पूरे देश में केवल दलित समाज ही नहीं बल्कि हर इंसान को ऐसे मुख्यमंत्री पर गर्व महसूस होता है। उन्होंने देशभर में ईमानदारी की ऐसी मिसाल पेश कर दी कि आज भी लोग अपने बच्चों को नसीहत देते हुए कहते हैं कि अगर जीवन में कुछ बनना है तो भोला पासवान की तरह बनो। इस मौके पर कांग्रेस नेता प्रो०विजय शंकर पाण्डेय, मुनमुन जयसवाल, डॉ० कुमकुम सिन्हा, जग्गा राम शास्त्री, विजयकांत त्रिपाठी,टुन्नी सिंह, रामप्रवेश तिवारी, एकबाल जफीर,सतेन्द्र तिवारी, आबिद हुसैन,रामतपस्या यादव,रंजन शर्मा, अनिल राम, किशोरी सहनी,हीरालाल प्रसाद, गंगा सहनी, रोहित सिंह,अरसाद अंसारी,पिन्टू कुमार,सुजीत कुमार, हरिओम कुमार सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहें।

### इनर व्हील ने अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर पौधा लगाकर दिया शांति का संदेश

**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन ने अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाया । अध्यक्ष कुमारी अमृता के नेतृत्व में विश्व में शांति स्थापना की भावना के मद्देनजर प्रातः काल आर सी वाटिका में सभी सदस्यों के द्वारा पौधारोपण कर शांति का संदेश दिया गया। पीपी रंजीता गुप्ता ने कहा कि इनर व्हील की मूल भावना सेवा है, और सेवा से हीं शांति स्थापित की जा सकती है। विश्व में शांति स्थापना के लिए 1981 से लगातार शांति दिवस मनाया जा रहा है। सभी सदस्यों ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा पारित महिला आरक्षण बिल पर खुशी जाहिर किया। चार्टर्ड प्रेसिडेंट संगीता चित्रांश ने महिला आरक्षण बिल पास होने पर अपनी खुशी जताते हुए कहा कि हम सभी महिलाओं के लिए काफी गर्व की बात है कि 27 वर्षों से ज्यादा समय से लंबित बिल आज पारित हुआ। आधी आबादी को उचित हक और सम्मान देने का ,केंद्र सरकार की मोदी सरकार के फैसले का हम स्वागत करते है। इनर व्हील की तरफ से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दिया गया। इनर व्हील की सभी सदस्यों ने महिला आरक्षण बिल पास होने पर सभी को लड्डु खिलाया, और सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया, साथ ही साथ सफेद गुब्बारा आसमान में उड़ाकर शांति का संदेश देते हुए ,खुशी जाहिर किया गया। वहीं क्लब की एडिटर आबिदा शमीम ने महिला आरक्षण बिल पास करने को एक ऐतिहासिक कदम बताया उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों में महिलाओं को इसका लाभ भी मिल सकेगा। मौके पर वाइस प्रेसिडेंट मीरा सिंह,आईपीपी राखी शाह,पीपी रजनी कौशल, पीपी नूतन बाला, पीपी निशा देव, कोषाध्यक्ष चन्द्रलता वर्मा, लोकिता कुमारी, प्रियंका गुप्ता, कुमकुम शुक्ला ,उषा कमल, प्रीति जायसवाल, अलका सिन्हा, अंजू श्रीवास्तव, रीता वर्मा,बिंदु गुप्ता,नर्मदा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग।** राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु समाहर्ता सुलोचना मीणा, एसडीओ बरही पूनम कुजूर, डीएलएओ सदर, डीएलएओ बरही अजय भगत सभी अंचलाधिकारी मौजुद थे। बैठक में ई रेवेन्यू कोर्ट, अमीन मापी की स्थिति, म्यूटेशन, सुओ म्यूटेशन, गैर मजरूवा भूमि का चिन्हितीकरण कर मोबाइल एप्प पर जीआईएस आधारित फोटोग्राफ अपलोड़ करने, राजस्व परिशोधन पोर्टल पर नामांतरण मामले, सरकारी भूमि का राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय निःशुल्क हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी रद्द करने, बनाधिकार पट्टा के लंबित दावों का पुनः सत्यापन उपरांत निस्पादन, पीएम किसान के लाभुकों का सत्यापन सहित पोटो हो खेल मैदान के लिए स्थल चिन्हित कर योजना क्रियान्वयन हेतु भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध कराने आदि महत्वपूर्ण एजेंडे पर अंचल स्तर पर मामलों की समीक्षा उपायुक्त के द्वारा की गई। समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने अंचलाधिकारियों सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों को कहा जमीन से संबंधित मामलों के निस्पादन में तत्परता के साथ सावधानी बरतें। प्रक्रिया के तहत् एवं स्पष्ट मन्तव्य के वादों का निष्पादन करें। जमीन एवं राजस्व से जुड़े मामलों का समय निष्पादन सरकार की प्राथमिकता है। राज्य स्तर से इसकी सतत् निगरानी रखी जा रही है। ई रेवेन्यू कोर्ट में दायर वादों एवं विभिन्न अंचलों में भू मापी के मामलों की सुनवाई कर निस्पादन में तेज़ी लाने का निर्देश दिया। ऑफलाइन एवं सुओ म्यूटेशन सहित भूमि परिशोधन पोर्टल पर नामांतरण से संबंधित पोर्टल के माध्यम से निर्धारित समय सीमा के अंदर मामलों का निष्पादन करने को कहा। 90 से अधिक दिनों तक गैर निष्पादित म्यूटेशन मामलों को अंचल स्तर पर लंबित रहने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई। गैर मजुरुवा भूमि के चिन्हितिकरण एवं डिजिटलाइजेशन मोबाइल एप्प के माध्यम से करने के अभियान पर विशेष ध्यान देने और लैंड रिकॉर्ड को दुरुस्त करने पर बल देते हुए संबंधित कर्मचारियों, राजस्वकर्मियों की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित आधारभूत संरचना निर्माण कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए विभागों को निःशुल्क हस्तांतरित भूमि के मामलों में भी अंचलाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर प्रक्रिया पूर्ण कर एफआरए, ग्रामसभा आदि का प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। वनाधिकार पट्टा के ज़िला में लंबित लगभग 1379 दावों के निष्पादन के लिए वन,राजस्व एवं समिति की संयुक्त टीम को मामलों का पुनः सत्यापन कर प्रावधान के तहत् स्पष्ट मंतव्य के साथ मामलों का शत प्रतिशत निष्पादन का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पीएम किसान योजना के लाभुकों का ई केवाईसी सत्यापन हेतु तिथि निर्धारित कर कैंप आयोजित करने, प्रचार प्रसार करने साथ ही अयोग्य लाभुकों से रिकवरी अभियान में तेज़ी लाने का निर्देश सभी अंचलों को दिया। साथ ही पोटो हो खेल मैदान निर्माण के लिए बीडीओ आवश्यक भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के साथ साथ समन्वय बनाकर ग्राम, पंचायत के अलावा सरकारी विद्यालयों के परिसरों में भी जगह चिन्हित कर योजना स्वीकृत करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। आधारभूत संरचना एवं कोल कंपनी से संबंधित समीक्षा बैठक में जेएसडब्ल्यू, अदानी ग्रुप, सीसीएल, डीवीसी, जूडको, जेयूएसएनएल, एनएमडीसी आदि कंपनी के अधिकारियों, प्रतिनिधियों, प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ परियोजना से जुड़े मामलों की समीक्षा उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक के माध्यम से परियोजना के प्रारंभिक चरण एवं संचालन में प्रशासनिक स्तर पर सहयोग की चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कंपनियां अपने परियोजना को समय पर शुरू करे, ज़िला एवं प्रखंड प्रशासन इस कार्य में आवश्यक सहयोग करने के लिए तैयार है। भूमि अधिग्रहण, रैयतों को मुवावजा सहित विस्थापितों को मिलने वाली सुविधाओं के मामले पर कंपनी को स्थानीय स्तर पर अंचलों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर ग्रामीणों रैयतों के साथ आपसी सहमति, समझौता से मामलों का निष्पादन करने को कहा। साथ ही नियमित रूप से ग्रामीणों के साथ संवाद करने, संवेदनशील मामलों में स्थानीय प्रशासन से समन्वय व सहयोग कर समाधान के लिए प्रयास करने को कहा। सामुदायिक उपयोग वाले भवन के शिफ्टिंग में विस्थापितों से तालमेल कर उचित स्थल का चयन करने की बात कही।

**एनएचएआई की समीक्षा बैठकः** उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित मामलों के निष्पादन में तत्परता दिखाने को कहा उन्होंने बताया की इस प्रकार के मामले की समीक्षा पीजी पोर्टल के माध्यम से नियमित रुप से की जाती है। एनएच के प्रतिनिधि ने बताया कि बरही कोडरमा राष्ट्रीय राजमार्ग के ज्यादातर मुआवजा संबंधी मामलों को निष्पादित कर दिया गया है तथा शेष मामलो पर प्रभावितों के साथ बात कर आ रही अड़चनों को दूर कर मामले के निष्पादन करने की बात कही।राष्ट्रीय राजमार्ग दो चोरदाहा गोरहर प्रोजेक्ट में स्वीकृत 3जी अवार्ड के 333.67 करोड़ रु में से अबतक 318.15 करोड रु मुआवजा राशि वितरित किए जा चुके है तथा शेष की भुगतान की प्रक्रिया की जा रही है।स्थानियों द्वारा अवरोध उत्पन्न करने पर एनएच के प्रतिनिधि ने उपायुक्त के समक्ष तत्काल प्रशासनिक सहयोग देकर मामले के निष्पादन का आग्रह किया। पदमा, बरही, बरकठ्ठा, चौपारण, इचाक एवं हजारीबाग सदर प्रखंड में एनएच द्वारा अधिग्रहित जमीन का म्यूटेशन लंबित रहने की जानकारी दी,इस पर उपायुक्त ने यथाशीघ्र विभाग से वार्ता कर तकनीकी खामियों को दूर कर म्यूटेशन कराने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारी को दिया।

## मटवारी में वीणा मेंस पार्लर का विधायक ने किया उद्घाटन





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के मटवारी, पीटीसी रोड स्थित पेपर एंड सॉल्ट रेस्टुरेंट के नीचे वीणा मेंस पार्लर का गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल और विशिष्ठ अतिथि बरकट्ठा विधनसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। पार्लर संचालक अजीत ठाकुर एवं उनके भाई छोटू ठाकुर पारंपरिक तरीके से वर्षों के अनुभव के साथ हजारीबाग शहर में अपनी सेवाएं देने के बाद अपने अनुभव को इस नए प्रतिष्ठान के माध्यम से लोगों के बीच अपनी सेवा देकर प्रदर्शित करेंगे। संस्थान संचालक अजीत ठाकुर एवं उनके भाई छोटू ठाकुर ने संयुक्त रूप से बताया की हमारे यहां उचित दर पर सारी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं । इधर उद्घाटन के बाद हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल और भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने इस नए प्रतिष्ठान के संचालकों की जब इनके पुराने ग्राहकों से तारीफ़ सुनी तो खुद इनके गुणवत्ता और कारीगरी के अनुभव को परखने के लिए सैलून के कुर्सी में बैठ गए और सेविंग कराया। विधायक मनीष जायसवाल ने सेविंग के बाद कारीगर के हाथों के जादू की सराहना की और कहा की पारंपरिक तरीके से प्रशिक्षित लोगों का अनुभव और हुनर अतुलनीय होता है। वर्तमान डिग्री धारी सैलून कारीगर से कार्य एवं सेवा क्षेत्र में ये कारीगर किसी भी तरह से कम नहीं हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने इस नए सैलून के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी ईश्वर से की ।

## जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला कार्य समिति की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हज़ारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड के जिला अधयक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा की अध्यक्षता हज़ारीबाग सर्किट हाउस हजारीबाग संपन्न हुई । बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश महा सचिव और हजारीबाग जिले के संगठन प्रभारीअभय कुमार महतो का संगठन उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न प्रखंडों के जिला अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष और प्रदेश के नेता प्रदेश उपाध्यक्ष कूमेश्वर महतो प्रदेश सचिव अर्जुन मेहता प्रदेश सचिव मिथिलेश जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर जिला उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल जिला सचिव नज़रुल्ला अंसारी जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा युवा से प्रदीप रजक शंकर महतो बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद सदर प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा विष्णुगढ़ राहुल कुमार गुप्ता प्रदीप कुमार डाडीढ़ प्रखंड अध्यक्ष दनेश्वर महतो, छोटन पासवान नगर अध्यक्ष आसीन अंसारी महिला जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी पिंकी राणा सुजाता सिंह रीना देवी अकबर अली पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल साबिर खान वसंत मेहता की मेहता एनुअल हक आदि जिला कमेटी के सदस्य उपस्थित है भारी बारिश के बावजूद जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव और हजारीबाग के संगठन प्रभारी अभय कुमार महतो ने कहाप्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के नेतृत्व में संगठन तेजी से आगे बढ़ रहा है आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता दल यूनाइटेड भूमिका होगी। जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने जिला कार्य समिति को संबोधित करते हुए कहा की सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष बना लिए गए हैं और प्रखंड कमेटी का गठन हो रहा है।

### गणेश चतुर्थी के अवसर मेहता हास्पिटल के निदेशिका मंजु प्रसाद ने ग्रामीण को भेंट की झारखंडी वाद्य यंत्र सेट





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी, हजारीबाग।** आधुनिक और मैं पुराने भारतीय एवं झारखंडी संस्कृति के वाद्य यंत्र लुप्त होते जा रहा है वही हृदय को रोगी बनाने वाला डिजे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है सही मायने में डीजे हृदय रोग को निमंत्रण दे रहा है डीजे के कारण लोग बाहरा एवं डिप्रेशन में जा रहे हैं समझदार लोगों को पुरानी संस्कृति मंदार ढोल नगाड़े ढोलक ताशा करताल का उपयोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं त्योहार में करना चाहिए इससे इससे सारी क्यों मानसिक शांति एवं स्वास्थ्य समृद्धि मिलता है यह बातें मेहता हॉस्पिटल की निर्देशिका श्रीमती मंजू प्रसाद ने मेहता अस्पताल के कांफ्रेंस हॉल में कही साथ ही साथ उन्होंने नवाडिह पंचायत के सुदूर वरती गांव रहिया को झारखंडी वाद्य यंत्र जैसे ढोलक मंदार झाल मंजीरा करताल इत्यादि सामग्री का वितरण किया और कहां की हर शुभ कार्य को भगवान गणेश की स्मरण के बाद किया जाता है इसीलिए आज के दिन से अब लोगों को पुनः प्रकृति की ओर वापस आने की जरूरत है दिन में कम से कम 12 घंटे लोग फोन और सोशल मीडिया से दूरी बराबर बच्चों को मोबाइल फोन नहीं दे स्कूली बच्चों को बैडमिंटन क्रिकेट शतरंज के तरफ मोड़ने का प्रयास करें कंप्यूटर मोबाइल के कारण बच्चों में चिड़चिड़ापन आ रहा है जो भारत के लिए आशुभ है वाद्य यंत्र वितरण कार्यक्रम में इचाक प्रखंड प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी प्रो बीके मेहता प्रयाग मंडल रहिया गांव के कृष्णा राम गोविंद वरिष्ठ कांग्रेस नेता संदीप धवन सरफुल हक मनोज मेहता अरुण राम पंचायत अध्यक्ष बसंत राम सपना देवी मालती देवी सोनिया देवी अशोक राम इत्यादि उपस्थित है।

### मानसिक रूप से अस्वस्थ स्वैच्छिक सेवानिवृत पेंशनर को कोषागार पदाधिकारी ने घर जाकर पेंशन प्रक्रिया की पूरी



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** कोषागार पदाधिकारी उज्जवल चौरसिया ने व्यक्तिगत इच्छाशक्ति से जिला नियोजन कार्यालय, चतरा में उच्चवर्गीय लिपिक के पद पर कार्यरत पवन कुमार चौधरी जो मानसिक अस्वस्थता के कारण स्वैच्छिक सेवानिवृत हुए थे,उनके सेवानिवृति के पश्चात् पेंशन भुगतान की प्रक्रिया कुछ विसंगतियों के कारण लंबित थी। इस पर जिला कोषागार पदाधिकारी ने पहल करते हुए उनके पेंशन कागजातों की कमी को जिला नियोजन कार्यालय, चतरा से आवश्यक पत्राचार करते हुए आज दिनांक 21.09.2023 को उनके आवास जाकर उनसे पेंशन भुगतान की आवश्यक कार्रवाई पूरी की। उल्लेखनीय है कि पेंशनर को उनके पेंशन भुगतान हेतु झारखण्ड कोषागार संहिता, 2016 के नियम 231 के अनुसार स्वयं कोषागार पदाधिकारी के समक्ष अपनी उपस्थिति दिखानी पड़ती है किन्तु अगर पेंशनर अस्पताल में भर्ती हो अथवा विकलांगता के कारण कार्यालय में उपस्थित नहीं हो पा रहा हो तो कोषागार पदाधिकारी स्वयं उसके पास पहुँचकर पेंशन भुगतान हेतु उसका हस्ताक्षर ले सकते है। इसी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए कोषागार पदाधिकारी ने पवन कुमार चौधरी के पेंशन भुगतान हेतु स्वयं उनके आवास पर जा कर उनका हस्ताक्षर प्राप्त किया तथा उनके यथाशीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### एक दिवसीय कार्यशाला सह सम्मान समारोह का आयोजन





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत नगर निगम हजारीबाग के द्वारा नगर भवन परिसर में नगर निगम अंतर्गत स्वच्छता कर्मियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम नगर निगम के परिवार के द्वारा नगर निगम के द्वारा का पुस्पगुछ दे कर स्वागत किया गया इस कार्यक्रम का उदघाटन नगर निगम के प्रशासक के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुरू किया गया । तत्पश्चात एक दिवसीय कार्यशाला नगर प्रबंधक श्री राजीव रंजन के द्वारा संचालन किया गया।जिसका मुख्य बिंदु श्रोत से सुरक्षित कचरा पृथकीकरण एवम लाभ साथ ही सुरक्षित सेप्टिक टैंक की सफाई पर था। साथ ही अगस्त माह के लिए श्रेष्ठ स्वच्छता कर्मी का पुरुस्कार श्री मुन्ना राम को दिया गया। जिसकी प्रोत्साहन राशि 5000 रुपए एवम school nag है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कर्मा पूजा से पूर्व सभी कर्मियों को साड़ी दिया गया। नगर निगम के प्रशासक के आशीर्वाचनो के साथ कार्यशाला का समापन किया गया ।इस कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता, नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक ब अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**चयन** 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में होने वाले नेशनल गेम्स में बिहार के दो खिलाड़ी चयनित

## नेशनल गेम्स में बिहार टीम का हिस्सा बनी साइक्लिंग खिलाड़ी बेबी



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** मोतिहारी की साइक्लिस्ट बेबी कुमारी का चयन नेशनल गेम्स के लिए हुआ है। वह गोवा में 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक होने वाले 37वी नेशनल गेम्स में रोड साइक्लिंग इवेंट में बिहार टीम के तरफ से खेलेगी। नेशनल गेम्स के लिए राज्यवार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। बिहार से मात्र दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें पूर्वी चम्पारण जिला साइक्लिंग संघ की प्रतिभाशाली खिलाड़ी व स्थानीय मठिया डीह मोहल्ला निवासी बेबी कुमारी और पूर्णिया के विकास कुमार सिंह शामिल है। साइक्लिंग फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव ने चयनित खिलाड़ियों की सूची साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ़ बिहार के सचिव को प्रेषित कर दी है। बेबी के चयन की जानकारी साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ़ बिहार के सचिव डॉक्टर कौशल किशोर सिंह ने जिला सचिव सिद्धार्थ वर्मा को दी। बद्री साह की पुत्री, मधुबन डिग्री कॉलेज की थर्ड पार्ट की छात्रा व एनसीसी कैडेट बेबी के नेशनल गेम्स के लिए चयन का आधार इस वर्ष जनवरी में महाराष्ट्र के नासिक में साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित हुए नेशनल रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप में उम्दा खेल प्रदर्शन करना रहा। जिला साइक्लिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि नेशनल गेम्स के लिए बेबी के चयन से एसोसिएशन व खिलाड़ियों का सम्मान बढ़ा है। काफ़ी कम समय में बेबी ने अपनी मेहनत और खेल प्रदर्शन से सभी को अचंभित किया है। नियमित फिजिकल प्रैक्टिस और साइक्लिंग करने से खेल मजबूत हुआ है। जिला साइक्लिंग संघ के अध्यक्ष डॉक्टर अतुल कुमार ने कहा कि अपने खेल परफॉरमेंस से बेबी ने यह संकेत दे दिया है कि वह लंबे रेस की खिलाड़ी है। कहा कि नेशनल गेम्स में बेबी अपना बेहतर खेल प्रदर्शन करेगी। संघ के मुख्य संरक्षक व मधुबन सेंट्रल स्कूल के निदेशक रणवीर सिंह ने कहा कि इस खिलाड़ी में अपार संभावनाएं है। बेबी के चयन से जिले का खेल जगत और एसोसिएशन गौरवान्वित हुआ है। संघ के संरक्षक व एसएनएस विद्यापीठ के चेयरमैन आलोक शर्मा ने कहा कि नेशनल गेम्स में बेबी अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाएगी जिससे आगे का मार्ग प्रशस्त होगा।

**बेबी की खेल उपलब्धियां**

- जिलास्तरीय रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप की विजेता
- 2022 में स्टेट रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप में चौथा स्थान
- महाराष्ट्र के नासिक में नेशनल रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन
- झारखंड के गिरिडीह में हुए खेलो इंडिया महिला लीग मैच के दो अलग-अलग इवेंट में एक-एक गोल्ड मेडल विजेता
- खेलो इंडिया महिला लीग मैच के दो अलग-अलग इवेंट में एक-एक सिल्वर मेडल
- पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुए खेलो इंडिया महिला लीग मैच में चौथा स्थान
- हरियाणा के रोहतक में हुए खेलो इंडिया महिला मैच नेशनल में भागीदारी

## अदानी कंपनी के खिलाफ ग्रामीण और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने किया प्रदर्शन





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** राज्य में जल जंगल जमीन की हो रही लूट के खिलाफ हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। जिला समाहरणालय परिसर में अदानी कंपनी के खिलाफ बड़कागांव के ग्रामीण और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी खतियानी परिवार समता सैनिक दल संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर अदानी कंपनी वापस जाओ नारे लगाकर जोरदार आंदोलन किया। पूर्व सांसद ने कहा कि गोंदलपूरा कोल ब्लॉक जो अदानी को आवंटित किया गया है जिसमें गोंदलपूरा, गाली, बालोदर, हाहे के ग्रामीण 12 अप्रैल से धरना पर बैठे हुए हैं और उल्टे-सुनते मुकदमे में ग्रामीणों को फसाया जा रहा है जो सरासर गलत है। गैरमजरूआ जमीन वन भूमि नदी नाला तालाब श्मशान घाट की अवैध बंदोबस्ती की जा रही है जिसमें सरकारी पदाधिकारी संलिप्त है। जिले के सभी अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज ऑनलाइन में व्याप्त भ्रष्टाचार और लूट बंद किया जाए। हजारीबाग में धान की फसल अच्छी नहीं हुई है और सुख की मार किस झेल रहे हैं हजारीबाग को अभिलंब सुखार क्षेत्र घोषित किया जाए जैसे एक दर्जन मांगों पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और उनके सहयोगियों ने मांग पत्र प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी को सौपा। श्री मेहता ने कहा कि जब तक आम जनमानस को राज्य सरकार सहूलियत नहीं देती है तब तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। आज जिला मुख्यालय में धरना० प्रदर्शन किया गया है आगामी दिनों में जिले के सभी प्रखंड कार्यालय में जोरदार तरीके से आवाज बुलंद की जाएगी। धरना प्रदर्शन में सीपीआई के चांद खान निजाम अंसारी महेंद्र राम मजीद अंसारी डॉ अनवर हुसैन बाबू भाई विद्रोही समता सैनिक दल के आरपी रंजन और खतियानी परिवार के मोहम्मद हकीम सहित गोंदलपुरा के ग्रामीण मौजूद थे।

**जिले के उपायुक्त और पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों का करते है अनादर, मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने जिले के उपायुक्त नैंसी सहाय पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन की सूचना उपायुक्त और एसडीओ को चिट्ठी के माध्यम से किया गया था जिसके बाद मिलने का समय 2:30 दोपहर में लिया गया था। लेकिन उपायुक्त पूर्व जनप्रतिनिधि का और सांसद का अनादर करते हुए एसडीओ कार्यालय भेज दिए जहां एसडीओ ने भी एक दंडाधिकारी भेज कर मांग पत्र ले लिया। 15 से 20 मिनट से अधिक समय तक इंतजार उपायुक्त हजारीबाग का किया जिसके बाद सूचना दिया जाता है कि एसडीओ कार्यालय चले जाएं इससे घर अपमानित महसूस होता है।

## ख़ास ख़बर

### नौबतपुर परेवा छौरा के पास दर्दनाक हादसा, मौत

**नौबतपुर**। परेवा छौरा के पास दर्दनाक हादसा हो गया जिसमें हीरा साव45वर्ष की मृत्यु हो गयी।घटना आज सुबह की है बिहार राज्य दुर्गावती थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव के निवासी थे।पता चला कि परेवा में अपने किसी रिस्तेदार के यहाँ आये हुए थे रात्रि विश्राम बाद सुबह अपने घर गंगापुर जा रहे थे।परेवा छौरा हाइवे पर साधन का इंतजार कर रहे थे तभी एक मॉल वाहक गाड़ीDLIMA/5483ने पीछे से चक्कर मार दी जिससे कि वह गाड़ी के नीचे गिर गए ततपश्चात राहगीरों ने शोर शराबा किया फिर चालक अपना वाहन लेकर बिहार भागने लगा।वही ग्रामीणों की मदद से वाहन को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।वही ग्रामीणों के द्वाराNHAI एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाते समय ही रास्ते मे दम तोड़ दिया।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौप कर आगे की कारवाई में जुट गई।

### महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से फिर बिछड़े 04 दम्पत्ति पुनःएक साथ रहने को हुए राजी



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार के निर्देशानुसार महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर 04 परिवारों में बीच पुनःखुशियां लौटाने का लगातार सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है।इसी क्रम में दिन बुधवार को ऐसे ही 04 परिवारों से मिले पति व परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्रों पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस/मोबाइल द्वारा सूचित कर महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र पर बुलाकर पारिवारिक मूल्यों एंव महत्व को बताते हुए अथक प्रयास से समझाया बुझाया गया। दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों/गलतियों को स्वीकार कर नये सिरे से पुनःपति/पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हुये। महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र से दम्पति के बीच पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को बचाते हुये पति/पत्नी को परिजनों के साथ राजी खुशी भेजा गया।

### बुनकर व प्रबुद्ध जनों के साथ जन संवाद कार्यक्रम



**सैयद राजा, शुभ भास्कर, चंदौली**। दिनांक 20 सितंबर 2023 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन जनाब शाहनवाज आलम साहब सैयद राजा के वार्ड नंबर 10 खुशहाल अंसारी के आवास पर सैयदराजा के अल्पसंख्यक समुदाय के उलेमा, बुनकर व प्रबुद्ध जनों के साथ जन संवाद कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए इस दौरान लोगों से बातचीत के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं और हितों के बाबत भी चर्चा हुई, कहा कि भाजपा काफी दिनों से संविधान से समाजवाद और सेकुलर शब्द हटाने का प्रयास कर रही है जिसको हट जाने से अल्पसंख्यकों का भारी नुकसान ही नहीं मुल अस्तित्व खतरे में हो जाएगा, सेकूलर व समाजवाद शब्द को पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने इमरजेंसी के दौरान दौरा करने के उपरांत 15 अप्रैल 1976 में संविधान में जोड़ा था भाजपा के इस कुद्दिशत प्रयास के विरोध में उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस निरंतर जागरूकता पैदा कर रही है कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह जी भी उपस्थित रहे । उपस्थित लोगों में, रामानंद सिंह यादव, रजनीकांत पाण्डेय, मुनीर खान,औसाफ अहमद, सैयद आले अब्बास, सैयद अंसारी, शेख मोहम्मद, विश्वजीत सेठ, फखरे आलम, खुशहाल अंसारी, अख्तर अंसारी, भोनु , अयूब, सरफराज खान, खलील राइन ,आदि लोग मौजूद रहे।

### नवागत थाना अध्यक्ष के कमान संभालते ही चोरों ने चोरी करी लेकिन रहे असफल

**शुभ भास्कर, बबुरी, चंदौली**। कस्बा स्थित सिरकुटियां मोहल्ले में बुधवार की रात्रि नवागत थाना अध्यक्ष को चोरों ने दी सलामी चोरों ने कई घरों के ताला चटकाए पर चोरी करने में रहे असफल। विदित हो की बुधवार की देर रात्रि अजय तिवारी पुत्र स्वर्गीय अमरनाथ तिवारी व संजय तिवारी सुबह उठकर अपने बंगले की तरफ गए तो देखे की शटर का तालाब टूटा हुआ था शटर का ताला टूटा देख हक्का-बक्का हो गये, उन्होंने इसकी सूचना कस्बा स्थित चौकी प्रभारी को दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी। इस घटना को देखते हुए क्षेत्र में दहशत का माहौल है, इसके पहले भी क्षेत्र में कई चोरियां हो गई हैं, जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

# डीडीयू जीआरपी को मिले 24 बॉडीवार्म कैमरा, ब्लू-टूथ से लैस होगी जीआरपी



**शुभ भास्कर,चंदौली**। रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में बढ़ते अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जीआरपी को अब अपडेट किया जा रहा है।अब चलती ट्रेनों में यात्रियों को सुनाई देगी यात्रीगण सावधान। यह आवाज ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए स्कोट कर रहे जीआरपी कर्मियों के कमर में बंधे ब्लूटूथ से सुनाई देगी। वहीं जीआरपी कर्मियों के कंधे पर लगे बॉडीवार्म कैमरा की मदद से कोच में यात्रियों की गतिविधियां दर्ज होगी। इससे ट्रेनों में आपराधिक घटनाओं पर रोक लगेगी। ट्रेनों व रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस के पास है। विशेष कर अपराधिक घटनाओं को रोकने की जिम्मेदारी राजकीय रेलवे पुलिस पर है। इसके लिए चलती ट्रेनों में जीआरपी कर्मियों की ड्यूटी लागि जाती है। एक ट्रेन में दो पुलिस कर्मियों के भरोसे सुरक्षा में मुश्किल होती है। अक्सर ट्रेनों में ड्यूटीरत जीआरपी कर्मी ड्यूटी के दौरान लापरवाही करते हैं। यही नहीं आए दिन यात्रियों से सुरक्षा कर्मियों के विवाद की भी बात सामने आती है। जिससे सुरक्षा के लिए ट्रेन के कोच में सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रक्रिया शुरू हुई। बावजूद सभी ट्रेनों में कैमरे नहीं लग पाए हैं। इसको देखते हुए जीआरपी को बॉडीवार्म कैमरा उपलब्ध कराया गया है। जीआरपीकर्मी अब बॉडीवार्म कैमरा लगाकर ही ट्रेनों में ड्यूटी करेंगे। इससे ड्यूटी के दौरान स्कोटिंग के दौरान सामने की पूरी गतिविधियां कैमरे में कैद हो जाएगी। इससे ट्रेन में सवार सभी यात्रियों के चेहरे कैमरा में कैद होंगे। इससे आपराधिक घटनाओं को रोकने व अपराध करने वालों को पकड़ने में आसानी होगी। वहीं विवाद की स्थिति में भी पूरी बात कैमरे में रिकार्ड होगी। डीडीयू जीआरपी को दस बॉडी वार्म कैमरा मिले हैं। इसी तरह अब तक सिर्फ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए आवाज सुनाई देती थी। लेकिन अब यात्रा के दौरान भी जागरूकता की शुरूआत की गई है। इसके लिए जीआरपी कर्मियों को ब्लूटूथ उपलब्ध कराया गया है। इसमें रिकार्डेट आवाज सुनाई देगी। यात्री गण सावधान, कृपया दरवाजे पर अथवा खिड़की के बाहर न झांके। बदमाश आसानी से चेन आदि छीन सकते हैं। यदि कोई दुर्घटना होने पर टीटीई अथवा स्कोट कर रहे जीआरपी कर्मियो के पास चल मुदकमा दर्ज करा सकते हैं।डीडीयू जीआरपी को कुल 24 ब्लूटूथ मिले हैं।इस संबंध में डीडीयू जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि डीडीयू जीआरपी को दस बॉडीवार्म कैमरा और 24 ब्लूटूथ मिले हैं। कर्मियों को इसको चलाने का प्रशिक्षण देकर उनको दिया गया है। बिना बॉडीवार्म कैमरा और ब्लूटूथ लिए जीआरपीकर्मी ट्रेनों में नहीं चलेंगे। फिलहाल छह जीआरपी कर्मियों को बॉडीवार्म कैमरा दिया गया है। वहीं चार बॉडीवार्म कैमरा स्टेशन पर तैनात जीआरपी कर्मी लगाकर ड्यूटी कर रहे हैं। इससे अपराधिक घटनाओं पर रोक लगेगी।

# पीडीडीयू नगर में अंग वस्त्र देकर अध्यक्ष का किया गया स्वागत



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन शिप्रा ट्रेन से वितरक जोड़ो यात्रा झारखंड बिहार बंगाल उड़ीसा चार राज्य के प्रभारी राम रक्षा सिंह व धनबाद अध्यक्ष यदुनाथ मंडल भागलपुर अध्यक्ष कन्हैया यादव गया अध्यक्ष विमलेश प्रसाद आरा अध्यक्ष आनंद सिंह राहुल सिंह का गगन भेदी नारा लगाते हुए अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।इस बाबत प्रभारी राम रक्षा सिंह ने कहा कि पूरे देश में जन जागरण के द्वारा मित्र को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है एकता में ही शक्ति है हम लोगों को एक होकर सरकार को अपनी ताकत दिखाना होगा केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार हम लोगों के लिए कोई भी कल्याणकारी योजना नहीं चालू किया है। जबकि कई मांग पत्र दिया गया है कोरोना महामारी से अखबार का सेल कम हो गया है,इस कारण आमदनी भी कम हो गया है महंगाई चरम सीमा पर है वितरक पलायन कर रहे हैं लोग भुखमरी के कारागार पर हैं।सरकार को ध्यान देना ही होगा धनबाद में होने वाले अधिवेशन में आर पार की आंदोलन की रणनीति बनाया जाएगा।स्वागत करने वालों में भागवत नारायण चौरसिया,विजय जायसवाल, अमित कुमार शर्मा,धर्मेंद्र कुशवाहा,कमलेश विश्वकर्मा, राजेश सिंह,मदन यादव, बच्चन राम,विशेश्वर प्रसाद अन्य उपस्थित रहे।

### श्रद्धांजलि सभा

**चंदौली, पीडीडीयू नगर**। मुगलसराय के कालीमहाल अस्मिता नाट्य संस्थान के संरक्षक एवं प्रख्यात समाजसेवी सदानंद दूबे के आवास पर उनकी अध्यक्षता में,नाट्य रंगकर्मी विजय कुमार गुप्ता के प्रमुख संयोजन में, कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक के संचालन में काशी के नादान परिंदे साहित्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सुबाष चंद्र की भाभी श्री सुशीला देवी धर्मपत्नी नंदलाल मौर्य की लम्बी बिमारी के पश्चात् 75 वर्ष की अवस्था में स्वर्गवास की सूचना पर सर्वदलीय शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सदानंद दूबे, विजय कुमार गुप्ता, इंद्रजीत तिवारी निर्भीक, मनोज द्विवेदी जमालपुरी, राकेश अग्रवाल, संजय शर्मा गार्ड, प्रमोद अग्रहरि, कमलेश तिवारी - पत्रकार, फैयाज भाई - पत्रकार, निक्की गुप्ता, युवा कवि विनय कुमार पाण्डेय बहुमुखी, भागवत चौरसिया, अनिता कुशवाहा,अंजू चौहान सहित अनेकों लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया।



# सुसाइड प्वाइंट बन गया है रामकरन सेतु, जाली लगाने की मांग





**चहनियां**। क्षेत्र के तिरगावा गांव स्थित रामकरन सेतु आत्महत्या करने वालों के लिए मुफ़ीद स्थान साबित हो रहा है। गृह कलह, आर्थिक तंगी, बेरोजगारी आदि से हताश व निराश लोग रामकरन सेतु पर चढ़कर छलांग लगाकर अपनी इहलीला समाप्त करने की आए दिन कोशिश कर रहे हैं। कुछ अपने इस प्रयास में सफल हो जा रहे हैं, तो कुछ क्षेत्रीय नागरिकों या मल्लाहों के द्वारा बचा लिया जा रहा है। किंतु दोनों ही दशाओं में स्थिति नाजुक बनी हुई है।मालूम हो कि चंदौली और गाज़ीपुर जनपदों को जोड़ने के लिए शासन द्वारा रामकरन सेतु का निर्माण किया गया। इस पुल के बन जाने से एक तरफ जहां गाजीपुर और चंदौली के राहगीरों को दूर दराज के शहरों में आवागमन करने में सुविधा हुई, तो वहीं दूसरी तरफ इस पुल का इस्तेमाल सुसाइड करने के लिए भी कुछ लोगों द्वारा किया जाने लगा है। आए दिन युवक-युवतियों द्वारा आत्महत्या या इसकी कोशिश करना पुलिस विभाग के लिए सरदर्द भी बन गया है। कभी-कभी तो गाजीपुर जनपद की सैदपुर कोतवाली और चंदौली जनपद की मारूफपुर पुलिस चौकी के बीच सीमा विवाद भी देखने को मिलता है। जमालपुर (तिरगावा) के ग्राम प्रधान ज्ञानी जैल सिंह यादव ने बताया कि यदि प्रशासन द्वारा पुल के दोनों तरफ जाली लगा दी जाए तो आत्महत्या करने वालों में कमी आएगी। रामकरन सेतु पर जाली लगाने की मांग डॉ. शशिकांत यादव, श्यामलाल नेता, मदन, मंटू, किशन, योगेश चौधरी, बनफल प्रधान, मेहनाज़, नौशाद उर्फ सबलू, गिरेन्द्र चौधरी, संतोष विश्वकर्मा आदि ने भी की है।

### पीडीडीयू नगर में बच्ची को चोर कहकर पकड़ने के बाद उसका सार्वजनिक रूप से वीडियो वायरल करने वाले तीन युवको को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। एक बच्ची जिसकी उम्र लगभग 14 वर्ष जो अपने बुआ-फूफा( थाना मुगलसराय चन्दौली)के घर पर रहती थी । दिनांक 18/09/2023 की सुबह अपने पड़ोस के घर में चली गई,पड़ोस में रहने वाले तनवीर आलम व तौफीक आलम तथा तौहीद आलम पुत्रगण अलीहसन निवासी नईबस्ती चन्धासी मुगलसराय चन्दौली ने बच्ची को चोर कहकर पकड़ लिया तथा अपने घर के अन्दर अपनी बहन को बुलाकर अपने सामने तलाशी लेते हुए उसकी वीडियो बनाकर सार्वजनिक रूप से वायरल कर दिया। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुगलसराय द्वारा तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उपरोक्त तीनों अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पहले चंदा जुटाकर लगाई मूर्ती, फिर कर दी गायब, ग्रामीणों में फैला आक्रोश पुलिस ने किया प्रधानपति को गिरफ्तार



**शुभ भास्कर, चंदौली**। गांव की बंजर भूमि पर प्रतिमाएं लगवाने के नाम पर पहले भोले भाले ग्रामीणों से प्रधानपति ने चंदा लिया, ग्रामीणों ने भी खुशी-खुशी प्रतिमा के लिये पैसे भी दान दिये,मगर प्रधानपति की नियत में खोट निकला। प्रतिमाएं स्थापित होने के बाद फिर से प्रतिमाएं हटा ली गईं। प्रधानपति की इस हरकत से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया।जिसकी सूचना पुलिस तक पंहुची तो थाना चन्दौली पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत पर साक्ष्य सही पाए जाने के क्रम में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।घटनाक्रम के मुताबिक दिन मंगलवार को थाना चन्दौली पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बिसौरी थाना चन्दौली जनपद चन्दौली में विशेष समुदाय के लोगों द्वारा बंजर सरकारी भूमि पर प्रधानपति शशि प्रकाश मौर्य पुत्र स्व0 राममूरत मौर्य निवासी ग्राम बिसौरी थाना व जिला चन्दौली द्वारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा व संत रविदास की प्रतिमा बंजर भूमि मे रखने के लिए चन्दा के नाम पर पैसा लिया गया व प्रतिमा बिना प्रशासन की अनुमित के ही रखवा दिया गया।जिसको बाद में स्वयं द्वारा हटा भी दिया गया।जिससे लेकर ग्रामीणो में शशि प्रकाश मौर्य पुत्र स्व0 राममूरत मौर्य उपरोक्त के प्रति ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्यक्त हो गया।मौके पर प्रशासन द्वारा शान्ति व्यावस्था कायम कराई गयी चुंकि प्रधानपति शशि प्रकाश मौर्य पुत्र स्व0 राममूरत मौर्य उपरोक्त द्वारा बिना प्रशासन की अनुमित के प्रतिमा रखवाई गयी एवं जिससे ग्राम में शान्ति व्यवस्था भंग होने व संज्ञेय अपराध होने की प्रबल संभावना थी।जिसके क्रम में दिन बुधवार को पुलिस ने हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट सदर जनपद चन्दौली के समक्ष प्रस्तुत किया।माननीय न्यायालय द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रधानपति शशि प्रकाश मौर्य पुत्र स्व0 राममूरत मौर्य उपरोक्त को 14 दिवस न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार वाराणसी भेज दिया।

### पीडीडीयू नगर जुआ खेलते हुए तीन जुआड़ियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। पुलिस अधीक्षक चंदौली अनिल कुमार के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीनदयाल पांडेय के नेतृत्व में मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान क्रम में मुखबिर की सूचना पर ग्राम मोहम्मदपुर भोला यादव के बाउंड्री के पास से तीन लोगों को सार्वजनिक स्थान पर पैसे की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया।पकड़े गए लोगों नन्हकू,रईस अहमद वह जोगेन्द्र बताए जाते हैं।जिनके पास से पुलिस ने रु 4830 नगद वह ताश के 52 पत्ते बरामद किए।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर इंटर स्टेट सदभावना कप टी ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतु टीम रवाना

**शुभ भास्कर, डीडीयू नगर**। इंटर स्टेट सदभावना कप टी ट्वेंटी क्रिकेट में भाग लेने हेतु आज चंदौली क्रिकेट काउंसिल की 13 सदस्यीय टीम चयनित कर दी गयी है । उक्त के बाबत जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी शौज़ब हुसैन ने बताया कि उक्त टीम 21 सितंबर से पीएसवीआर ग्राउंड दिल्ली में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी।जिसमे कप्तान दीपक यादव , डी.जायसवाल ,विग्नेश ,प्रियांशु ,सचिन विश्वकर्मा ,अभिषेक , आदिल अमित ठाकुर , मो. नकी अहमद रज़ा ,राजन ,विशाल चौधरी, प्रशांत ,टीम कोच जय यादव टीम मैनेजर मुकेश पटेल होंगे । टीम बुधवार को साय पांच बजे महाबोधी एक्स से रवाना हुयी।

**गोष्ठी** मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि चुनाव नजदीक है हमे राजनैतिक गतिविधियों को समझना है

# समाज को एक सूत्र में पिरोना हमारा उद्देश्यः अनिल राजभर



**चहनियाँ (चंदौली)**। चहनियां स्थित मां खंवारी महिला महाविद्यालय में महाराजा सुहेलदेव प्रतिनिधि बैठक व गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने डा०श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,महाराजा सुहेलदेव राजभर व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। गायक कलाकारों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत हुआ। कार्यक्रम में आये लोगो ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। राजभर समाज के कई लोगो ने सदस्यता ली। वही लक्ष्छनपुर की समस्या को अवगत कराया । मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि चुनाव नजदीक है हमे राजनैतिक गतिविधियों को समझना है । इसके लिए हमलोग विधान सभा वार बैठक कर चुनाव में हम अपने समाज की ताकत दिखायेंगे । यहां समाज व पार्टी के लोग यहां बैठे है । इस बैठक में आप इतनी हम हर सर भगवा व हर घर भगवा का अभियान लेकर संगठन के लोग आगे बढ़ेंगे। राजभर समाज की पहचान दूसरे तरीके से बनाई जा रही है। उससे हमे सतर्क रहना चाहिए। जिन संकल्पों के साथ आप ने त्याग देकर पार्टी को आगे बढ़ाया है यह आपके बलिदान ,साहस ,मेहनत की देन है। जैसे हर महापुरुषों का सम्मान करता है वैसे ही हमारे राजा सुहेलदेव का सम्मान होना चाहिए । चितौड़ा का मैदान पर जहां महाराज सुहेलदेव ने लड़ाई लड़ी वहां जमीन देखी जा रही उनके याद में बड़ा कार्य होगा । जहां जहां सुहेलदेव की याद जुड़ी है सरकार कुछ न कुछ करने जा रही है। जो आत्मनिर्भर व सम्मान पाने की लड़ाई है अभी हम आधे रास्ते पर पहुँचे है । और ये सम्मान हर सर भगवा ,हर घर भगवा से मिलेगा। किसी दलाल के माध्यम से नही होना चाहिए। जब चुनाव आता है तो लोग हमारे समाज का दुरुपयोग करते है किन्तु ऐसा होने से हमे बचना होगा । पूरे मण्डल में हमारे संगठन की सक्रियता से हमारे समाज का डंका बज गया है । हमारे समाज के साथ हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास हो रहा है । मोदी सरकार में सबका विकास हुआ है । इस संगठन का उद्देश्य है कि हमारे समाज को अधिकार मिले । हमारा समाज मोदी जी खुद जुड़े है न की किसी दलाल के माध्यम से। पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसको हम समाज के लोग दिखा दे । हमारे समाज के नौजवान आगे बढ़कर सक्रियता दिखाये। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि शिवमंगल वियार, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा, डा० अखिलेश अग्रहरि, डा० अरबिन्द पाडेय, प्रधानपति सतीश गुप्ता, अमृत चौरसिया, दीपक जायसवाल, सतीश गुप्ता, संकठा राजभर, गोपाल राजभर, अखिलेश रसजभर,बनवारी पांडेय, सन्तोष विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता अदालती राजभर, संचालन अमरजीत राजभर व आयोजक गोपाल राजभर ने आभार ब्यक्त किया ।

# नवागत प्रशासक ने अशोक इंटर कॉलेज में लिया चार्ज



**शुभ भास्कर, बबुरी, चन्दौली**। बबुरी कस्बा स्थित अशोक इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को प्राधिकी नियंत्रण के तहत जीआईसी इंटर कॉलेज चकिया के प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव ने अशोक इंटर कॉलेज में प्रशासक के रूप में चार्ज लिया,वही राजेश कुमार यादव ने अशोक इंटर कॉलेज में चार्ज लेने से पहले अशोक इंटर कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय बालकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर फिर लिया चार्ज। चार्ज लेते ही उन्होंने मीटिंग हॉल में सारे अध्यापकों को बुलाकर संबोधित किया व सबको भरोसा दिलाया की सभी अध्यापक गण अपना काम ईमानदारी पूर्वक करें। उन्होंने सभी कमरों का निरीक्षण किया साफ-सफाई से नाखुश में वही सफाई कर्मी को अच्छी तरह से साफ सफाई करने का निर्देश दिया। पत्रकारों द्वारा प्रेस वार्ता में छात्रों से अधिक फीस वसूली के संबंध में उन्होंने बताया कि हम इसकी जांच करेंगे। बताते चलें की बबुरी बचाओ संघर्ष समिति की पहली बैठक करीब 1 वर्ष पूर्व बबुरी पोखरे पर हुई थी। इस बैठक में बबुरी निवासी विमल कुमार सिंह को संघर्ष समिति का संयोजक चुना गया। संघर्ष समिति क्षेत्रीय जनता के सहयोग से विशेष रूप से अशोक इंटर कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति की अगुवाई में अशोक इंटर कॉलेज बबुरी में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध जिला विद्यालय निरीक्षक चंदौली को ज्ञापन दिया। तत्कालीन डीआईओएस डॉ. विजय प्रकाश ने विद्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया और छात्रों से पीटीए के रूप में अवैध वसूली के संदर्भ में विस्तार से जानकारी प्राप्त किया, कोई कार्रवाई न करने पर कॉलेज के प्रधानाचार्य और बड़े बाबू का वेतन भी रोका। विश्वविद्यालय के अन्य भ्रष्टाचार का माहौल जवाब जब प्रबंधक अशोक सिंह ने नहीं दिया तब तत्कालीन दी आईओएस ने ज्वाइन डायरेक्टर वाराणसी मंडल को मंडली ऑडिट करने के संदर्भ में पत्र लिखा। मंडली ऑडिट ने प्रबंधक द्वारा अपने बेटे को अशोक इंटर कॉलेज की जमीन बेचने उसके बाद विद्यालय की जिस जमीन पर हाई स्कूल और इंटर की एग्रीकल्चर की मान्यता ली गई है, उस जमीन को अपने भांजे को ट्रस्ट के नाम पर बेचने के बारे में गंभीर आरोप लगाए। इस जमीन को बेचने में जो धन प्राप्त हुआ उसे रजिस्ट्री पेपर में प्रबंधक के निजी खर्च हेतु दिखाया गया है। डायरेक्टर ने अपनी रिपोर्ट डायरेक्टर को भेजी डायरेक्टर ने जांच पड़ताल करने के बाद पूरी रिपोर्ट शासन को भेज दिया इसके बारे में विशेष सचिव आलोक कुमार एक कक्ष में सुनवाई हेतु प्रबंधक जिला विद्यालय निरीक्षक चंदौली और अन्य अधिकारियों को बुलाया गया था। प्रबंधन पर जो भ्रष्टाचार को आरोप लगे हैं उसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए केवल उन्होंने कहा है भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी। इस भ्रष्टाचार के लिए मुझे माफ कर दीजिए। अभी इतनी अनियमितता अज्ञानता बस हुई। प्रबंधक ने अपने सारे भ्रष्टाचार को कबूल कर लिया इस आधार पर प्रमुख सचिव दीपक कुमार ने अशोक इंटर कॉलेज बबुरी को 16 D की कार्यवाही करते हुए भंग करके आदित्य नारायण गवर्नमेंट इंटर कॉलेज चकिया के प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से कंट्रोलर नियुक्त कर दिया गया। अशोक इंटर कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति ने पूरे क्षेत्रीय जनता ईमानदारी से जांच करने वाले अधिकारियों और उत्तर प्रदेश शासन को इस महान सफलता के लिए बधाई दिया है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।